हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● सोमवार ● 22.04.2024 ● वर्ष : 14 ● अंक : 269 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### दीपिका का टिकट कटा प्रदीप यादव गोड्डा से कांग्रेस के उम्मीदवार रांची से सुबोधकांत की बेटी को टिकट

**रांची :** कांग्रेस ने गोड्डा से उम्मीदवार बदल दिया है। रांची से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी ने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। गोड्डा से पूर्व में विधायक दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया था। उनका टिकट काटकर प्रदीप यादव को दे दिया गया है। प्रदीप यादव भी वर्तमान में विधायक हैं। पूर्व में वह भाजपा में भी रह चुके हैं। पार्टी ने रांची सीट से भी प्रत्याशी का एलान कर दिया है। यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को टिकट दिया है। टिकट की आस में कांग्रेस में शामिल हुए रामटहल चौधरी को निराशा हाथ लगी

### मध्य अफ्रीकी गणराज्य में नाव डूबने से 50 से अधिक लोगों की मौत

**बंगुई :** मध्य अफ्रीकी गणराज्य में यात्रियों को ले जा रही नौका के नदी में डूब जाने से उसमें सवार 58 लोगों की मौत हो गई है। नाव में क्षमता से अधिक यात्रियों के भरे होने के कारण हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने शनिवार को बताया कि 300 लोगों को ले जा रही नाव राजधानी बंगुई से गुजरने वाली मपोको नदी को पार कर रही थी, उसी समय हादसा हुआ। स्थानीय नौका चालकों और मछुआरों ने सबसे पहले बचाव अभियान शुरू किया। बचाव अभियान में शामिल मछुआरे एड्रियन मोसामो ने बताया कि सैन्यकर्मियों के पहुंचने तक 58 शव निकाले जा चुके थे। बंगुई यूनिवर्सिटी अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि जैसे-जैसे बचाव अभियान बढ़ रहा है, मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। मरने वालों की संख्या में और बढ़ोतरी का अंदेशा है।

### राजस्थान : सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत

**झालावाड़ :** झालावाड़ जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। ट्राले से वैन की टक्कर हो गई जिससे वैन सवार लोगों की मौत हो गई। वैन सवार लोग मध्यप्रदेश के खिलचीपुर के पास डूंगरी से विवाह समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। अकलेरा थाना प्रभारी संदीप बिश्नोई के अनुसार हादसा थाने से करीब 5 किलोमीटर दूर भोपाल मार्ग पर शनिवार-रविवार मध्य रात्रि करीब ढाई बजे हुआ। हादसे में वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर वैन में फंसे घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने 9 लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, एक घायल का इलाज किया जा रहा है। हादसे में अशोक कुमार (24) पुत्र घनश्याम बागरी, रोहित (16) पुत्र नंदकिशोर बागरी, हेमराज (33) पुत्र बंशीलाल बागरी, सोनू (22) पुत्र मोहनलाल बागरी, दीपक (24) पुत्र जयलाल बागरी, रविशंकर (25) पुत्र प्रेमचंद बागरी, रोहित (22) जगदीश बागरी और हरनावदा शाहजी (बारां) निवासी, रामकृष्ण (20) पुत्र प्रेमचंद, सारौला (खानपुर, झालवाड़) निवासी राहुल पुत्र प्रेमचंद की मौत हो गई। मृतकों में सात लोग अकलेरा के रहने वाले थे। बिश्नोई ने बताया कि अकलेरा कस्बे में विवाह समारोह था।

# तानाशाह मोदी सरकार को उखाड़ फेकने का इंडिया ब्लॉक का आह्वान



इंडिया ब्लॉक की उलगुलान न्याय रैली में मंच पर दिख रहे नेतागण


रैली में उमड़ी कार्यकर्ताओं व समर्थकों की भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के प्रभात तारा मैदान में इंडिया ब्लॉक के उलगुलान न्याय रैली में विपक्षी नेताओं का जुटान रहा। नेताओं ने एक स्वर से केंद्र की मोदी सरकार को तानाशाह, लोकतंत्र और संविधान केलिए खतरा करार देते हुए चुनाव में अपदस्थ करने का आह्वान किया। ईडी, सीबीआई, आयकर जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर मोदी सरकार की जमकर खिंचाई की गई। मंच के एक तरफ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जेल के सीखचों के भीतर का बड़ा कटआउट लगा था तो दूसरी तरफ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का उसी अंदाज में जेल के भीतर वाला कटआउट। मंच के सामने ही इंडिया ब्लॉक की पार्टियों के झंडे लहरा रहे थे। अनेक कार्यकर्ता हेमंत सोरेन का मुखौटा लगाये हुए संदेश दे रहे थे, मैं भी हेमंत। तेज गर्मी और शादी के लग्न के बावजूद प्रभात तारा मैदान का पंडाल खचाखच भरा हुआ था। चुनाव घोषणा के बाद यह या कहें लंबे अर्से के बाद संयुक्त दलों की इतनी बड़ी रैली हुई। मगर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, सीपीएम के वरिष्ठ नेता सीताराम येचुरी, ममता बनर्जी विभिन्न कारणों से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। रैली झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की अध्यक्षता में हुई। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मुर्मू ने जेल के भीतर से हेमंत सोरेन द्वारा भेजे गये पत्र को पढ़ा।

**संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए जुटे हैं : भगवंत मान**

मौके पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह कोई राजनीतिक रैली नहीं बल्कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लेने के लिए हम एकत्र हुए हैं। दोनों बहनें सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन के पति बहुत लोकप्रिय मुख्यमंत्री रहे हैं। ये लोगों को सहूलियत देना चाहते थे। गरीबों की मदद करना चाहते थे। काम कर रहे थे तो इन्हें जेल में डाल दिया गया। मगर उनकी सोच को कैसे कैद करोगे। उन्होंने मंच पर दो खाली कुर्सियों के बहाने भाजपा पर आक्रमण करते हुए कहा ये दोनों खाली कुर्सियां ही बीजेपी की सभी कुर्सियां खाली करा देंगी। वे समझते हैं कि जेल में डालकर आवाज दबा देंगे, पार्टी खत्म कर देंगे। मोदी की लहर की बात करते हैं। मोदी लहर पर इतना भरोसा है तो हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल से डरते क्यों हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वे चार सौ पार का नारा लगा रहे हैं मगर देश की जनता 150 भी पार नहीं होने देगी। भाजपा झारखंड के इतिहास और गौरव को मिटाना चाहती है। आपके पास मौका है, ऐसा सांसद चुनना है जो राज्य के मुद्दों पर संसद में बात करे। हेमंत सोरेन की सरकार ने आदिवासियों की बेहतरी के लिए योजनाएं बनाईं। बंद हो चुके स्कूलों को फिर से चालू कराया, बेरोजगारों को रोजगार देने, 20 गरीबों को तीन कमरे का पक्का मकान देने का काम हो रहा है। पुरानी पेंशन, सर्वजन पेंशन दे रहे हैं, पढ़ाई के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड दे रहे है। इसके अतिरिक्त उन्होंने राज सरकार द्वारा किये जा रहे काम को गिनाते हुए कहा कि यह दिल्ली की सरकार को रास नहीं आ रहा। इस सरकार को चुनाव में उखाड़ फेंकना है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने शेर को गिरफ्तार किया है उनकी दहाड़ को नहीं। झारखंड के मुख्यमंत्री और दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल भेजा, उसी वक्त वे चुनाव हार गये। अब ये लोग अन्याय पर उतर आए हैं। यहां से उठने वाली आवाज एलान कर रही है कि बदलाव का समय आ गया है। बेरोजगारी, किसानों की बदहाली को लेकर भी उन्होंने चिंता जाहिर की। रैली को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी, भाकपा माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, नेशनल कांफ्रेंस के फारूख अब्दुल्ला, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, टीएमसी के विवेक गुप्ता, कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, उनके पुत्र बसंत सोरेन आदि मंच पर थे।

### भाजपा के तीन जवाई, ईडी, आईटी और सीबीआई : तेजस्वी



तेजस्वी ने कहा, बिहार, झारखंड, दिल्ली में बेहतरीन सरकारें चल रही थीं। लेकिन बीजेपी खेमे को ये पसंद नहीं आया। बिहार में साजिश के तहत राजद-जदयू की सरकार गिरा दी गयी। दिल्ली और झारखंड के सीएम को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया है। दोनों पर ऐसे आरोप लगाये गये जिनका कोई आधार नहीं है। लेकिन बीजेपी ने जांच ऐजेंसियों का सहारा लेकर हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। कहा, लेकिन बीजेपी और पीएम नरेंद्र मोदी को नहीं भूलना चाहिये कि जेल में ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। जिन्होंने अन्याय पर न्याय की जीत दिलाई। तेजस्वी ने बीजेपी पर तंज करते हुए कहा, भाजपा के तीन जवाई। ईडी, आईटी और सीबीआई।

### जेल में डालने से हम डरने वाले नहीं : मल्लिकार्जुन



मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी गरीबों का वोट छीन लेना चाहते हैं। वह बार-बार कहते हैं कि अबकी बार 400 पार, कहा कि हमारी संसद में 543 सीटें हैं। मोदी जी कहते हैं- 400 पार। गनीमत है कि उन्होंने अब तक नहीं कहा 600 पार। खड़गे ने कहा कि गठबंधन की शक्ति इस बार इतनी है कि मोदी हो या कोई और, हमारी मजबूती को तोड़ नहीं सकते। हेमंत सोरेन को जेल में डालने से हम डरने वाले नहीं हैं। केजरीवाल को जेल में डालने से हम डरने वाले नहीं हैं। हम जनता से डरते हैं। तुम्हारे जैसे लीडरों से नहीं डरते। ऐसे 100 लीडर आते हैं, जाते हैं। लेकिन, जनता हमारी रक्षक है। देश की रक्षक है। देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षक है। इसलिए जनता सबसे बड़ी होती है। खड़गे ने कहा कि हमारे दो मुख्यमंत्री को आज जेल में डालने से हम खत्म नहीं होने वाले। कहा- मोदी जी आप खूब कोशिश करो हमको मिट्टी में दबाने की। लेकिन हम उगते रहते हैं, क्योंकि हम बीज हैं। आप कितनी भी कोशिश कर लो, देश में हर पार्टी जिंदा रहेगी। यह जम्हूरियत की खासियत है।

### छल से दोनों को जेल में डाला : सुनीता केजरीवाल



तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि साजिश के तहत छल कपट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और मेरे पति अरविंद केजरीवाल और आपके चहेते झारखंड के मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया। उन्होंने रैली में आये लोगों से सवालिया अंदाज में कहा कि उनका क्या कुसूर था। अदालत ने उन्हें गुनहगार नहीं ठहराया, कोई दोष साबित नहीं हुआ फिर भी इन्हें गुंडागर्दी और साजिश से जेल में डाल दिया। यह तानाशाही है, कहते हैं कि जांच चल रही है। लोगों का आह्वान किया कि वे ऐसी तानाशाही बर्दाश्त न करें। इस तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकें।

### 400 पार का नारा लगा रहे हैं मगर देश की जनता 150 भी पार नहीं होने देगी : चम्पाई सोरेन



झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वे चार सौ पार का नारा लगा रहे हैं मगर देश की जनता 150 भी पार नहीं होने देगी। भाजपा झारखंड के इतिहास और गौरव को मिटाना चाहती है। आपके पास मौका है, ऐसा सांसद चुनना है जो राज्य के मुद्दों पर संसद में बात करे। हेमंत सोरेन की सरकार ने आदिवासियों की बेहतरी के लिए योजनाएं बनाईं। बंद हो चुके स्कूलों को फिर से चालू कराया, बेरोजगारों को रोजगार देने, 20 गरीबों को तीन कमरे का पक्का मकान देने का काम हो रहा है। पुरानी पेंशन, सर्वजन पेंशन दे रहे हैं, पढ़ाई के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड दे रहे है। इसके अतिरिक्त उन्होंने राज सरकार द्वारा किये जा रहे काम को गिनाते हुए कहा कि यह दिल्ली की सरकार को रास नहीं आ रहा। इस सरकार को चुनाव में उखाड़ फेंकना है।

### कल्पना ने पढ़ा हेमंत का संदेश



जेल से हेमंत सोरेन द्वारा रैली के नाम भेजे गये संदेश पढ़ते हुए उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि उलगुलान की धरती पर उलगुलान न्याय महारैली में आए सभी का बिरसा कारा से हार्दिक अभिनंदन, जोहार करता हूं। आज रैली में आपके साथ नहीं हूं। विगत चार सालों से विपक्ष साजिश रचते हुए मुझे ढाई महीने से बिरसा जेल में रखा है। उसी तरह महागठबंधन दल के आम आदमी पार्टी के दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को भी दिल्ली के तिहाड़ जेल में डालकर रखा है। आजादी के बाद यह पहली बार है जब किसी पार्टी के शीर्ष नेता और मुख्यमंत्री व मंत्रियों को बेबुनियाद आरोप लगाकर जेल में डाला गया है। उलगुलान का मतलब ही है नहीं चलेगी ठगों की सरकार। गैर बीजेपी सरकार वाले राज्यों में सरकार गिराए जा रहे हैं। सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। एमपी-एमएलए की खरीद फरोख्त की जा रही है। यह देश हमें भीख में नहीं मिला है। अनगिनत शहादत दी गई है। 2014 से एनडीए सरकार ने हर वर्ग को ठगने का काम किया है। सब को ठगने का प्रयास चल रहा है। विपक्ष को कुचलने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस देश के लोकतंत्र और संविधान को खतरा है। जिस तरह से मोदी सरकार नये-नये कानून बना रही है उससे आदिवासी सर्वाधिक प्रभावित हो रहे हैं। मणिपुर जल रहा है लेकिन आजतक सरकार ने इसकी सुध तक नहीं ली है। अगर 2024 में एनडीए की सरकार बनती है तो देश और राज्य के आदिवासियों के लिए खतरा बढ़ जायेगी। झारखंड वीरों की धरती है। झारखंड के आदिवासी-मूलवासी ने अपने हक और अधिकार की लड़ाई के लिए लोहा भी मनवाया है। अलग राज्य शिबू सोरेन के नेतृत्व में मिला। जुमलेबाजों को झारखंड और देश से भी खदेड़ा जायेगा।

# बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर प्रियंका गांधी ने केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार को निशाने पर लिया

एजेंसी



**रायपुर :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में बालोद जिले के हथौद और राजनांदगाव के ग्राम मोहड़ में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान प्रियंका ने बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। सभाओं को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि चुनाव के मौके पर दो बहुत जरूरी मुद्दों को अपने मन में रखें। देश का भविष्य क्या होगा और आपकी मेहनत और संघर्ष की सुनवाई हो रही है या नहीं। उन्होंने कहा कि इस समय शादियों का मौसम है, गर्मी भी बहुत है, फिर भी आप मुझे सुनने आए हैं। उन्होंने कहा कि 45 सालों में यहां पर बेरोजगारी चरम पर है, आज हम अपने जीवन से संघर्ष कर रहे हैं, पैसे कमाते है लेकिन बचत नहीं होती, क्योंकि महंगाई बहुत है। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज बेरोजगारी कितनी बढ़ गई है, यह एक बड़ी समस्या है। किसान भी महंगाई से जूझ रहा है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ गए हैं। भाजपा के नेता कहते हैं कि हमें 400 सीट दीजिए, हम संविधान बदल देंगे। भाजपा यह बताए कि मोदी जी ने महंगाई क्यों खत्म नहीं की। यह बताएं कि बेरोजगारी क्यों दूर नहीं की गई। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बालोद वो जिला है, जहां की जनता कांग्रेस के पक्ष में खड़ी रही, चाहे हमारी सरकार ना बने। जबसे यहां भाजपा की सरकार बनी है तबसे सारी योजनाएं बंद हुई। उम्मीदवार बीरेश ठाकुर ने कहा कि मैं यहां पर न्याय के लिए लड़ने आया हूं। हमने लोकसभा के लिए 5 न्याय की गारंटी दी है, उसे अब पूरा करने का समय है। आप मौका देंगे तो हम दिल्ली में नेतृत्व करेंगे।

# शिवसेना यूबीटी के प्रचार गीत पर चुनाव आयोग को एतराज, भेजा नोटिस

एजेंसी



**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) के प्रचार गीत में जय भवानी और हिंदू हा तूजा धर्म शब्द प्रयोग करने पर चुनाव आयोग ने ऐतराज जताते हुए पार्टी अध्यक्ष उद्धव बालासाहेब ठाकरे को नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने उद्धव ठाकरे को प्रचार गीत से इन दोनों शब्दों को तत्काल हटाने का भी आदेश दिया है। उद्धव ठाकरे ने रविवार को बताया कि वे इन शब्दों को प्रचार गीत से नहीं हटाएंगे, चाहे भले चुनाव आयोग उन पर कार्रवाई करे। उद्धव ठाकरे ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने प्रचार गीत में इन शब्दों का प्रयोग मतदाताओं को जागृत करने के लिए किया है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने जय भवानी का उद्घोष करते हुए हिंदवी साम्राज्य की स्थापना की थी। अब चुनाव आयोग को जय भवानी शब्द पर ऐतराज होने लगा है। अपने देश में हम अपने देवी-देवताओं का नाम नहीं ले सकते। उद्धव ठाकरे ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग के पास प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के भाषण की क्लिप सहित शिकायती पत्र भेजा था। जिसमें इन लोगों ने धार्मिक प्रचार किया था लेकिन अभी तक चुनाव आयोग ने इसका जवाब नहीं दिया है। धार्मिक प्रचार करने पर चुनाव आयोग मोदी-शाह पर कार्यवाही नहीं कर रहा है लेकिन पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करते हुए उन्हें नोटिस जारी किया गया है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम चुनाव आयोग के नोटिस को नहीं मानेंगे और जय भवानी प्रचार गीत से नहीं निकालेंगे।

### सलमान खान आवास पर फायरिंग मामले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से होगी पूछताछ

**मुंबई :** फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास पर हुई फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ करेगी। इस संदर्भ में मुंबई पुलिस जेल प्रशासन से उसे कस्टडी में लेने के लिए आवेदन देने वाली है। साथ ही लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई को भी क्राइम ब्रांच ने वांटेड सूची में शामिल किया है और जल्द ही अनमोल के विरुद्ध लुकआऊट नोटिस जारी करने वाली है। पुलिस के अनुसार अब तक की जांच में बिश्नोई के खिलाफ कुछ सबूत और गवाह मिले हैं। जिसके आधार पर बिश्नोई भाइयों को मामले में आरोपित बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि सलमान खान के घर पर 14 अप्रैल को दो लोगों ने फायरिंग की थी। इसके बाद एक फेसबुक पोस्ट वायरल हुआ था। जिसमें लॉरेंस बिश्नोई के अनमोल बिश्नोई ने इसकी जिम्मेदारी ली थी।

# आपका एक वोट क्षेत्र की तकदीर लिखेगा : आनंद शंकर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर पलामू :** होटल ज्योतिलोक के सभागार में पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एक महत्वपूर्ण बैठक शहरी क्षेत्र में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षता में की गई। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने अध्यक्षता करते हुए कहा गांव में वोट का प्रतिशत शहर से ज्यादा होना शहर के लिए चिंतनीय है जबकि शहरी क्षेत्र में वोट के महत्व समझने वाले पढ़े लिखे लोग ज्यादा रहते । श्री शंकर ने वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यवसाईयों से कई सुझाव मांगे जिसमें कई महत्वपूर्ण सुझाव आई जिसमें ई-रिक्शा मित्र स्टैंड शहर के चार भाग में बनाने का सुझाव आया जहां लोग नंबर डायल कर महिलाएं बुजुर्ग असहाय के लिए ई रिक्शा मंगा कर बूथ तक जा सकते। सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों में अपने कर्मियों को पेड हॉलीडे देने का निर्णय लिया गया बशर्तें सेल्फी के साथ उनके उंगली में वोटर इक लगा होना चाहिए। छोटी गाड़ियां से 100 मीटर पहले तक जाने की अनुमति प्रशासन से बात की जाएगी, व्हीलचेयर की व्यवस्था, प्रचंड गर्मी को देखते हुए पर ठंडे पानी, कुर्सी, टेंट एवं ग्लूकोज की व्यवस्था, व्यवसाईयों के प्रतिष्ठानों में वोट देने आने जाने वाले लोगों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था प्रमुख है। व्यवसायों ने वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु रेस्टोरेंट, गोल्ड, ऑटोमोबाइल, मॉल, कपड़ा एवं कई चीजों में आकर्षक इंसेंटिव स्कीम दो दिनों के लिए देने की घोषणा की जिसके लिए एक कमेटी बनाई गई है जो चुनाव से पहले शानदार स्कीम की घोषणा करेगा जिसे वोट देने के उपरांत सेल्फी लेने वालों को सेल्फी दिखाने पर दी जाएगी। चेंबर अध्यक्ष ने कहा आपका एक वोट क्षेत्र की तकदीर लिखेगा। बैठक में व्यावसायिक संघ के संरक्षक नवल तुलसियान, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष धनंजय सोनी, डाल्टनगंज चेंबर के अध्यक्ष विनोद उदयपुरिया, लायंस क्लब के अध्यक्ष आलोक माथुर, स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव लाली, चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल, स्कूल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अविनाश वर्मा, समाज के अध्यक्ष सतीश साहू, ड्रग एसोसिएशन के संरक्षक अमिताभ मिश्रा, रिंकू दुबे, राजदेव उपाध्याय, प्रेम जैसवाल, राजहंस अग्रवाल एवं काफी संख्या में व्यवसाइ उपस्थित थे। बैठक में शहर के बेहतरीन केक बनाने वाली संस्था माही केक के ओनर लाली जी ने घोषणा की 13 /14 ८ को जिसका भी जन्मदिन होगा उन्हें वोट देने के उपरांत सेल्फी एवं आधार कार्ड दिखाने पर निशुल्क केक दिया जाएगा । श्री शंकर ने बताया ऐसी कई आकर्षक स्कीम और भी आएंगे। चेंबर अध्यक्ष ने बताया जल्द चैंबर की महिला विंग 18 वर्ष से ऊपर की लड़कियों को प्रोत्साहित करने के लिए जगह-जगह पर बैठक करेगा। आज की बैठक का संचालन चेंबर के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन निवेदन अग्रवाल ने किया।

## एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने एक दर्जन पंचायतों में किया प्रचार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ने लगा है वहीं मौसम में गर्मी में भी बेतहाशा वृद्धि हो रही है। ऐसे में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने शनिवार को 44 डिग्री तापमान में बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण में जनसंपर्क अभियान चलाया और रविवार की सुबह से ही रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड क्षेत्र में 42 डिग्री सेल्सियस तापमान में चिलचिलाती धूप और प्रचंड गर्मी में जंगलों और पहाड़ों से घिरे पुरुलिया और बोकारो जिले के सिमाना क्षेत्र के गांव- गली- डगर में देर शाम तक पसीना बहाते हुए जनसंपर्क और जनसंवाद करते रहे। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने अपने जनसंपर्क और जन संवाद के दौरान आगामी 20 में को होने वाले हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर वोट देकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का अपील किया। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल का गोला चौक पहुंचने पर भाजपा और राज्य के कार्यकताओं ने फूल माला पहनकर गर्मजोशी से स्वागत किया। जिसके बाद गोला प्रखंड क्षेत्र के चोकाद पंचायत स्थित ग्राम चक्रवाली से अपने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। तत्पश्चात खाखरा, ऊपर खाखरा, चोकाद, पतरातु, प्रखंड डुंडी गाछी, बेटूलकलां, बिसा, मुरुडीह, संग्रामपुर, अवराडीह, सुथरपुर, ऊपर बरगा, हेठ बरगा, बरलंगा बस्ती, सरगडीह, डिमरा, सोकला, सोनडिमरा, नावाडीह, हारूबेड़ा, कोराम्बे, घाघरा, छोटकी हेसल, पूरबडीह, रायपुरा, बाघाकुदर, बरियातू सहित अन्य गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया। जहां हर गांव में स्थानीय लोगों ने प्रचंड गर्मी के बावजूद भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मनीष जायसवाल का अभिनंदन किया और आने वाले चुनाव में पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया ।

## चौपारण में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के लिए रविवार का दिन अशुभ रहा। रविवार के अहले सुबह शादी समारोह से लौट रहे प्रखंड के दो युवकों का अलग अलग जगह पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक घायल को हजारीबाग तो दूसरे घायल को बेहतर इलाज के लिए राँची रेफर की सूचना है। पहली घटना इटखोरी में सुबह 5 बजे के करीब की बताई जाती है। जहाँ चौपारण के दैहर पंचायत के ग्राम हथिन्दर के तीन युवक एक बाइक से एक शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच इटखोरी के समीप उनका बाइक एक्सीडेंट कर गया। बाइक के एक्सीडेंट होने से उसमें सवार एक युवक कुंदन भुइयां पिता बद्री भुइयां माता आशा देवी का घटना स्थल पर ही मौत हो गया। वहीं बाइक में सवार दूसरा युवक रामचन्द्र भुइयाँ के पुत्र को बेहतर इलाज के लिए राँची रिम्स रेफर किया गया। वहीं तीसरे युवक को इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया। इस बात की जानकारी समाजसेवी नागेन्द्र कुमार कुशवाहा ने दी। वहीं घटना की खबर सुनकर बरही विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमा शंकर अकेला मृतक के घर दैहर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। मौके पर दैहर मुखिया ब्रह्मदेव भुइयाँ, कोठारी सिंह एवं अन्य उपस्तिथ थे। वहीं दूसरी घटना चतरा रोड के सवैया पुल के समीप घटी। जहां प्रखण्ड के बसरिया पंचायत के युवक सागर कुमार चंद्रवंशी पिता हरदेव चन्द्रवंशी उम्र 40 वर्ष अपने स्कूटी से इटखोरी तरफ से एक शादी समारोह से वापस अपना घर लौट रहा था। इसी बीच चतरा रोड के सवैया मोड़ के समीप किसी अज्ञात गाड़ी ने स्कूटी को अपने चपेट में ले लिया और युवक को कुचलते हुए इटखोरी तरफ फरार हो गया।

## सर्वेश्वरी समूह की डालटनगंज शाखा ने खोली पनशाला : रागिनी राय



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** श्री सर्वेश्वरी समूह की डालटनगंज शाखा द्वारा पनशाला खोला गया। पनशाला मेदिनीनगर के बाइपास रोड में स्थित ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल परिसर में खोला गया। इसकी शुरूआत समूह के स्थानीय शाखा की उपाध्यक्ष सह ब्राइट लैंड स्कूल की चैयरमैन रागिनी राय ने परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम और गुरू पद संभव राम जी की पूजा अर्चना कर की। मौके पर राय ने कहा कि परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम ने मानव सेवा को ही सबसे बडा धर्म बताया है। पलामू में भीषण गर्मी पड रही है। जैसा कि एक्सपर्ट कह रहे है उसके मुताबिक इस साल जलवायु परिवर्तन के कारण अन्य वर्षों की तुलना में इस साल अधिक गर्मी पडेगी। ऐसे में पनशाला खुलने से आम लोगों को राहत मिलेगा। श्रीमति राय ने कहा समूह सेवा के 19 सूत्री लक्ष्य को लेकर निरंतर काम कर रही है। समूह अध्यात्म के साथ समाज में सेवा का बेहतर वातावरण कायम करने के लिए सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है। मौके पर समूह के स्थानीय शाखा के व्यवस्थापक योगेंन्द्र सिंह, प्रचार मंत्री अनुराग सिंह, रंजीत राय,अजय बक्स राय, सुमन शाही, हरेराम सिंह डा नरसिंह, ललित नारायण सिंह ,सुधीर सिंह, शुभम राज आदि मौजूद थें।

## नावाडीह बाजार में अनिष्का मोबाइल स्टोर से भारी मात्रा में शराब बरामद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** पुलिस को सूचना मिली थी की बाजार में अनिष्का मोबाईल स्टोर अवैध बस से रोजाना विदेशी शराब बेचा जाता है एवं जमावड़ा लगाकर शराब का सेवन कराया जाता है जिससे आमजन का जीयन प्रस्त है। उक्त सुचना को वरीय पदाधिकारी को सूचीत करते हुए तथा उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्ययाई हेतु सन्हा दर्ज करते हुए मैं थाना प्रभारी पु०अ०नि० निलेश कुमार, चालक आरक्षी 918 सुनील यादव, थाना रिजर्व गार्ड के आरक्षी/1020 अशोक कुमार पासवान, आ0/970 शशी कुमार के साथ प्रस्थान किया। जैसे ही समय करीब 18.00 बजे नावाडीह बाजार अनिष्का मोबाईल शाप पहुंचे तो देखा कि अनिष्का मोबाईल शाप पर लोगो का जमावडा लगा हुआ है तथा पुलिस बल को देख कर सब भाग निकले। दुकान के स्वामी का नाम पता पुछने पर उन्होने अपना नाम सुधीर कुमार, उम्र-26 वर्ष, पे०-शिवनाथ प्रसाद गुप्ता, आम-नावाडीह, थाना-रामगढ़ जिला-पलामू बताया। उक्त मोबाईल दुकान में दो स्वतंत्र गवाहो के समक्ष विधिवत छापामारी किया तो पाया कि दुकान में फ्रीज में किंगफिसर स्ट्रांग बियर 650'8 पीस, गॉड फादर क्लासिक स्ट्रांग बियर 650' 9 पीस, एवं काउन्टर से स्ट्रीलिंग रिसर्व बी-7 विस्की 180 ' 09 स्त्रीी,स्ट्रीलिंग रिसर्व बी-7 विस्की 375' 06 पीस, रायल स्टेज प्रीमियर विस्की 375' 01 पीस, रायल स्टेज प्रीमियर विस्की 180' 09 पीस बरामद हुआ जिसके सबंध में दुकाम मालिक से कागजातो तथा अनुज्ञप्ति की मांग किया तो इनके द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। ततपश्चात उक्त बारामद किये शराब को दो स्वतंत्र गवाहो के समक्ष विधिवत जप्त किया एवं जप्ति सूची पर स्वेच्छा से गवाहो का हस्ताक्षर बनवाया तथा जप्ति सूची की एक प्रति दुकान मालिक को दिया।

## बीडीओ एवं जन सेवा परिषद के प्रयास से रुका बाल विवाह



प्रत्यूष नवविहार संवाददाता

**कटकमसांडी :** कटकमसांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी सबिता सिंह और जन सेवा परिषद टीम सदस्यों के संयुक्त प्रयास से बाल विवाह रोकी गई। यह मामला पबरा पंचायत ग्राम हरिना की रहने वाली मुस्कान कुमारी पिता संतोष रजक है। जिसकी उम्र अठारह वर्ष से कम थी जिसकी शादी बीस अप्रैल को होनी थी तयारी पूरी कर ली गई सभी मेहमान आ गए थे बारात भी आनी थी इसी क्रम में सीडब्ल्यूसी में इसकी सूचना मिली तत्पश्चात बीडीओ को सूचना दी गई जिससे बीडीओ सबिता सिंह समय ना गवाते हुए पुलिस दल बल के साथ उस लड़की के घर पहुंची। मां बाप और प्रशासन के बीच बॉन्ड करवाया गया और शादी रोक दी गई। सदी रोकने का आश्वासन मिलने के बाद उसके परिवार के सदस्यों को छोड़ा गया। प्रखंड की बीडीओ ने कही की बाल विवाह एक कानूनी अपराध तथा सामाजिक कुरीति भी है जिसे किसी भी कीमत पर बंद होना चाहिए प्रखंड में कहीं भी बाल विवाह का मामल आएगा तो रोकेंगे और विधि सम्मत करवाई भी होगी।जन सेवा परिषद के सचिव राम लाल प्रसाद कहते है की पिछले वर्षो से ही हमलोग बाल विवाह ,बाल श्रम ,बाल यौन उत्पीडन का मामल को कम करने के लिए जागरूकता अभियान रैली,शपथ,प्रतिनिधि से शपथ इन सभी के माध्यम से संदेश दिया है। इससे पहले भी बाल विवाह के कई मामले रोके है और आगे भी रोकने का प्रयास करेंगे । जन सेवा परिषद के सीएसडब्ल्यू मिथलेश राणा ने जानकारी देते हुए कहा की इस तरह का बाल विवाह का मामला प्रखंड क्षेत्र में नही हो इसे कम करने के लिए जागरूकत अभियान चलाया गया है और आगे भी चलाया जाएगा।सभी जनप्रतिनिधि, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धि जीवी से अपील है की इस तरह का मामल को छिपाए नही उजागर करे ताकि इसे तरह का अपराध की पुनरावृति न हो सके ।

## एक नजर

### उलगुलान न्याय महारैली की भीड़ ऐतिहासिक : साजिद

**हजारीबाग :** इंडिया गठबंधन द्वारा प्रभात तारा मैदान, धुर्वा, रांची में उलगुलान न्याय महारैली का आज अयोजन किया गया है। जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से हजारों हजार कि संख्या में इंडिया गठबंधन के ऊजार्वान नेता और कार्यकर्ता महारैली में शामिल हुए सभी लोगों ने एक स्वर में लोकसभा चुनाव जीतने का संकल्प लिया। इस महारैली में हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ने भी अपने सहभागिता सुनिश्चित करते हुए आए हुए लोगों से गठबंधन के पक्ष में अधिक से अधिक वोट करवाने का आह्वान किया जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा कि महारैली में आए हुए भीड़ अविश्वसनीय और ऐतिहासिक है यह भीड़ दशार्ती है की केंद्र सरकार से भारतीय लोग कितने त्रस्त हैं देश का हर एक व्यक्ति अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है और हर कोई न्याय के लिए इंडिया गठबंधन और देश के जननायक राहुल गांधी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं यही वजह कि लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण में स्पष्ट रूप से देखने को मिला कि नरेंद्र मोदी लोकप्रियता घटी है और हर कोई सत्ता परिवर्तन चाहता है।

### चयकला में तीन दिवसीय दुल्हा शाह बाबा उर्स 25 से

**चौपारण :** चौपारण प्रखंड के ग्राम पंचायत चयकलां में स्थित सूफी संत हजरत दुल्हा फतह उद्दीन शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैहि के तीन दिवसीय उर्स 25, 26 और 27 अप्रैल को मनाया जाएगा। अराकीने उर्स कमेटी के पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खास बात यह है कि सभी धर्मों के लोग मिलकर उर्स मनाते हैं और उर्स कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। गौरतलब हो कि हजरत दुल्हा शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैहि का उर्स हर साल हिंदी कलेंडर के दूसरे महिने वैशाख के एक से तीन तारीख तक दरगाह परिसर में मनाया जाता है। बाबा का उर्स वार्षिक मनाया जाता है। इन अवसरों पर कव्वाल अपने गायन से जायरीन को सूफियाना रंग में रंग देते हैं। उर्स के अवसरों पर बड़ी संख्या में लोग यहां बाबा के जियारत के लिए आते हैं। हजरत दुल्हा शाह बाबा के नाम से मशहूर बुजूर्ग सूफी जिनका आस्ताना ग्राम पंचायत चयकलां प्रखंड चौपारण जिला हजारीबाग में स्थित है। प्रतिवर्ष हिंदी कैलेंडर के अनुसार एक से तीन बैशाख को मजार शरीफ पर उर्स का आयोजन किया जाता है। जिसमें झारखण्ड ही नहीं बल्कि दुसरे राज्यों से जायरीन आते है। उर्स के दौरान पूरी रात महफिले समा अर्थात कव्वालियों का कार्यक्रम आयोजित होता है। जिसमें देश की मशहूर कव्वाल पार्टियां सूफियाना कलाम पैश करती हैं। साथ ही एक बड़े मेले का भी आयोजन होता है। जिसमें हजारों की संख्या में दूकाने व मनोरंजन के साधन आते हैं।

### दूध में मिलाया जा रहा धीमा जहर, कैंसर का बन रहा सबसे बड़ा कारक

**हजारीबाग :** राज्य में हीं नहीं देश में भी उत्पादन से अधिक दूध की खपत है। मांग के विपरित उत्पादन के कारण मुनाफाखोरी को लेकर बड़े पैमाने पर दूध जिसे अमृत की संज्ञा दी गई है, उसमें जहर का मिलावट किया जा रहा है। यह पॉम आयल, सर्फ, केमिकल यूरिया आदि का मिश्रण किया जा रहा है। देश में ही नहीं दुनिया भर में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इस दिशा में जन जागरुकता अभियान विभिन्न माध्यमों से चलाएंगी। यह निर्णय केंद्र स्तर पर लिया गया है और झारखंड में भी इसे लेकर व्यापक अभियान चलाया जाएगा। बाकायदा जिला अधिकारी को 22 -24 अप्रैल से पूर्व एक ज्ञापन भी सौंपा जाएंगा।

## संक्षिप्त खबरें

### श्मशान घाट सेवा समिति समाज के लिए वरदान साबित हो रही है



**बड़कागांव :** बड़कागांव में संचालित श्मशान घाट सेवा समिति, समाज के लिए वरदान साबित हो रहा है। अब तक लगभग 175 शवों की अंतिम संस्कार के लिए लोगों के बीच निशुल्क लकड़ी मुहैया कराई है। पिछले कुछ वर्षों में प्रखंड में लाश जलाने के लिए लकड़ी की समस्या देखी जा रही थी । इस समस्या का समाधान के लिए श्मशान घाट सेवा समिति का निर्माण 2 वर्ष पूर्व 2022 में की गई थी। जो धरातल पर अब तक समाज के लिए बेहतर कार्य करने वाली समिति के रूप में सामने उभर कर आने लगी है। यह समिति बड़का गांव प्रखंड के बुद्धिजीवी प्रबुद्ध जनों के द्वारा निर्माण कराया गया है। जिसमें सदस्य लोग श्मशान घाट सेवा समिति के बैंक खाते में आंशिक सहयोग राशि देकर, पुण्य के भागी बनते हैं। इसी राशि से लकड़ी की खरीदारी होती है और लोगों को अंतिम संस्कार के लिए निशुल्क लकड़ी मुहैया कराई जाती है। जिसमें कई लोग आशिक सहयोग राशि देकर पुण्य के भागी भी बनते हैं। उक्त कार्य में श्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंहा, सचिव सुभाष सिंह, केनरा बैंक मैनेजर शशि कुमार बागे, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, सुरेंद्र कुमार, बड़कागांव पूर्व रेंजर छोटेलाल साहू, पूर्व थाना प्रभारी विनोद तिर्की ,प्रवीण कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, सहेश कुमार, संदीप कुशवाह, विष्णु रजक, मीणा महतो ,नागेश्वर महतो, रमेश अग्रवाल, के अलावा कई विशिष्ट लोग श्मशान घाट सेवा समिति जुड़े हुए हैं और संस्था को सहयोग करते आ रहे हैं।

### रांची उलगुलान महारैली में संजीव बेदिया समेत सैंकड़ो झामुमो कार्यकर्ता हुए शामिल



**बड़कागांव :** रांची प्रभात तारा मैदान में आयोजित इंडिया उलगुलान महारैली में झामुमो केंद्रीय सचिव सह मुख्य संयोजक हजारीबाग संजीव कुमार के नेतृत्व व बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह की संचालन में सैकड़ो कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए। इंडिया गठबंधन जिंदाबाद हेमंत सोरेन जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा झारखंड झुकेगा नहीं के नारों के साथ लोग रांची पहुंचे व रैली में शामिल हुए। मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह,झमन प्रसाद ,जिला सोशल मीडिया सदस्य संजय भुईयां,प्रखंड सचिव सरोज मेहता, संजय करमाली, विवेक वर्मा,सुरेश यादव धीरेंद्र पासवान,चूरामन गंझू,पवन तुरी नंदकिशोर भुईयां, बसंत ठाकुर, दीपन साव,राजेंद्र भुइयां आदि सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए ।

### अरहर के बोझा में आग लगने से हजारों का नुकसान




**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा गांव में आज दोपहर 12 बजे अचानक रहर के बोझे में आग लग गई । खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है । कुंदन दूबे झारखंड पुलिस के जवान हैं जिनके घर के सामने रहर के लगभग 150 बोझा रखा हुआ था जिसमें अचानक आग लग जाने से आसपास में हड़कंप मच गया । दमकल पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी क्योंकि बगल में ही ट्रैक्टर खड़ी थी जिसका आंशिक हिस्सा आग से क्षतिग्रस्त हुआ है । जैसे ही पड़ोसियों ने शोर सुनी सारे लोग बाल्टी और डब्बा में पानी लेकर आग बुझाने दौड़े और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हवा के तेज झोंको के बीच बगल में खपड़ैल मकान में आग फैलने का खतरा था लेकिन एकजुटता का परिचय देते हुए ग्रमीणों ने आग बुझाया। आग बुझाने वालों में संदीप दूबे, भरत दूबे,सौरभ दूबे, अविनाश, विक्रांत, सुमित, मनु, रिशु, बडू सहित कई ग्रामीण शामिल थे ।

### शिक्षा के व्यापारीकरण के विरुद्ध आज होगी 47 किलोमीटर की पदयात्रा

**मेदिनीनगर (पलामू) :** मानव जीवन में शिक्षा का अहम योगदान है, इसके बिना जीवन अधूरा है। इंसान अपने जीवन के उतार चढ़ाव को सही शिक्षा पाकर आसानी से लक्ष्य प्राप्ति कर लेता है। लेकिन आज जिस प्रकार से निजी विद्यालयों के द्वारा शिक्षा को व्यवसाय बना दिया गया है, उससे मानव जीवन ही पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। अमीर हो या गरीब, नौकरी पेशा हो या आम मजदूर या किसान सभी अपने आने वाली पीढ़ी के लिए चिंतित हैं। निजी स्कूलों के द्वारा प्रत्येक वर्ष किताब का सिलेबस बदल दिया जाता है, स्कूल ड्रेस कुछ वर्ष में बदल दिया जाता है। निजी स्कूलों द्वारा अपने चयनित दुकानों से किताब, कॉपी, स्कूल ड्रेस इत्यादि लेने का दबाव बनाया जाता है। ताज्जुब तब होता है कि जब पूरी किताब से 1-2 चेप्टर बदल कर कवर का डिजाइन बदलकर किताब का मूल्य भी बढ़ा दिया जाता है। कुछ स्कूल तो ऐसे पुस्तक भी खरीदवा देते हैं जिसे सालों भर शिक्षक छुते भी नही। एडमिसन चार्ज, री एडमिसन चार्ज, बिल्डिंग डिवेलपमेंट चार्ज इत्यादि के नाम पर लाखों रुपए तक निजी स्कूल अवैध वसूली कर लेते हैं।वर्तमान स्थिति में जिस प्रकार निजी स्कूलों के द्वारा शिक्षा को व्यापार बनाकर आम जनता को लूट रही है, यह निंदनीय है। ₹ एक शिक्षा सबो का अधिकार₹ शीर्षक के साथ पलामू के आम नागरिकों ने दिनांक 22/04/2024 को पांकी के राम जानकी मंदिर के प्रांगण से प्रात: 08 :00 बजे से 47 किलोमीटर की दो दिवसीय पदयात्रा निकालने की घोषणा की गई है। यात्रा में शामिल लोग रात्रि विश्राम कुन्दरी में करेंगे एवं प्रात: पुन: 07 :00 बजे मेदिनीनगर समाहरणालय के लिए प्रस्थान करेंगे।यात्रा की समाप्ति पर उपायुक्त पलामू को एक मांग पत्र/अनुरोध पत्र सौप कर यात्रा को अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाएगा। इस यात्रा में कमलेश कुमार सिंह, बबलू चावला, मनोहर कुमार लाली, मोनू कुमार, धनन्जय राय, राकेश सिंह, इत्यादि समाजसेवियों ने अपनी सहमति प्रदान की है। इस यात्रा से जुड़ने का आह्वान किया गया है , शिक्षा के व्यापारीकरण के विरुद्ध निकाली जा रही यात्रा में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाए।

एक नजर

## जगन्नाथपुर में युवक ने भगवान की प्रतिमा को किया खंडित, गिरफ्तार

**रांची :** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के मौसीबाड़ी गोलचक्कर के पास शनिवार देर रात एक युवक ने भगवान हनुमान की प्रतिमा को खंडित कर दिया। सावल से युवक ने भगवान हनुमान के हाथ को तोड़ दिया। हालांकि इस दौरान स्थानीय लोगों को इसकी सूचना मिल गयी। इसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहयोग से आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले को लेकर मंदिर के अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने जगन्नाथपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवायी है। साथ ही आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। थाना प्रभारी हरदेव प्रसाद ने बताया कि युवक मानसिक रूप से बीमार है। उसे पकड़ लिया गया है। उसे पहले रिनपास भेजा जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## उलगुलान महारैली में आईएनडीआईए के दिग्गज नेता हुए शामिल

**रांची :** झामुमो की धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में आईएनडीआईए के कई नेता पहुंच चुके हैं। इनमें प्रमुख रूप से झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, आप सांसद संजय सिंह और उनकी पत्नी, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेता अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला सहित अन्य कई प्रमुख नेता भी इनमें शामिल हैं।

## बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में लगी जेल अदालत दो कैदी हुए रिहा



**रांची :** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने रविवार को बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में जेल अदालत का आयोजन किया। यह आयोजन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्णकांत मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में बंद नौ बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था जिसमें दो बंदी को जेल अदालत का लाभ देते हुए रिहा किया गया। रिहा किए गए कैदियों का नाम आनंद कच्छप और धनंजय तिर्की है।

# पढ़ाई, दवाई और न्याय हमारा मूल एजेंडा : सुदेश महतो

### स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स संस्थान के इलेक्शन ऑन व्हील्स कार्यक्रम में युवाओं से संवाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स संस्थान के इलेक्शन ऑन व्हील्स कार्यक्रम के तहत देश के अलग-अलग राज्यों से होकर रांची पहुंचे युवाओं ने हरमू स्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में रविवार को आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो से मुलाकात की। इस दौरान सुदेश महतो ने राज्य को विकसित बनाने को लेकर रोडमैप और झारखंड के गौरवशाली इतिहास पर विस्तृत चर्चा की। भारत के 18 राज्यों से आए विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े युवा प्रोफेशनल्स से बातचीत के इस सत्र में युवाओं ने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य, पार्टी के गठन के साथ साथ राजनीति और झारखंड आंदोलन से जुड़े विषयों पर सुदेश महतो से सवाल पूछे, जिसका उन्होंने



बारी-बारी से जवाब दिया। सुदेश महतो ने अपने राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अस्तित्व, भाषा, विचार, कला व संस्कृति की हिफाजत के लिए अलग राज्य की लड़ाई में शामिल हुआ। फिर जनता के विश्वास के साथ चुनाव में जीत हासिल की। इसके साथ उन्होंने अपने राजनीतिक सफर और संघर्ष के विभिन्न पहलुओं से युवाओं को अवगत कराते हुए इस बात पर जोर दिया कि इसके केंद्र में रहा जनसेवा। महतो ने कहा कि राजनीति को एक दिन में नहीं समझा जा सकता है। यह सभी चीजों का केंद्र है। जिज्ञासा से राजनीतिक स्तर में अंतर लाना संभव है। विकास के मानकों पर झारखंड को देश में टॉप फाइव में शुमार करने की दिशा में काम करना है। राज्य में चिमनी के धुएं से ही सिर्फ रोजगार मिलेगा यह जरूरी नहीं है। यहां पर्यटन के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं है। अपने लोगों के पलायन को रोकना, रोजगार के अन्य विकल्प तैयार करना, एक मौसम नहीं साल भार खेती हो ऐसी हमारी तैयारी है। राज्य को उसकी हैसियत पर खड़ा करना हमारा लक्ष्य। पढ़ाई, दवाई और न्याय हमारा मूल एजेंडा है। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में स्टूडेंट एक्सप्रेस, उड़ान कोचिंग, स्मार्ट स्कूल, सिल्ली स्टेडियम, आधारभूत संरचनाओं की मजबूती जैसी अन्य कई विकास कार्यों की जानकारी इलेक्शन ऑन व्हील्स के सभी प्रतिभागियों को दी गई। सिल्ली के विकास को देखने के लिए सुदेश महतो ने सभी युवाओं को सिल्ली आने का निमंत्रण दिया।

## चतरा में एक करोड़ 40 लाख की अफीम के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** गिद्धौर थाना पुलिस ने एक करोड़ 40 लाख की अफीम के साथ तस्करी के आरोपित पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से 28 किलो 85 ग्राम अफीम और दो मोबाइल फोन पुलिस ने जब्त किया है। दोनों बाहर से अफीम मंगवाकर और उसे तैयार कर पंजाब, हरियाणा समेत अन्य राज्यों में भेजते थे। आरोपितों में गिद्धौर मेन चौक निवासी महेंद्र दांगी और उसके पुत्र दीपेंद्र दांगी शामिल हैं। यह जानकारी सिमरिया एसडीपीओ अजय कुमार केसरी ने रविवार को सिमरिया स्थित कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि चतरा



एसपी विकास कुमार पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि गिद्धौर थाना क्षेत्र के बरली टोला स्थित महेंद्र दांगी के जानवर शेड में भारी मात्रा में अफीम रखा हुआ है, जिसे बाहर भेजने की तैयारी है। सूचना पर गठित छापेमारी टीम ने कार्रवाई करते हुए बरली टोला स्थित जानवर शेड पहुंचकर अफीम बरामद किया। साथ ही पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में गिद्धौर थाना कांड संख्या 28/24 के तहत एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया गया।

## मोबाइल टावर का आठ लाख का मोडम चोरी करते एक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के मांडर थाना पुलिस ने एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावर पर लगने वाला 3जी और 4 जी हाई स्पीड मोडम को चोरी करने के मामले में गणेश कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपित बिहार के पटना का रहने वाला है। इसके पास से आठ लाख कीमत का 3जी और 4 जी का हाई स्पीड मोडम एवं तीन पीस रिंच बरामद किया गया है। मांडर थाना प्रभारी राहुल ने रविवार को बताया कि काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि रांची क्षेत्र में अज्ञात चोरों के जरिये एयरटेल और अन्य टावर से 4 जी हाई स्पीड मोडम को चोरी कर लिया जा रहा है। सूचना के बाद वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार अज्ञात चारों को पकड़ने के लिए



एक टीम का गठन किया गया। टीम को अनुसंधान के क्रम में सूचना मिली कि मांडर थाना अंतर्गत महुआजाड़ी में भी टावर से 4जी हाई स्पीड मोडम की चोरी की जा रही है। त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम उक्त स्थान पर पहुंची। वहां पहुंची टीम ने एक व्यक्ति को टावर से 4जी हाई स्पीड मोडम की चोरी करते हुए पाया।

## हिम्मत थी तो पिछले पांच साल का रिपोर्ट कार्ड देते : डॉ गुरु प्रकाश पासवान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ गुरु प्रकाश पासवान ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में हिम्मत थी तो आज की रैली में पिछले पांच वर्ष का रिपोर्ट कार्ड देते। जनता को बताते कि पिछले 5 साल में उन्होंने झारखंड के लिए क्या किया है। पिछले पांच साल में उनके द्वारा किए गए दावे और वादे सब खोखले रहे। उन्होंने पांच लाख नौकरियां देने का वादा किया था। हर साल एक जेपीएससी कराने की बात कही थी। सरकार के मंत्री का कहना है कि अब तक झारखंड में महज जेपीएससी से 400 नीतियां हुई है। उन्होंने कहा कि उनके पास बताने के लिए कुछ नहीं था। यही कारण है कि नकारात्मकता के आधार पर राजनीति कर रहे हैं। वे हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में रविवार को संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि रैली में मंच साझा करने वाली पार्टियां का भी यही हाल है। उन्होंने कहा कि मंच साझा करने वाली पार्टियां झारखंड की निमार्ता नहीं क्रेता और विक्रेता रही हैं। आदिवासी हित की बात इनके मुंह शोभा नहीं देती है। देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी बेटी के बैठने के पर भी उनके नेताओं द्वारा लगातार अपशब्द कहा गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आदिवासी बेटी को दिया गया सम्मान सहन नहीं हुआ। डॉ पासवान ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला सामाजिक न्याय और संविधान की बात करते हैं। कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद ही वहां आदिवासी, दलित और महिलाओं को सम्मान और हक मिला है। आरक्षण लागू हुआ है।

## ब्रेक बाइंडिंग के चलते लुधियाना-धनबाद एक्सप्रेस के पहियों में लगी आग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** लुधियाना धनबाद एक्सप्रेस (13308) ट्रेन रविवार की सुबह ब्रेक बाइंडिंग के बाद बड़ी दुर्घटना से बच गई। रविवार सुबह 7:15 बजे गाड़ी के कोडरमा जिला अंतर्गत परसाबाद रेलवे स्टेशन पार करने के बाद रेलवे कर्मी की नजर इंजन से सटे बोगी के नीचे पहिया के पास से धुआं और आग की निकलती लपटों पर पड़ी। इसकी सूचना तुरन्त चौबे रेलवे स्टेशन को दी गई। वहां ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर ने गाड़ी को चौबे स्टेशन पर आपातकालीन स्थिति में सुबह 7:21 बजे रुकवाया। इसके बाद रेलवे कर्मियों की मदद व अग्निशमन यंत्र के माध्यम से




धधकती आग पर काबू पाया गया। उस बोगी को तुरंत दुरुस्त किया गया, जिसका पहिया से ब्रेक सटा था। इसके बाद गाड़ी को अगले स्टेशन के लिए खोला गया। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ी घटना हो सकती थी। यात्रियों के अनुसार परसाबाद रेलवे स्टेशन के बाद अगले डिब्बे से काफी तेज घर्षण जैसी आवाज आने लगी और धुएं की लपटे भी पिछली बोगी तक पहुंच रही थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि ट्रेन का कोई हिस्सा अब-तब टूटने की कगार पर है। जैसे ही चौबे रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रुकी वैसे ही सभी रेलयात्री ट्रेन के पिछले डिब्बे से कूद कर बाहर निकले। उस समय ट्रेन के लगभग पांच पहियों के पास से जोरदार आग की लपटें दिखाई दे रही थी। इस बाबत आरपीएफ सहायक उप निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि चलती गाड़ी में कभी-कभी ब्रेक बाइंडिंग हो जाती है। इस कारण पहिया के पास से धुआं निकलने लगता है। उन्होंने बताया कि स्थिति सामान्य होने के बाद गाड़ी को दोबारा प्रस्थान करवाया गया।

### रांची प्रेस क्लब में बसंत हेतमसरिया की पुस्तक का किया विमोचन

# इतिहास से सबक लेकर हम बेहतर भविष्य बना सकते हैं : हरिवंश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** आज दुनिया में सबसे बड़ी होड़ टेक्नोलॉजी को लेकर है। मॉडर्न टेक्नोलॉजी आज आपको कंट्रोल कर रही है। जब दुनिया तोप से लड़ रही थी, तब आपके हाथ में तलवार थी, नतीजतन आप युद्ध हार गये। इतिहास से सबक लेकर हम बेहतर भविष्य बना सकते हैं। यह कहना था राज्यसभा के उप सभापति सह वरिष्ठ पत्रकार हरिवंश का। वे शनिवार शाम रांची प्रेस क्लब में बसंत हेतमसरिया की पुस्तक 1940: विश्वयुद्ध और बढ़ते अलगाव के साये में स्वतंत्रता आंदोलन पुस्तक का विमोचन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। पुस्तक की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि यह पुस्तक आपका साक्षात्कार इतिहास से करवाती है। यदि हम इतिहास से सबक नहीं लेते तो




हमारा भविष्य भी संकट में पड़ता है। हरिवंश ने कहा कि रामगढ़ कांग्रेस अधिवेशन में शामिल बड़े नेताओं ने 1940 में जिन मुद्दों पर चिंता जताई थी, कालांतर में वो सभी कुछ घटित हुआ और सबलोग देखते रह गये। उन्होंने कहा कि गांधी जी चाहते थे कि वे एक अनुशासित कांग्रेस बनाएं, जो उसूलों पर चलें, लेकिन वे बना नहीं पाए। उन्होंने कहा कि पहले नेताओं को अपनी बात सुनाने के लिए कार्यकताओं को बुलाने की जरुरत नहीं पड़ती थी, लोग स्वतः अपने नेताओं को सुनने चले आते थे, लेकिन आज परिस्थितियां बदल चुकी है। पुस्तक विमोचन समारोह में आए अतिथियों का स्वागत करते हुए लेखक बसंत हेतमसरिया ने बताया कि रामगढ़ में पैदा होने के कारण 1940 का रामगढ़ कांग्रेस अधिवेशन उनको हमेशा रोमांचित करता था। लेकिन उन्होंने पाया कि इस विषय पर बहुत कम लेखन हुआ था। इस कारण उन्होंने तत्कालीन समाचार पत्रों को पढ़कर और लगभग पांच दर्जन पुस्तकों को खंगालकर इस पुस्तक को तैयार किया है, जिसमें 1940 के रामगढ़ कांग्रेस के महत्व और उस वर्ष स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा से आनेवाली पीढ़ी को रूबरु करने की कोशिश की है। पुस्तक चर्चा करते हुए विनोबाभावे विवि के डीन डॉ. मिथिलेश सिंह ने कहा कि आज विश्वविद्यालयों में इतिहास बनाने की जगह बिगाड़ा जा रहा है। उन्होंने रामगढ़ अधिवेशन पर चर्चा करते हुए कहा कि यदि हम इतिहास से सबक नहीं लेंगे, तो फिर इतिहास को दुबारा से भुगतने के लिए अभिशप्त होंगे। उन्होंने वर्तमान राजनीतिक हालात पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आज हम मानसिक रूप से लूले-लंगड़े हो रहे हैं। बुद्धकाल के दौरान वृज्जि संघ का उदाहरण देकर उन्होंने राजनीति में संघे शक्ति की ताकत बताई। डॉ कंजीव लोचन ने पुस्तक चर्चा करते हुए कहा कि हर पन्ने पर नयी जानकारी दी गयी है। उन्होंने बताया कि इस किताब में मैटेरियल हिस्ट्री पर बहुत ध्यान दिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री गीता उरांव ने कहा कि इतिहास की जानकारी रहने पर हम उन गलतियों को दुहराने से बच सकते हैं, जो पहले कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के साथ हमें खुद को अपडेट करना होगा, तभी हम सफल हो सकेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ संपादक विष्णु राजगढ़िया, विनय सरावगी, आरके चौधरी, एलआर सैनी, प्रदीप तुलस्यान, किशोर मंत्री, अरुण बुधिया, सुशील उराँव, प्रभाकर अग्रवाल, प्रकाश देवकुलिश, पंकज मित्र, मुकेश तनेजा, शरदेन्दू नारायण, वीके गढयाण, समेत रांची विवि, विनोबा भावे विवि और बीआईटी सिंदरी के प्रोफेसर, लेक्चरर सहित काफी संख्या में शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

## मतदाता जागरुकता के लिए रांची के मोरहाबादी मैदान में रन फॉर डेमोक्रेसी




**रांची :** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत रविवार को रन फॉर डेमोक्रेसी (मिनी मैराथन) का आयोजन किया गया। रांची के मोरहाबादी मैदान से मिनी मैराथन की शुरूआत हुई। रन फॉर डेमोक्रेसी के बाद मोरहाबादी मैदान में डीजे इवेंट का भी आयोजन किया गया, जिसमें मतदाता जागरुकता से संबंधित गीतों एवं धुनों पर युवा जमकर झूमे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर मिनी मैराथन की शुरूआत की। मिनी मैराथन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के साथ उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने भी दौड़ लगायी। उन्होंने मैराथन के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि मतदान करने जरूर जाएं। मतदान करने से देश मजबूत होता है और लोकतंत्र के इस महापर्व में हमारी हिस्सेदारी सुनिश्चित होती है। रवि कुमार ने कहा कि हम सभी एक दूसरे को मतदान के प्रति जागरूक करें। पूरे परिवार के साथ लोकतन्त्र के महापर्व में उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सरकारी तथा निजी संस्थानों में सवैतनिक अवकाश भी रहेगा। इसका सार्थक उपयोग करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है। मैराथन में शामिल युवाओं ने मोरहाबादी मैदान के चारों ओर तीन चक्कर लगाया। पुरुष वर्ग में पवन सिंह ने प्रथम, विकेश कुमार ने द्वितीय तथा अनूप उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में ममता कुमारी को पहला, नीता कुमारी को दूसरा तथा शीतल कुमारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, एडिशनल सीईओ संदीप सिंह, डीआईजी अनूप बिरथरे ने पुरस्कृत किया।

## जेसीआई रांची यूथ ने लगाया निःशुल्क जांच शिविर

**रांची :** जेसीआई राँची यूथ और शल्बी डिवाइन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में मोरहाबादी मैदान में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बताया की शिविर मे लगभग 150 लोगो का नि:शुल्क स्वास्थ्य का परीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने लिया है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में डॉक्टर आर.के उपाध्याय ने बीपी शुगर हृदय, उच्च रक्तचाप, टॉयफायड, शुगर,रोग तथा अन्य बीमारियों के मरीज का नि:शुल्क जांच किया गया। रक्तचाप, मधुमेह की जाँच अधिक मात्रा हुई और मुफ्त मे दवाइयों का वितरण किया गया। मेडिकल टीम मे आए जनरल फिजीशियन डॉक्टर आरके उपाध्याय ने शिविर मे उपस्थित को महत्वपूर्ण जानकारी मे उन्होंने बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए 1 घंटे का व्यायाम बहुत जरूरी है पूरे 24 घंटे में आप 23 घंटे अपने काम में लगा लीजिए परंतु शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सुबह एक घंटा अपने शरीर को जरूर दीजिए जिसमें चलना, दौड़ना, खेलना, व्यायाम करना, साइकलिंग इत्यादि शामिल है। चिकित्सकों द्वारा जांच के पश्चात लोगों को उचित मार्गदर्शन भी दिया गया है। इस आयोजन से शिविर में आने वाले मरीज काफी खुश दिखे। मौजूद लोग स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए डॉक्टरों को धन्यवाद दे रहे थे।

## पशुपतिनाथ मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान में हुआ भजन संध्या व श्री राम कथा का आयोजन



**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान के दूसरे दिन रविवार को संध्या बेला में भजन संध्या और श्री राम कथा का आयोजन किया गया। श्री पशुपतिनाथ महादेव और माता दुर्गा की आरती की गई। इसके बाद प्रसिद्ध रामकथा वाचिका संगीता किशोरी जी ने संगीतमय राम कथा की प्रस्तुति की। आओ मेरे राम जी, पधारो मेरे राम जी, श्री जानकी वल्लभ राम जी, श्री दशरथ नंदन राम जी भजन पर भक्त झूम उठे। इसके बाद उन्होंने बताया कि जब भाग्य का उदय होता है तभी भगवान की कथा श्रवण का सौभाग्य मिलता है। कहा कि श्री राम जी के चरित्र के करोड़ों गुणों में से किसी एक भी गुण को हम यदि अपने जीवन में उतार लें तो हमारा उद्धार हो जाएगा। कहा कि अस्वस्थ होने पर यदि आप सशरीर प्रभु की कथा में सम्मिलित नहीं हो पाते हैं तो केवल उसका अनुमोदन करने मात्र से ही हम लोग गोपद पार करने की तरह सहजता से भवसागर को पार कर जाते हैं। हम सभी की डोर भगवान के हाथों में हैं। उनके साथ भजन टोली में निर्मला कुमारी, राजकिशोर महतो, बुधन स्वांसी, डमरूधर कुंभकार, भोला कालिंदी, भूषण मिश्रा शामिल थे।

## कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारा सत्संग भक्तिमय माहौल में संपन्न

**रांची :** एम.आर.एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट राँची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली शाखा राँची के सयुंक्त तत्वाधान में कटहल मोड रोड पुंदाग स्थित निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण मे स्थित( श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर) पुंदाग टीओपी के पीछे, पुंदाग,राँची में प्रत्येक रविवार को होने वाला 146 वाँ नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारा सत्संग, सुमरिन और सेवा के साथ बहुत ही भक्तिमय माहौल मे सम्पन्न हुआ। स्व. शैला सर्राफ की पुण्य स्मृति में 1300 श्रद्धालुओ ने 146 वें नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। आज के यजमान पुर्णमल सर्राफ अनमोल सर्राफ प्रिया नेमानी और भी आये हुए सभी यजमान को संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने अंगवस्त्र दिया सचिव मनोज कुमार चौधरी अन्नपूर्णा भंडारे की श्री राधा- कृष्ण भगवान की तस्वीर कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान ने सभी को अष्टधातु से तैयार किये गये हार पहना कर एवम संस्था के सदस्य नन्द किशोर चौधरी ने भगवान के विग्रह के खजाने से सभी यजमान को भगवान का खजाना भेट स्वरूप देकर सम्मानित किया। पड रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए विधा देवी अग्रवाल के सौजन्य से आये हुए सभी श्रद्धालुओ को बोतलबंद (जलजीरा)का शर्बत वितरण किया गया। बॉम्बे बेफर्स के विशाल जी जालान के द्वारा भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने वाले सभी श्रद्धालुओ को 1 पैकेट मिक्चर का वितरण किया गया। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं परमहंस भागवत भास्कर संत शिरोमणि डॉक्टर श्री श्री 1008 श्री सदानन्द जी महाराज जी के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 145 नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। आज रविवार दिनांक 21 अप्रैल 24 को 146 वें नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपनी स्वर्ग धर्म पत्नी शैला सर्राफ की स्मृति मे संस्था के वरिष्ठ सदस्य श्री पुर्णमल सर्राफ उनके पुत्र अनमोल सर्राफ बेटी दमाद प्रिया पंकज नेमानी, पायल भाष्कर हिम्मत सिंहका और उनके परिवार के सौजन्य से की गई।

## एक नजर

### सभी छह विस के बीएलओ सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से विगत तीन दिनों से न्यू टाउन हॉल में धनबाद, झरिया, बाघमारा, निरसा, टुंडी व सिंदरी विधानसभा के बीएलओ व सुपरवाइजर का 14 बिंदुओं पर प्रशिक्षण आज संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से फॉर्म 12 डी, होम वोटिंग, ए.एस.डी. लिस्ट, वोटर इन्फोर्मेशन स्वीप, एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, बूथ अवेयरनेस ग्रुप, स्वीप एक्टिविटी, वोटर फेसिलिटेशन पोस्टर, चुनाव से 2 दिन पहले, 1 दिन पहले और चुनाव के दिन का दायित्व, वोटर हेल्पलाइन एप व सी-विजील एप, ईवीएम, चुनावी पाठशाला इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में सभी विधान सभा के एआरओ तथा एईआरओ ने उपस्थित होकर उचित दिशा निर्देश दिए।

### घर में चोरी करते धराया चोर , ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

**धनबाद**: झरिया थाना क्षेत्र के मानबाद में बीते रात्री मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष विवेक लिल्हा के आवास में एक व्यक्ति चोरी की नीयत से घुस गया। घुस कर उसने आलमारी से सोने की चेन निकाल ली और एप्पल कंपनी के आइफोन पर हाथ साफ कर लिया। इसी बीच श्री लिल्हा की माता जी की नजर उस चोर पर गयी. वह शोर मचाने लगी। हो-हल्ला सुनकर मुहल्ले वाले जुट गए. सभी ने मिलकर उक्त चोर को थाना को सुपुर्द कर दिया।

### काजल कुमारी बनी स्कूल टॉपर



**कतरास**: राजगंज बाजार हटिया पट्टी निवासी उत्तम कुमार स्वर्णकार की बेटी काजल कुमारी आर.बी.बी. हाई स्कूल राजगंज मैट्रिक में स्कूल टॉपर बनी। इस अवसर पर खुशी में आज उनके घर पहुंच कर बेटी काजल कुमारी को पुष्पगुच्छ एवं डायरी देकर सम्मानित किया एवं आगे के लिए भी माता रानी के आशीर्वाद से उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और अपने माता-पिता और गांव का नाम रोशन करें मौके पर भाजपा राजगंज मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, सुदाम चंद्र अड्डी, सुदीप अड्डी, बोबी अड्डी, पप्पू भगत, सपन गोराई, गौतम कुमार डे, जितेंद्र भगत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### रांची में उलगुलान न्याय महारैली में शामिल हुए आप कार्यकर्ता

**बोकारो** : आम आदमी पार्टी बोकारो जिला से सैकड़ों कार्यकताओं ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्कलुसिव अलायंस की राँची की उलगुलान न्याय महारैली में शिरकत की। इसमें प्रदेश और जिला के पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हैं। कार्यक्रम में आप के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश, बोकारो जिला संयोजक विधान चंद्र राय, बोकारो जिला संगठन प्रभारी मो मेहबूब आलम, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल, महिला प्रकोष्ठ संयोजक मंजुला देवी, जिला प्रवक्ता अरविंद विकास, किसान प्रकोष्ठ संयोजक आनंद कुमार मंडल,सुमन सिंह मिट्ठू, श्रीपति रजवार, विनय कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य के नाम उल्लेखनीय है।

# अपने सुख और दुख के जिम्मेदार हम स्वयं : मधुर प्रज्ञा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**बोकारो** : जैन मिलन केंद्र में भगवान महावीर की 2623 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई एवं विश्व शांति दूत आचार्य महाश्रमण जी की विदुषी शिष्या समणी निर्देशिका मधुर प्रज्ञा जी, समणी शुभ प्रज्ञा जी, समणी मनन प्रज्ञा जी के सानिध्य में संपन्न हुई। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने समणीयों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भगवान महावीर के संदेश द्वारा ही हम मानवता की सेवा कर सकते हैं। बैद ने कहा की आज महावीर की वाणी हमारे जीवन में सुख और समृद्धि ला सकती हैं। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई।जैन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भगवान महावीर के भजनों पर बहुत सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जैन समाज के बच्चों एवं महिलाओं ने भी प्रदूषण पर एक नाटिका का मंचन किया।समणी निर्देशिका मधुर प्रज्ञा जी ने कहा कि भगवान महावीर की आराधना के साथ भगवान महावीर के संदेश को भी अपने जीवन में उतारना होगा,आत्मसात करना होगा। समणी मधुर प्रज्ञा जी ने कहा कि भगवान महावीर की कथनी और करनी में अंतर नहीं था, उन्होंने त्याग, तप और संयम का जीवन जिया।इस अवसर पर जैन समाज के एवं जैन पब्लिक स्कूल के मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुशील बैद ने किया। जैन मिलन के सचिव आलोक कुमार जैन ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए समणी जी एवं आगुंतो का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संपत मल बैद, बिनोद चोपड़ा, मदन चंद चोरड़िया,श्याम सुंदर जैन, सुभाष जैन,अजय लूंकड, विपुल मेहता, प्रकाश कोठारी, मनीष जैन, संजय जैन, प्रवीण जैन, जयचंद बांठिया, विकास जैन, आकाश जैन, कमल जैन,अंकित जैन,केतन मेहता, बजरंग लाल चोरड़िया, अंकित चोपड़ा, चंदन बांठिया, आनंद कोठारी, पियूष जैन,ध्रुव, जैन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मृत्युंजय सहाय सहित सभी शिक्षक गण,चास बोकारो, झालदा एवं बंगाल स्थित जयपुर से आये जैन समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## ब्रह्मकुमारीज ने एशियन हॉस्पिटल में किया रक्तदान शिविर का आयोजन

# रक्तदान जीवन में दिया जाने वाला सबसे बहुमूल्य दान है : अनु दीदी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : ब्रह्मकुमारीज जगजीवन नगर ने एशियन द्वारकादास जालान हॉस्पिटल के सहयोग से रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लोगों ने स्वेच्छा से महादान किया। धनबाद में आयोजित इस शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। शिविर में प्रत्येक व्यक्ति से एक यूनिट रक्त लिया गया। संस्था की प्रमुख बीके अनु दीदी ने कहा कि रक्तदान जीवन में दिया जाने वाला सबसे बहुमूल्य दान है और दूसरों को खुशी देना ही सबसे बड़ा दान है ,जो देंगे वो ही वापस आएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में बीके पवित्र तुलस्यान, बीके दीपा, बीके शिवानी, बीके नूपुर सांवरिया, बीके शैलजा सांवरिया, बीके अभिनंदन, बीके मनीषा, बीके जसपाल, बीके गुनीत कौर, बीके चितरंजन, बीके सुनील, बीके लक्ष्मण, बीके सोनल,बीके पंकज, बीके संजय,राजेश कुमार, किशन, देव ज्योति, चितामणि रेड्डी, बीके रवि, बीके बरखा,बीके स्वर्णलता, बीके आशा देवी, बीके आयुष बसंत हेलीवाल का सहयोग रहा। रक्तदान के अवसर पर ब्रह्मकुमारीज ने संदेश दिया कि मौका दीजिए अपने खून को,किसी के रगों में बहने का। बड़ा ही खूबसूरत तरीका है,ये कई जिस्मों में जिंदा रहने का।

# धनबाद,गोमो एवं कोडरमा स्टेशन पर जल वितरण का कार्य शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : रविवार को मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा सह अध्यक्ष भारत स्काउट्स एंड गाइड्स महोदय के अनुमोदन एवं अजित कुमार वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी सह जिला आयुक्त स्काउट महोदय जी के नेतृत्व में जल वितरण कार्य के लिए धनबाद मंडल के धनबाद,गोमो, एवं कोडरमा को चुना गया। जिसमें इस भीषण गर्मी को देखते हुए रेल यात्रियों के सेवा हेतु शीतल जल मुहैया कराया जा रहा है। जिसमे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सदस्यों द्वारा हर सम्भव जल को यात्रियों तक पंहुचाया जा रहा है। स्काउट्स एंड गाइड्स की सेवा भाव का रेल यात्रियों द्वारा सरहाया जा रहा है। द्वितीय श्रेणी के यात्रियों का कहना था कि भईया इस तपती गर्मी में आपलोग बहुत ही अच्छा और नेक कार्य कर रहे है क्योंकि प्यास भी लगा हुआ है पर जा नही सकते है क्योंकि जहाँ सीट से हटे फिर पूरा रास्ता खड़े ही जाना होगा। इसलिए पानी लेने के लिए उतर भी नही रहे। इसमें आपलोग हमलोगों तक ठंडा पानी पहुँचा दे रहे है यह काबिले तारीफ है। ऐसे ही हमलोगो को आपलोगो का कुछ साथी गोमो स्टेशन पर भी मिले थे। वे लोग भी हर जरूरतमंद यात्रियों तक पानी मुहैया करवाया। आज के इस कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स धनबाद के स्काउट, गाइड्स लीडर्स ने अपना अपना महवत्पूर्ण योगदान दिए इसी तरह यह जल वितरण का कार्य आगे भी चलता रहेगा।

# इंटक के वरिष्ठ नेता के साथ 200 कार्यकर्ताओं ने ली भाजपा की सदस्यता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : धनबाद लोकसभा मे चुनावी माहौल धूप के साथ तेजी स्व बढ़ती जा रही। लोकसभा क्षेत्र के बोकारो विधानसभा में इंटक कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने आज केन्द्र के मोदी सरकार पर बिस्वास करते हुए भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने दिलाया। सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लु महतो, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, रोहितलाल सिंह, मुकुल ओझा ने माला व पट्टा पहना कर स्वागत किया। ढुल्लु महतो ने कहा कि आज देश विश्व में नरेंद्र मोदी का डंका बज रहा। आप सभी का भाजपा परिवार में आप सभी का स्वागत है।आप सभी मिलकर मोदी के 400 पार अभियान को सफल बनाने में अपनमहत्वपूर्ण भूमिका निभाए। बिरंची नायरण ने कहा कि आज झारखंड के साथ पूरा देश देखा जिस प्रकार रांची मे आयोजित उलगुलान कार्यक्रम में कुर्शी मारपीट हुई। कांग्रेस व इंडी गठबंधन की मंशा सभी ने देख लिया। देश की 140 करोड़ जनता मोदी सरकार के साथ है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राधेश्याम दुबे,राजू मोदक, प्रकाश चटर्जी के नेतृत्व में 200 से अधिक कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुएशामिल होने में राजकुमार मोदक, विवेक, काशी, रोनी, नीरज, गोपी, आकाश, देबासिष, बिनय, अनिल, कुला, संजू, मनोज, पोलतु, उत्तम, कृपाशंकर, कौशल, सुपरानी, शकुंतला, आरती, फुलमनी सहित सैकड़ों शामिल हुए।

# महुदा पुलिस ने गांजा के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**तेतुलमारी (धनबाद)** : वरीय पुलिस अधिकारी के आदेश पर बाघमारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा गठित टीम में देर रात्रि चेकिंग अभियान के तहत कपूरिया की ओर से आने वाली वाहनों की जांच के दौरान एक टी वी एस राइडर बाइक गाड़ी घुमाने लगा संदेह होने पर महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार व अन्य सह शस्त्र बलो ने एक को दबोचा, जिसके पास थैले से 4 पैकेट में बंद अवैध गांजा 8.481' जब्त किया, पकड़े गए युवक गांजा तस्कर 27 वर्षिय गोरंगो रवानी,स्व० जगरन्नाथ रवानी, गुण्डुबा, थाना-निरसा, जिला-धनबाद बताया है,जबकि दूसरा साथी अंधेरे व झाड़ी का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा,जिसकी गिरफ्तारी के लिये अभियान जारी है,उक्त बातें बाघमारा एस डी पी ओ आनंद ज्योति मिंज ने सिजुआ स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी।पुलिस ने एक रियलमी का मोबाइल,टीवीएस का राइडर बाइक व लगभग साढ़े 8 केजी गांजा जब्त कर महुदा थाना में कांड संख्या 29/2024 दर्ज कर अनुसंधान जारी करते हुये गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बाघमारा एसडीपीओ श्री मिंज ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर भी सघन छापेमारी व जांच अभियान चलाया जा रहा है।

# दुसाध जागरण मंच ने मनाई वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की जयंती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : सेक्टर 4 मंदिर प्रांगण में दुसाध जागरण मंच के द्वारा वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल मंदिर प्रांगण में राह बाबा तथा बाबा चौहरमल का पूजा किया गया जिसमे जहानाबाद के नारायणपुर के महेश पासवान जी के द्वारा पूजा का आरंभ किया गया खोलते हुए दूध में हाथ डालकर खीर बनाना और बाबा के प्रति भक्तों का आस्था जलते हुए अग्नि कुंड में भक्तों द्वारा खाली पैर अग्नि कुंड में चलना यह अपने आप में भक्तों के लिए आस्था का एक प्रतीक है काफी दूर दूर से बख्त और पूजा को देखने के लिए समाज के लोग पहुंचे थे ऐसी आस्था व्यक्त की जाती है की यह आने से सारी मनोकामना पूर्ण होती है पूजा में मुख अतिथि सांसद प्रत्याशी ढुलू महतो बोकारो विधायक विरांची नारायण पूजा समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पासवान ने कहा कि बाबा के दरबार में जो भी भक्त आते हैं उनकी मनोकामना पूर्ण होती है मौके पर उपस्थित दुसाध जागरण मंच के अध्यक्ष जयप्रकाश पासवान, वीरेंद्र पासवान, डॉक्टर आईडी पासवान, सुनील कुमार, राम नारायण जी, मंदिर पुजारी लाल बाबा, कपिल पासवान, प्रेमचंद कुमार, अनिल कुमार, रवि रंजन, अजय कुमार, ऋषि देव पासवान, राकेश कुमार, राजनाथ पासवान, अजय कुमार, मुन्ना कुमार ,चुन्नू जी, सरोज कुमार, सुरेश पासवान, सुशील पासवान, सुमन पासवान ,अजय कुमार ,कमल किशोर, परमेश्वर पासवान, अवध किशोर, पिंटू भक्ति, रीता पासवान, ज्योति कुमारी, विजेता शेखर, अर्चना कुमारी, पूनम देवी सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष और बच्चे उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### साक्ष्य मिटाने के लिए विवाहिता को मार कर पोस्टमॉर्टम करवाया




**कतरास (धनबाद)**: तेतुलमारी न्यू पाण्डेयडीह निवासी जमीला खातून ने राजगंज थाना में लिखित शिकायत देकर बेटी 28 के ससुराल वालों पर बेटी की हत्या की है,मेरी बेटी के ससुराल से 1:30 बजे सरफराज अंसारी ने फोन कर बताया कि आपकी बेटी की म्रत्यु हो गयी है,सूचना मिलने के 10 मिनट बाद ही अपने मुहल्ले के लोगो के साथ बेटी के ससुराल राजगंज पहुची तो वहाँ कोई नही था,लोगो ने बताया कि आपकी बेटी के शव को पोस्टमार्टम के लिये पी एम सी एच धनबाद ले गया है,जमीला खातून ने बताया कि 10/12 साल पूर्व अपनी 28 वर्षिय बेटी की शादी इमरान अंसारी से की थी,बाद में जब हमलोग पी एम सी एच पहुचे तो मेरी बेटी की शव को दिखाया गया। वीडियो में दिखाया कि उसकी बेटी दुपट्टे के सहारे बेटी की लाश एंगल से झूल रही है,घटना के बेटी का पति इमरान अंसारी फरार हो गया है,पूर्व में भी मेरी बेटी को पति इमरान अंसारी द्वारा कई बार मारपीट करता था,पिछ्ले रमजान में भी मेरी बेटी को मारकर सर फोड़ दिया था,मेरी बेटी को उसका पति इमरान अंसारी,सास सरिजन बीबी,देवर जहाँगीर अंसारी,निसार अंसारी,परवेज अंसारी,सरफराज अंसारी ने मिलकर साजिश के तहत मेरी को मारकर हत्या कर दिया है,और साजिश के तहत आनन फानन में अधिकारियों को भ्रमित कर बेटी के शव को पोस्टमार्टम करवा दिया,सूचना मिलने के 10 मिनट में हमलोग तेतुलमारी से राजगंज पहुचे थे,मुझे विश्वास है कि हत्या के साक्ष्य मिटाने की नीयत से हमलोगों के पहुचने के पूर्व ही शव को पोस्टमार्टम करवा दिया। जमीला खातून ने कहा कि पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर दोषी सभी आरोपियों को प्रशासन सजा दिलाये।

### बाल विवाह रोकने के लिये मंदिर में चलाया गया अभियान



**कतरास (धनबाद)**: धनबाद के प्रसिद्ध लिलोरी मन्दिर कतरास में लग्न में सैकड़ों विवाह संपन्न होती है। बाल विवाह नहीं हो, को लेकर आज झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा मन्दिर के पुजारी के साथ जागरूकता कार्यक्रम कर बाल विवाह नहीं कराने की शपथ दिलाया गया एवं मन्दिर के चारो तरफ इस मंदिर में बाल विवाह नहीं होती है का पोस्टर लगाया गया। मन्दिर के पुजारियों ने कहा कि इस मंदिर में 18 वर्ष से कम उम्र की कन्या एवं 21 वर्ष के कम उम्र के लड़के की शादी नही की जाती है। विदित हो कि झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा धनबाद जिला में बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए सघन जागरूकता का अभियान चला रही है। मौके पर मन्दिर के अभिजीत बनर्जी, रिंटू बनर्जी, विश्वजीत बनर्जी, काजल प्रमाणिक, आनंद प्रमाणिक एवं झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के फील्ड कॉर्डिनेटर दीपा रवानी, योगेश्वर रवानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### ढुलू के खिलाफ हाइवा लूट में गवाह पेश करने का आदेश



**धनबाद** : डोमन महतो की कथित खतियानी जमीन पर जबरन कब्जा करने, मारपीट, गाली-गलौज और कातिलाना हमला और महिला से मारपीट मामले में शनिवार को कोर्ट में गवाही हुई। प्रत्यक्षदर्शी गवाह अशोक महतो ने बाघमारा विधायक ढुलू महतो व उनके समर्थकों के खिलाफ गवाही दी। जिला व सत्र न्यायाधीश 16 सह एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में गवाही हुई। अशोक महतो ने कोर्ट को बताया कि ढुलू महतो ने डोमन महतो के चेहरे को पैर से दबाकर जमीन खाली करने को कहा था। उन्होंने कहा था कि यह जमीन मंदिर की है। बचाव पक्ष के वकीलों ने अशोक महतो का प्रति परीक्षण किया। शनिवार को जिरह पूरा नहीं हो सका। एपीपी समित प्रकाश ने गवाह अशोक महतो को कोर्ट में गवाही के लिए पेश किया। गवाह ने कोर्ट को बताया कि 29 अप्रैल 2019 को मामले के वादी डोमन महतो अपनी जमीन पर बांस-बल्ली गाड़कर दुकान बना रहे थे। उस समय वे भी घटनास्थल पर मौजूद थे। शाम सात बजे विधायक ढुलू महतो अपने समर्थक बिट्टू सिंह, कृष्ण रविदास, विनय रविदास, अजय गोराई, बुद्ध राम, अजय साव व डंपी मंडल के अलावा अन्य के साथ पहुंचे तथा डोमन महतो को उनकी दुकान से बाहर निकाला तथा कहा कि यह जमीन मंदिर की है, जबकि डोमन महतो उसे अपनी खतियानी जमीन बता रहे थे। ढुलू महतो तथा उनके समर्थकों ने डोमन महतो के साथ मारपीट की। उनलोगों ने डोमन महतो की छोटी बहू के साथ भी मारपीट की। अशोक महतो ने विधायक समेत उनके समर्थकों को पहचानने का अदालत में दावा किया। अदालत में आज कोई आरोपी उपस्थित नहीं था। सभी आरोपियों की ओर से प्रतिनिधित्व का आवेदन दिया गया था। डोमन महतो की शिकायत पर बरोरा थाने में आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एमएलए के लिए गठित विशेष अदालत में विधायक ढुलू महतो के खिलाफ चल रहे हाइवा लूटकांड में अभियोजन की ओर से शनिवार को कोई गवाह पेश नहीं किया गया। अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश ने अदालत से समय की याचना की। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को गवाह पेश करने का निर्देश दिया।

### मारपीट के मामले में पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप




**धनबाद** : धनसार थाना अंतर्गत बरमसिया शंकर नगर का रहने वाला एक परिवार पुलिस से न्याय न मिलने के कारण दर-बदर की ठोकरें खाते हुए खानाबदोश की जिंदगी काटने को विवश है। यह पूरा परिवार रविवार को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में मीडिया से अपनी व्यथा सुनते हुए आरती कुमारी ने बताया कि वह घरों में चौका बर्तन करके अपनी तथा परिवार का भरण पोषण करती है। 14 अप्रैल की रात घर लौट के क्रम में आदित्य रविदास ने जबरन हाथ पकड़ लिया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा शोर मचाने पर उसके पिताजी वहां आ पहुंचे और आदित्य के साथ मारपीट की। इसी बीच आदित्य के पिता जीतू रविदास भी आ गए उन्होंने भी मारपीट की इस घटना के बाद उल्टे विरोधी पक्ष थाने में जाकर उसके परिवार के खिलाफ मारपीट की प्राथमिक दर्ज कर दी है। उसके परिवार के कुल 17 लोग जिनमें बच्चे भी शामिल है के खिलाफ प्राथमिक की दर जे कर दी है पुलिस उनकी नहीं सुन रही विरोधी पक्ष द्वारा लगातार धमकी दी जा रही है। ऐसे में उन्हें न्याय कब मिलेगा।

एक नजर

## बंदियों को दी गई कानूनी जानकारी, जेल अदालत का हुआ आयोजन

**बोकारो** : झालसा रांची के निदेर्शानुसार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनील कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन हुआ. इस जेल अदालत सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम के लिए एक बेंच का गठन किया गया। जिसमे जेल में बंदियों के बीच जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। वहीं प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी साक्षी श्रीवास्तव और पैनल अधिवक्ता इम्तियाज आलम उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साक्षी श्रीवास्तव ने बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बतलाते हुए कहा कि नालसा, नई दिल्ली व झालसा, रांची के द्वारा बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जा रहे हैं .जिनके माध्यम से उन बंदियों को उचित विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है। साथ ही उन्होंने बंदियों को जेल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया।

## गर्मी का कहर लगातार जारी



**सिल्ली** : झारखंड में गर्मी का कहर लगातार जारी है और जैसे-जैसे भीषण गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे ही पानी की समस्या भी क्षेत्र में बढ़ते जा रही है। इसी क्रम में सिल्ली प्रखंड के नागेडीह पंचायत के अंतर्गत जारागोड़ा के वनधार निवासी संतोष कुमार महतो ने पानी की समस्या की जानकारी देते हुए बताया की वनधार निवासियों को पीने के पानी के लिए बहुत परेशानी हो रही है। वर्तमान समय में सिंचाई कुप के पानी पीने को मजबूर है। इसकी सूचना जलदाय विभाग को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने दी है और अतिशीघ्र वनधार में लगी जलमीनार का अधूरा काम को पुरा करने की मांग की है। जिससे वहां के निवासियों को पीने का पानी का समस्या का समाधान हो सके।

## मिथिला अकादमी में मना 34वां स्थापना दिवस अभ्युदय

**बोकारो** : मिथिला अकैडमी पब्लिक स्कूल में 34वां स्थापना दिवस अभ्युदय मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि हरि मोहन झा सीजीएम पर्सनल सेल बीएसएल, उपस्थित विशिष्ट अतिथि श्री बी पी बरनवाल, अविनाश कुमार झा, सचिव प्रमोद कुमार झा ह्य चंदन ,समरेन्द्र झा, राजेन्द्र कुमार, , प्रदीप कुमार झा, अरुण कुमार पाठक प्राचार्य अशोक कुमार पाठक एवं प्रदीप कुमार उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नृत्य के माध्यम से बच्चों ने शिव आराधना को दर्शार्या। स्थापना दिवस के उपलक्ष पर केक कटिंग कर विद्यालय की भ्युदय की कामना की गई। विद्यालय के शिक्षको ने समूह गान गा कर सभी का मनमोहन लिया। विद्यालय की उपलब्धियां पी पी टी प्रेजेंटेशन के द्वारा दर्शार्या गया। नृत्य के माध्यम से श्रद्धा ने यह दर्शार्या कि आज के युग में लड़कियों को रोकना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। मुख्य अतिथि ने अपने शब्दों में कहा कि विद्यालय की प्रगति किसी एक का किया गया योगदान नहीं है,बल्कि संगठित रूप का सरुप है। विद्यालय की उन्नति में कड़ी मेहनत और समर्पण की भावना अति अनिवार्य है।

# धूमधाम से माना भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : जिले में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर श्री दिगंबर जैन मंदिर में पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा किया गया। स्वर्ण कलश से जलाभिषेक भगवान महावीर स्वामी की मूलनायाक प्रतिमा, प्राचीन प्रतिमा, पांडुशीला पर विराजमान अष्ट धातु की प्रतिमा पर स्वर्ण कलश से जलाभिषेक किया गया। जलाभिषेक में इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, ललीत चूड़िवाल, विद्याप्रकाश, पदमचंद छाबड़ा, राजेंद्र राजेश चूड़ीवाल शामिल थे। वही, भगवान आदिनाथ स्वामी पर हीरामणि देवी चूड़ीवाल, सुशील चूड़ीवाल परिवार ने जलाभिषेक किया। भगवान पारसनाथ स्वामी पर मांगीलाल और अशोक चूड़ीवाल ने जलाभिषेक किया। शांतिधारा में इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, ललित चूड़ीवाल, राजेंद्र कुमार, राजेश कुमार चूड़ीवाल शामिल थे।

**निकाली गई शोभायात्रा, जीओ और जीने दो का दिया संदेश**

महावीर जयंती को लेकर श्री दिगंबर जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा थाना चौक, गोला रोड, चट्टी बाजार, लोहार टोला, शिवाजी रोड, सुभाष चौक होते हुए पुनः दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में आकर्षक का केंद्र झांकी थी। भगवान महावीर का दिव्य संदेश से आज पूरे शहर में नारा दिया गया। अहिंसा सबसे



बड़ा धर्म है। अतः हमें "जीओ और जीने दो" के संदेश पर कायम रहना चाहिए। महावीर स्वामी के पंचशील सिद्धांत जिसमें अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, सत्य और अपरिग्रह शामिल हैं। भगवान महावीर का आत्म धर्म जगत की प्रत्येक आत्मा के लिए समान था। उनका कहना था कि हम दूसरों के प्रति भी वही व्यवहार व विचार रखें जो हमें स्वयं को पसंद हों। उन्होंने न केवल इस जगत को मुक्ति का सन्देश दिया, अपितु मुक्ति की सरल और सच्ची राह भी बताई।

**शोभायात्रा का सामाजिक संगठनों ने किया स्वागत**

शोभायात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के द्वारा शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान रोटरी रामगढ़ सेंट्रल, श्याम अरदास कीर्तन परिवार, मारवाड़ी धर्मशाला समिति, रानी सती दादी मंदिर, मारवाड़ी युवा मंच और सिख समाज ने शोभा यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन पाटनी, सचिव सचिव नागरमल गंगवाल, कोषाध्यक्ष जंबू जैन, नरेंद्र छाबड़ा, जीवन मल जैन,राजेंद्र चूड़ीवाल, मांगीलाल चूड़ीवाल, आनंद जैन, अजय जैन, राहुल जैन पाटनी सहित कई लोग मौजूद थे।

## नामकुम प्रखंड के हरदाग पंचायत सिलादोन में चुल्हा प्रमुख का हुआ गठन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा** : नामकोम प्रखंड के हरदाग पंचायत अन्तर्गत सिलादोन एवं चाँद का ग्राम प्रभारी शबसंती देवी की अध्यक्षता में 20 चुल्हा प्रमुख का चुनाव किया गया। संचालन रांची जिला सचिव कुदरत शेख ने किया। कार्य क्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि झारखण्ड राज्य स्वाभाविक नहीं आजसू पार्टी के उग्र तेवर और आन्दोलन का देन है की झारखंड राज्य बना और महिलाओं को सम्मान देने का काम पंचायत स्तर पर आजसू पार्टी ने दिया और झारखंड राज्य की दिशा और दशा राज्य का सर्वांगीण विकास आजसू पार्टी ही कर सकता है वहीं राँची जिला महिला मोर्चा की अध्यक्षा श्रीमती वीणा कुमारी ने अपनी वाणी से टिप्स देते हुऐ ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुखों से आग्रह की 28 अप्रैल को इठ राजाउलातु नामकोम रांची में होने वाले ग्राम प्रभारी प्रशिक्षण शिविर में आपलोग अवश्य आएं और आजसू पार्टी की निति सिध्दान्त को समझें और पार्टी संगठन को बेहतर मजबूती प्रदान करने में सहयोग करें। धन्यवाद ज्ञापन ग्राम प्रभारी राजाउल हक ने की। मौके पर आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह एवं नवनियुक्त चूल्हा प्रमुख कौसर जहाँ, जैतून निसा, चिंतामणी देवी, सुनीता देवी, रतन देवी, समर प्रवीण, रोजलिन लिण्डा, अनिता देवी, सुषमा लिण्डा, ललिता देवी, सरिता बड़ाइक, फुलमणी देवी, सलमाम खातून, गीता देवी, कोकिला देवी, प्रमिला देवी, रूत लकड़ा, गुरजन कुमार,अभीशेक लिण्ड ,गौतम कुमार, संजय कुमार एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, दिन में सड़कों पर कर्फ्यू सा नजारा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : गर्मी से लोग पस्त पड़ने लगे हैं। गर्मी की शुरूआत के साथ ही बेकाबू तपिश ने जीना मुश्किल कर दिया है। गर्मी की तपिश ने लोगों के मुसीबत ऐसी बढाई है कि उनकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गयी है गर्मी का यह संकट गहराता ही जा रहा है। लोगों के बाहर निकलने पर गरमी ने पाबंदी लगा दी है। घरों में लोग कैद होने को विवश हैं। दिन के समय रास्तों में पसरा सन्नाटा अघोषित कर्फ्यू का अहसास करा रहा है। प्रचंड गर्मी के दौरान लोकसभा का मतदान होना है। इसने प्रशासन की भी चिंता गहरा दी है। गरमी के अचानक आक्रामक तेवर अपना लेने की वजह ग्लोबल वार्मिंग माना जा रहा है। गर्मी के और अधिक गहराने की आशंका जताई जा रही है। तापमान लगातार ऊपर चढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य प्रशासन मानता है कि प्रचंड गर्मी के



कारण लोगों की बीमारी बढ़ेगी और बीमारी गहरा भी सकती है। बोकारो के स्वास्थ्य महकमा ने एहतियात बरतने की लोगों से अपील की है। बिना मतलब घरों से बाहर निकलने से मना किया है और तरल पेय लेने को कहा है। बोकारो स्वास्थ्य प्रशासन ने गर्मी को देखते हुए सदर अस्पताल में अलग से एक विशेष वार्ड बनाया है और वार्ड को जरुरी सुविधाओं से लैस कर दिया है। बोकारो के सिविल सर्जन ने दावा किया कि स्वास्थ्य प्रशासन गर्मी से होनेवाले संकट से निपटने के लिए कमर कसकर तैयार है।

## जेबीकेएसएस एवं लोकतांत्रिक मोर्चा की हुई रांची लोकसभा स्तरीय बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा** : रांची जिला अंतर्गत अंगड़ा प्रखंड हेसल रिंग रोड समीप संजीवनी में झारखंडी भाषा खातियान संघर्ष समिति एवम झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा के तत्वाधान में रांची लोकसभा स्तरीय बैठक किया गया बैठक में विशेष रांची लोकसभा सीट की तैयारी को लेकर किया गया सभी प्रखंड से लोक शामिल हुए सभी लोगो ने अपना अपना नेक मशवरा दिया इस बार रांची लोक सभा की सीट को टाईगर जयराम महतो के झो ली में डालना है और अपनी पहचान को परिचय देना है सभा को संबोधित करते हुए देवेंद्र महतो ने कहा कि लोकतंत्र के महा पर्व में टाईगर जयराम महतो के नेतृत्व में विभिन्न जगहों से लोक सभा चुनाव में अपना उम्मीदवार उतारा है हम सभी मिलकर ईमानदारी पूरक काम को अंजाम देंगे निश्चित रूप सीट निकाल सकते है क्योंकि इस राज्य को एक अच्छा नेतृत्व करता की जरूरत है लीडर नहीं होने के कारण हमारा राज्य का विकास जिस उचाई पर होना चाहिए 24 वर्षो में नहीं हो सका लेकिन आज भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है हमारा राज्य खनिज सम्पदा सुंदर झारखंड के नाम से जाना जाता था लेकिन आज दुर्भाग्य है कि झारखंड घुश भ्रष्टाचार के नाम से जाना जाता है क्योंकि झारखंड राज्य के लोग सीधे साधे होते है जिसका बाहरी लोग हावी हो गए हैं एक लीडर नेतृत्व की कमी है मौके पर फलिंदार रामपोदो महतो देवब्रथ चौधरी अनीत महतो रितु महतो मार्शल महतो करमाली सूरज नारायण महतो सुधांशु महतो सुमित महतो धनीराम करमाली आदि शामिल हैं।

## जिले में तथाकथित सामाजिक तत्वों ने जंगलों में लगाई गई आग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला** : गुमला जिले में तथाकथित सामाजिक तत्वों द्वारा जंगलों में लगाई गई आग, फलस्वरूप जंगल के जीव जंतु , विभिन्न औषधीय के पौधे,नव निर्माण होने वाले जंगली पौधे 50% जलकर हुए रख और खाक, परंतु सोना, चांदी, कांसा अल्मुनियम, लोहा आदि धातुओं को गलाने के लिए लकड़ी के कोयलों की आवश्यकता पड़ती है। उक्त कोयलों को मनमानी धाम में बेचा जाता है और काफी मुनाफा कमाया जाता है। इसीलिए जंगल जलाने का एक मुख्य कारण लकड़ी का कोयला है। और यह खुला खेल फरुर्खाबाद का खेल, खेला जाता हैं। वन विभाग के सांठगांठ से , क्योंकि यह आज की बात नहीं हैं। बल्कि दशकों से प्रत्येक वर्ष होता रहता है। इस लिए बीना वन विभाग के सांठगांठ मुमकिन ही



नहीं नामुमकिन है। फिलहाल गुमला जिला के गुमला सदर थाना के घटगांव जंगल, चैनपुर, डूमरी और परमवीर अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के जारी जंगल, भीखमपुर जंगल, आदि के 50% प्रतिशत जंगलों को नुकसान पहुंचा है। अधिकांश जंगली क्षेत्रों और बॉर्डर क्षेत्र के जंगल में बरसात के बाद जंगली वन क्षेत्रों में प्रवेश करने के लिए सामाजिक तत्वों द्वारा अपने अवैध धंधों को अंजाम देने के लिए। लकड़ी काटने के लिए, जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए, महुआ चुनने के लिए और दातुन, सखुआ का पत्ता तोड़कर दोना-पत्तल,आदि अन्य अनेक आकार प्रकार की जरूरतों को पूरा करने को लेकर, फागुन से पूर्व और बाद में आग लगाई जाती है, और उक्त आग में लकड़ियों के जलनें से बने, वाले लकड़ियों के कोयलो, महुआ, पियार पिथौरा सहित अन्य अनेक आकार प्रकार के जंगली उत्पाद पदार्थो को बेचने वालों के अवैध धंधों के लिए और जंगल में प्रवेश करने के लिए ही। आग लगाई जाती है, इस में कोई किन्तु प्रन्तु नहीं हैं और ना - ही, इसे समझने के लिए कोई रॉकेट साइंस की जरूरत हैं। क्योंकि आम जनों से लेकर खास जनों तक और सरकार के मंत्री से लेकर संत्री तक और संबंधित वन विभाग के उच्च पदाधिकारियों से लेकर कर्मचारीयों तक सभी को उक्त जानकारी होते हुए ।

# एनडीए गठबंधन के प्रत्यासी को चार लाख वोट के अंतर से मिलेगी जीत : सुदेश कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा** : जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में रविवार को आजसू पार्टी की जिला समिति द्वारा लोकसभा स्तरीय सम्मेलन जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत डिमना में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने की जबकि संचालन अप्पू तिवारी और प्रकाश विश्वकर्मा ने किया। स्वागत भाषण बुद्धेश्वर मुर्मू जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला परिषद सदस्य गीतांजलि महतो ने की। कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ली। जिसमें प्रमुख रूप से कड़ाकर गौड़ के नेतृत्व में लोगों सदस्यता ली तो कांग्रेस के जिला महासचिव नवीन



कुमार के नेतृत्व में भी काफी लोगों ने सदस्यता हासिल की। हिंदू राष्ट्र सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय कोड़ा, झामुमो नेता मनजीत सिंह ने समर्थकों संग पार्टी की सदस्यता ली। एसिया के वाइस प्रेसिडेंट सुधीर कुमार सिंह ने भी दलबल के साथ पार्टी में योगदान दिया। महिला नेत्री में ज्योत्सना सरकार भी आजसू पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी सुप्रीमो सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार जिन मुद्दों को सामने रखकर झारखंड में सरकार स्थापित किया। उन्ही खनिज संपदा का आज लूट मचा हुआ है।उन्होंने कहा झामुमो ने परिवार को राज्य में स्थापित करने के साथ झारखंड को विस्थापित करने का लक्ष्य बना लिया है। जमशेदपुर लोकसभा के एनडीए गठबंधन के प्रत्यासी विद्युत वरण महतो को इस चुनाव में चार लाख के अंतर से जीत दिलाने का संकल्प आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं को दिलाया। एनडीए गठबंधन प्रत्यासी सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा की लोकसभा चुनाव में मेरे जीत दर्ज करने में आजसू पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिर से एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी। जिसका आकड़ा चार सौ पार होगा। आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने संबोधन में कहा कि आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर एनडीए गठबंधन के प्रत्यासी विद्युत वरण महतो को एतिहासिक जीत दिलाने का काम करेंगे।

संक्षिप्त खबरें

## मैट्रिक की परीक्षा में कम अंक आने पर छात्र ने की आत्महत्या



**गुमला** : गुमला जिला अंतर्गत रायडीह थाना स्थित जर्जटा तेतर टोली निवासी 15 वर्षीय छात्र आशित लकड़ा ने राजकीय मध्य विद्यालय शलकाया से मैट्रिक का परीक्षा लिखा था, रिजल्ट आने पर उसने देखा की उसे मात्रा और मात्र 45 प्रतिशत अंक ही प्राप्त कर, द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण किया हैं, यह बात उसे ना गवारा गुजरा और उससे अपने आत्मा आत्मसम्मान पर गहरा चोट लगा और वह डिप्रेशन में चला गया और शनिवार के संध्या उसने अपने घर के पास स्थित इमली के पेड़ में रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया, यह देख ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों और बाद में उक्त घटना की सूचना रायडीह थाना पुलिस को दी गई। उक्त सूचना मिलते ही रायडीह थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू करते हुए। उक्त शव को उक्त इमली पेड़ से आशित लकड़ा के शव को उतरवा गया और उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया। जहां उक्त शव को आर्चरी में रखवाया गया और आज पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर यूडी केस दर्ज किया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी हैं।

## शहीद जीतराम बेदिया के शहादत दिवस पर मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन



**अनगडा** : गेतलसुद बिशा में जयराम स्पोर्ट्स अकेडमी बीशा के तत्वाधान में शहीद जीतराम बेदिया के शहादत दिवस पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एकेडमी के अकादमी के द्वारामैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया दौड़ गेतल सुद चौक से जीतराम बेदिया चौक तके 23 अप्रैल को समय दो बजे पुरस्कार वितरण किया जाना है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनगडा प्रमुख दीपा उरांव बिसा मुखिया मंज्योती देवी जलेंद्रा प्रसाद जयराम बेदिया रोहित जुकेशवर बेदिया विभीषण बेदिया छोटू बेदिया आदि शामिल थे।

## महावीर स्वामी के जन्म कल्याण दिवस पर प्रभात फेरी का हुआ आयोजन



**सरिया (गिरिडीह)** : जैन समाज द्वारा रविवार को सरिया में भगवान महावीर स्वामी के 2523 वें जन्म कल्याण महोत्सव मनाया गया. इस अवसर पर सरिया स्थित जैन समाज के सैकड़ो महिला पुरुष बच्चों द्वारा स्टेशन रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई जो पूरे सरिया बाजार की मुख्य सड़कों पर घूमते हुए एफसीआई रोड होते हुए मंदिर पहुंचे इस बीच समाज के लोगों द्वारा नगर कीर्तन आयोजित किया बड़े मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का महामस्तकाभिषेक तथा शांति धारा का आयोजन किया गया, पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात इस भीषण गर्मी तथा कड़ी धूप में प्यास से मुक्ति पाने हेतु आमजन के लिए सरिया बाजार में पनशाला का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर बिरनी के अंचल अधिकारी शशांक जैन ने महावीर स्वामी के संदेश को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का संदेश जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्मः का पालन हमें आवश्यक रूप से करनी मौके पर राजेश जैन, सुनील झांझरी, शशांक जैन, मोनिला जैन, विक्की जैन, पवन जैन, सचिन जैन, छेदीलाल जैन,संतोष जैन, रंजू जैन, प्रवीण जैन,विकास जैन, डिंपल जैन, अजीत जैन, रूपल जैन,सरिता जैन, अर्चना जैन, राजीव जैन, संजय जैन सहित सकल जैन समाज सरिया के लोग शामिल थे।

## लोकतंत्र के महापर्व पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में विद्वत परिषद की हुई बैठक



**गुमला** : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में विद्वत परिषद के तहत आगामी लोकसभा चुनाव की दशा एवं दिशा पर परिचर्चा की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में वोटिंग के प्रति जन जागरण था। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित के.ओ कॉलेज के प्रोफेसर दिलीप कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें ऐसे प्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए जो राष्ट्र हित की सोचे, राष्ट्रहित का पैमाना शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार है जिस पर देश के सभी नागरिकों का समान अधिकार है । उन्होंने वर्तमान सरकार के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा देश में विकास हुआ है लेकिन अभी भी कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां सरकार को अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अपने अध्यक्षीय भाषण में विजय बहादुर सिंह ने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए हमें निर्णय लेना है कि हम किस प्रकार से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने लोकसभा के प्रथम चरण में कम मतदान होने पर भी चिंता व्यक्त की। इससे पूर्व मुख्य अतिथि दिलीप कुमार, स्थानीय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा, प्रभारी प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार पूर्व आचार्य भोलानाथ दास, निरंजन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच का संचालन आशा कुमारी तथा अतिथि परिचय संजय कुमार के द्वारा किया गया। विषय प्रवेश आचार्य गणेश कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्वत परिषद की प्रमुख आचार्य योगेंद्र कुमार के द्वारा किया गया तथा उनके धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# आखिर क्यों धधक रही है पृथ्वी?



योगेश कुमार गोयल

**अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है, उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।**

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं।

प्रकृति पिछले कुछ वर्षों से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत दे रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि बड़ी बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है।



धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे।

सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। बहरहाल, अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है, उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरण मामलों के जानकार तथा पर्यावरण पर बहुचर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के लेखक हैं)

## संपादकीय

# जनादेश की गारंटी

सर्वोच्च न्यायालय ने लोक सभा सभा के प्रथम चरण के मतदान से एक दिन पहले चुनावी मशीन की विसनीयता के बारे में यही कहा। एडीआर और अन्य की तरफ से जारी जनहित याचिकाओं पर दूसरे दिन सुनवाई करते हुए ईलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन पर संदेह जताने को सही नहीं बताया। इस पर फैसला अभी आना है। पर इन टिप्पणियों से ईवीएम पर न्यायालय के रु ख का पता चलता है। स्वदेश निर्मित ईवीएम मशीन से चुनाव बीसवीं सदी के नौवें दशक से ही कराया जा रहा है। इसके पहले, 1982 में केरल की परवूर विधानसभा उपचुनाव में उसे कुछ बूथों पर आजमाया गया था। इसकी खामियों को दुरु स्त कर इसे प्रयोग-सक्षम बनाया गया। ईवीएम के जरिए यूपीए ने दो आम चुनाव जीते हैं और केंद्र में उनकी दो सरकारें बनी हैं। इसके पहले एनडीए की भी सरकार बनी है। विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव ईवीएम से ही हुए हैं। इसके बावजूद हारे हुए दल या गठबंधन हर आम चुनाव के वक्त ईवीएम को हटाने या उसे वीवीपीएटी से लैस करने की मांग चुनाव आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक करते रहे हैं। आयोग की तरफ से हर चुनाव के पहले उनके समक्ष ईवीएम के फूलप्रूफ डेमो के जरिए चिंताओं के निराकरण के बावजूद सवाल उठाते रहना एक रस्मी कवायद है। उनका आरोप होता है कि इसमें डाले गए वोट भाजपा को मिलते हैं। पहले के कुछ उदाहरण इसकी तस्दीक भी करते थे पर यह तो मशीनी गड़बड़ी हो सकती थी। अब तो इसमें पर्याप्त सुधार किया गया है। तभी तो सर्वोच्च न्यायालय ने चार करोड़ टेस्टेड डेटा पर अपना भरोसा जताया है। यह सही भी है। ऐसा नहीं होता तो यूपीए ही लगातार जीतता होता या एनडीए का राज बदस्तूर रहता। दलों को चुनावों में इतना पैसा और पसीना नहीं बहाना पड़ता। ईवीएम अपने आका को तश्तरी में नतीजे परोस देती। न्यायालय ने रस्मी याचियों से स्पष्ट कर दिया है कि बैलेट पेपर और बक्से की झीना-झपटी वाले प्रतिगामी चुनावी दौर में भारत जैसे महादेशड़ को नहीं लौटाया जा सकता। यह जर्मनी नहीं है। अलबत्ता, इस मसले पर फिर उंगली न उठे इस लिहाजन हर वोट का हिसाब रखने के लिए ईवीएम को वीवीपीएटी के साथ जोड? पर विचार किया जा सकता है। अंतिम परिणाम में देरी के बावजूद। चुनाव बिल्कुल शुद्ध-पवित्र तरीके से होना चाहिए ताकि उसके जनादेश की गारंटीड़ हो। सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी में अवाम का मत है।

## चिंतन-मनन


# मृत्यु का अर्थ

मृत्यु एक शात सत्य है। यह अनुभूति प्रत्यक्ष प्रमाणित है, फिर भी इसके संबंध में कोई दर्शन नहीं है। अब तक जितने ऋषि-महर्षि या संत-महंत हुए हैं, उन्होंने जीवन दर्शन की चर्चा की है। जीवन के बारे में ऐसी अनेक दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनसे जीवन को सही रूप में समझा जा सकता है और जिया जा सकता है। किंतु मृत्युक को एक अवश्यंभावी घटना मात्र मानकर उपेक्षित कर दिया गया। मृत्यु के पीछ भी कोई दर्शन है, इस रहस्य को अधिक लोग पकड़ ही नहीं पाए। यही कारण है कि जीवन दर्शन की भांति मृत्यु दर्शन जीवन में उपयोगी नहीं बन सका।

जैन दर्शन एक ऐसा दर्शन है जिसने जीवन को जितना महत्व दिया, उतना ही महत्व मृत्यु को दिया। बशत्रे कि वह कलात्मक हो। कलात्मक जीवन जीने वाला व्यक्ति जीवन की सब विसंगतियों के मध्य जीता हुआ भी उसका सार तत्व खींच लेता है। इसी प्रकार मृत्यु की कला समझने वाला व्यक्ति भी मृत्यु से भयभीत न होकर उसे चुनौती देता है। जैन दर्शन में इसका सर्वांगीण विवेचन उपलब्ध है।

मृत्यु का अर्थ है- आयुष्य प्राण चुक जाने पर जीव का स्थूल शरीर से वियोग इसके कई प्रकार हैं। उन सबका संक्षिप्त वर्गीकरण किया जाए तो मृत्यु के दो प्रकार होते हैं- बाल मरण और पंडित मरण. असंयम और असमाधिमय मरण बाल मरण है।अकाल मृत्यु, आत्महत्या, अज्ञान मरण आदि सभी प्रकार के मरण बाल मरण में अंतर्निहित हैं। संयम और समाधिमय मृत्यु पंडित मरण है। जीवन के अंतिम क्षणों में भी संयम और समाधि का स्पर्श हो जाए तो वह मरण पंडित मरण की गणना में आ जाता है। कुछ व्यक्ति मौत के नाम से ही घबराते हैं। वे जीवन को महत्व देते हैं। अपना-अपना चिंतन है। मुझे इस संबंध में अपने विचार देने हों तो मैं मृत्यु को वरीयता दूंगा। क्योंकि जीवन की सार्थकता भी मृत्यु पर ही निर्भर करती है। किसी व्यक्ति ने तपस्या की है और जागरुकता के साथ धर्म की आराधना की है, तो उसका फल समाधिमय मृत्यु ही है।

# झूठ के हलफनामे और हलफनामों का झूठ



राकेश अचल

भारत के नेता कितना झूठ बोल सकते हैं ,इसकी कल्पना दुनिया का कोई मनोवैज्ञानिक,चिकित्स्क या वैज्ञानिक नहीं कर सकता । भारत के नेताओं की पोल उस वक्त खुलती है जब देश में चुनाव होते है। देश में इस समय लोकसभा के चुनाव चल रहे है। इन चुनावों में जो प्रत्याशी हैं उनके सम्पत्ति के बाबद दिए जा रहे हलफनामें देखकर हंसी आती है। लेकिन केंचुआ के पास ऐसी कोई दूरबीन नहीं है जो इन हलफनामों की जांच कर सके। इस मामले में सभी दलों के नेता एक से बढ़कर एक हैं।

लोकसभा चुनाव में भाजपा का नेतृत्व करने वाले देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह के हलफनामे से ही बात शुरू करते हैं। गांधीनगर से भाजपा उम्मीदवार और गृह मंत्री अमित शाह के पास 20 करोड़ की चल और 16 करोड़ की अचल संपत्ति है लेकिन शाह के पास खुद की कार नहीं है। आयोग में दाखिल चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास 72 लाख के गहने हैं। इनमें उनके खरीदे हुए सिर्फ 8.76 लाख के हैं। पत्नी के पास सोने के 1620 ग्राम और हीरे के 63 कैरेट के गहने हैं।गृह मंत्री के पास 24,164 रुपये नकद, 42 लाख का लोन भी। शाह साहब करोड़पति होकर भी कार क्यों नहीं खरीद पाए ये एक रहस्य है। इसका उद्घाटन वे खुद कर सकते हैं या राम जी।

कहते हैं कि राजनीति में आने से पहले वे मनसा में प्लास्टिक के पाइप का पारिवारिक व्यवसाय संभालते थे। वे बहुत कम उम्र में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे। 1982 में उनके अपने कॉलेज के दिनों में शाह की भेंट नरेंद्र मोदी से हुई। 1983 में वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और इस तरह उनका छात्र जीवन में राजनीतिक रुझान बना।शाह साहब 1997 सेचुनाव लड़ रहे है। पहले वे विधायक हुआ करते थे,अब देश के गृहमंत्री है। उनका खानदानी पेशा दलाली [ब्रोकरेज ] का है। शाह जी ने अब तक 5 विधानसभा चुनाव लाडे और जीत। लोकसभा का पहला चुनाव उन्होंने 2019 में लड़ा और जीते,जीते ही नहीं सीधे गृहमंत्री भी बनाये गए ,लेकिन बेचारे 27 साल में एक कार नहीं खरीद पाए।

अब आपको मै पूरे 543 नेताओं के हलफनामे तो दिखा नहीं सकता किन्तु जो दिलचस्प हैं उनकी बात अवश्य करता हूँ । अल्पसंख्यकों के नेता औबेसी का चुनावी हलफनामा औबेसी की सम्पत्ति का खुलासा करता है। चुनाव आयोग में भरे अपने हलफनामे में असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी संपत्ति को लेकर खुलासा किया है. इसके मुताबिक उनके पास 2.80 करोड़ रुपए की चल संपत्ति हैं. इसमें कैश, सोना, बीमा जैसे चीजें शामिल हैं। ओवैसी की पत्नी के नाम पर 15.71लाख रुपए की चल संपत्ति दर्शाई गई है , जबकि उनके पास 16.01 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति भी है। 1994 से चुनावी राजनीति में सक्रिय औबेसी ओवैसी पर 7 करोड़ रुपए का लोन भी है। उन्होंने एक घर लोन पर लिया है जिसकी कीमत 3.85 करोड़ रुपए है।

सबसे दिलचस्प हलफनामा मध्यप्रदेश के 18 साल मुख्यमंत्री रहे मामा शिवराज सिंह चौहान का है।विदिशा लोकसभा के बीजेपी प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने वाले शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव आयोग को दिए हलफनामे में बताया है कि उनके पास 1,24,85,475 रुपये की चल और 2,17,60,000 रुपये की अचल संपत्ति है. शिवराज की पत्नी साधना सिंह की संपत्ति भी 5 महीनों में 15 लाख रुपए बढ़ी है. अगर नकदी की बात करें तो शिवराज सिंह चौहान के पास कुल 2 लाख 5 हजार रुपये नकद हैं, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के पास करीब 1 लाख 65 हजार रुपये नकद हैं. शिवराज सिंह चौहान के पास कोई कर्ज भार नहीं है, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के ऊपर करीब 64 लाख रुपये का कर्ज है। मजे की बात ये की हमारे मामा के पास भी कोई कार नहीं है। मामा कार लेकर करते भी क्या? उन्होंने तो पूरे १८ साल सरकारी हवाई जहाज और हैलीकाप्टर को स्कूटर की तरह जोता था।

हमारे देश में गरीबी अभिशाप और अमीरी वरदान है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों के हलफनामे देखकर आप चौंक सकते है। लेकिन मै आपको अभी तक आये हलफनामों के आधार पर बता सकता हूँ कि सबसे अमीर और सबसे गरीब प्रत्याशी कौन रहा । केंचुआ के आंकड़ों के मुताबिक सबसे अमीर उम्मीदवार मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से मौजूदा सांसद और कांग्रेस नेता नकुल नाथ हैं। वे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे हैं और उनके पास 716 करोड़ रुपये की सम्पत्ति है। 2019 के लोकसभा चुनाव में नकुलनाथ मध्य प्रदेश से जीतने वाले इकलौते उम्मीदवार थे। दूसरी ओर, तमिलनाडु के थूथुकुडी से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पोनराज के सबसे गरीब उम्मीदवार हैं, क्योंकि चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास सिर्फ 320 रुपये की संपत्ति है।

भारतीय लोकतंत्र की यही विशेषता है कि यहां गरीब से गरीब और अमीर से अमीर व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। लोग बेकार ही चुनाव लड़ने के लिए इलेक्टोरल बांड के फेर में पड़ते हैं। हमारे शहर ग्वालियर से चाय बेचने वाले एक सज्जन सिर्फ इसलिए लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं कि कहीं उन्हें भी मोदी जी की तरह कोई मौका मिल जाये। जाहिर है कि जितने भी प्रत्याशी हैं वे चुनाव आयोग की ही नहीं बल्कि देश की जनता की आँखों में धुल झौंकते हुए अपनी समपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करते हैं। लेकिन इन हलफनामों की न किसी ने शिकायत की और न कभी किसी ईडी या किसी अदालत ने स्वयं संज्ञान लेकर इनकी जांच करने की जरूरत समझी। इस मामले में अज्ञानी रहने में ही समझदारी है। हमारे यहां झूठी हलफ उठाने की पुरानी रिवायत है । लोग चुनाव लड़ते हैं तो संविधान की हलफ उठाते हैं और जब पंचायतों में जाते हैं तो गंगाजल को हाथ में लेकर हलफ उठाते हैं ,लेकिन सच कभी नहीं बोलते। नेताओं का सच तो लाइ डिटेक्टर मशीन भी नहीं उगलवा पाती । हलफनामें केवल देने के लिए होते हैं और गंगाजल हलफ उठाने के लिए। अदालतों में पवित्र गीता के नाम पर हलफ उठाई जाती है। इसके पीछे भी यदि सरकार खोज कराये तो पाएगी कि किसी सनातनी का दिमाग होगा ,अन्यथा अदालतों में हलफ उठाने के लिए गीता के साथ ही रामायण,कुरान ,बाइबल और गुरु ग्रन्थ साहिब को भी सूची में शामिल न किया जाता।

# वैश्विकी : संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन



डॉ. दिलीप चौबे



संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता को लेकर रखा गया प्रस्ताव अमेरिका के वीटो के कारण पारित नहीं हो सका। प्रस्ताव के पक्ष में बारह मत पड़े और केवल अमेरिका ने इसके विरोध में वोट दिया। ब्रिटेन और स्विटजरलैंड ने मतदान में भाग नहीं लिया। जातीय एकजुटता के कारण ब्रिटेन अमेरिका का विरोध नहीं कर सकता लेकिन स्विटजरलैंड का रवैया विचारणीय है। स्विटजरलैंड आम तौर पर पूरी तरह तटस्थता का रवैया अपनाता रहा है, लेकिन फिलिस्तीन की सदस्यता पर उसका मौन रहना समझ से परे है। इससे यह पता लगता है कि यूक्रेन संघर्ष के बाद दुनिया में शांति की बजाय युद्ध की भावना बलवती हो रही है। अमेरिका के दबाव में जापान और स्कैंडिनेवियाई देशों स्वीडन और नार्वे जैसे देशों ने भी संघर्ष और युद्ध की मनोवृत्ति को अपनी विदेश नीति का मानो हिस्सा बना लिया है।

करीब पैंतीस हजार लोगों की मौत और लाखों लोगों के घायल होने के बावजूद अमेरिका मानवीय रवैया अपनाने की बजाय इजराइल के युद्ध प्रयासों का समर्थन कर रहा है। दो राज्यों (इजराइल और फिलिस्तीन) की स्थापना के पक्ष में बयानबाजी करने के बावजूद यह जाहिर है कि अमेरिका का सत्ता प्रतिष्ठान इजराइल की ही तरह स्वतंत्र फिलिस्तीन के पक्ष में नहीं है। राष्ट्रपति चुनाव के दौर में मतदाताओं के दबाव में बाइडन प्रशासन फिलिस्तीन में मानवीय संकट को लेकर बयानबाजी अवश्य कर रहा है, लेकिन कोई ठोस कदम उठाने में दिलचस्पी नहीं रखता। अमेरिका में फिलिस्तीन के पक्ष में युवा वर्ग और छात्र समुदाय सड़कों पर उतरा है। लेकिन सत्ता प्रतिष्ठान इसे लगातार नजरअंदाज करता रहा है।

कुछ विश्लेषक आरोप लगाते हैं कि अमेरिका में 'यहूदी लॉबी' हावी है। कोई भी राष्ट्रपति इस लॉबी का विरोध नहीं कर सकता। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू स्वतंत्र फिलिस्तीन राज्य के पूरी तरह खिलाफ हैं। निकट भविष्य में कभी फिलिस्तीन पूर्ण एवं स्वतंत्र राज्य बन सकेगा, इसकी संभावना नहीं है। इस बीच, पश्चिम एशिया में संघर्ष के इस मुख्य मुद्दे का समाधान हो सकेगा, इसकी संभावना अभी नहीं है।

ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष ने पश्चिम एशिया के पूरे परिदृश्य को भयावह कर दिया है। चिंता की बात यह है कि अमेरिका में राजनीतिक नेतृत्व अब ईरान-रूस-चीन के शैतानी त्रिगुट की बात कर रहा है। इसमें उत्तर कोरिया को भी शामिल किया जा सकता है जिसके बाद यह शैतानी क्वाड बन जाएगा। एक क्षेत्रीय मुद्दा विश्व नेताओं की लापरवाही के कारण किस तरह विश्वव्यापी अशांति का कारण बन सकता है, इसका यह सटीक उदाहरण है। फिलहाल, ईरान और इजराइल के बीच अखाड़े में युद्ध का पहला राउंड खत्म हो गया है और दोनों पहलवान सुस्ताने की मुद्रा में हैं। पूरी संभावना है कि पूरे दम-खम के साथ वे फिर अखाड़े में उतरेंगे। विश्व समुदाय दर्शक गैलरी से तब तक तमाशा देखेगा जब तक कि यह भयावह खेल उनके लिए प्रत्यक्ष खतरा नहीं बनता।

हाल के महीनों में रूस ने इजराइल के खिलाफ तीखे तेवर अपनाए हैं। उसने इजराइल के विरुद्ध प्रतिबंध लगाने तक की मांग की है। वास्तव में रूस इजराइल से अधिक उसके पैरोकार अमेरिका को निशाना बना रहा है। भारत ने ईरान और इजराइल के संघर्ष में अपनी संतुलन की नीति को कायम रखा है। जिहादी आतंकवाद का सामना करने वाला भारत इजराइल का एक स्वाभाविक सहयोगी है, लेकिन साथ ही भारत ग्लोबल साउथ के अन्य देशों की तरह फिलिस्तीन का समर्थक भी है। ईरान के बारे में भी भारत इजराइल का साथ देने की स्थिति में नहीं है।

ईरान में इस्लामी क्रांति के बावजूद भारत और ईरान एक ही सभ्यागत भू-भाग के हिस्से हैं। सभ्यता और संस्कृति की दृष्टि से अरब देशों की तुलना में ईरान हमारे अधिक नजदीक है। साथ ही, मध्य एशिया और रूस तक संपर्क सुविधा के लिहाज से भी ईरान का केंद्रीय महत्त्व है। ईरान में चाबहार बंदरगाह का एक हिस्सा भारत संचालित करता है। अंतरराष्ट्रीय दक्षिण-उत्तर परिवहन गलियारा इसी बंदरगाह पर निर्भर है। अमेरिका यदि चाबहार बंदरगाह के संदर्भ में प्रतिबंध लगाता है, तो यह भारत के लिए बहुत चिंता की बात होगी।

## मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली गई रैली

# मतदान करना है हम सब की जिम्मेदारी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल लोकसभा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला स्वीप कोषांग साहेबगंज के बैनर तले मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जहां रैली का जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से नेतृत्व किया। रैली रेलवे जेनरल इंस्टिट्यूट से आरंभ होकर गांधी चौक, पटेल चौक, स्टेशन रोड, ग्रीन होटल, टमटम स्टैंड, टाउन हॉल, पूर्वी फाटक, सुभाष चौक, होते हुए पुलिस लाईन मैदान मे संपन्न हुआ। जहां पुलिस लाईन मैदान में उपायुक्त द्वारा सभी प्रतिभागियों, मतदाताओं और उपस्थित आमजनों को मतदाता शपथ दिलायी गई। रैली में मतदाताओं को मतदान की महत्ता से स्लोगनों व नारों के माध्यम से जागरूक किया। अभियान के तहत लोगों को अवगत कराया गया कि जिले में मतदान सबसे अंतिम चरण में है, जिसकी तिथि 01 जून है। अतः सभी लोग अवश्य रूप से मतदान करने जाएं। मताधिकार का प्रयोग बिना किसी प्रलोभन में आये एवं बिना किसी डर व भय के करें। वैसे युवा जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है एवं मतदान पहचान पत्र नहीं बना है, उन्हें अपना मतदान पहचान पत्र यथाशीघ्र बनवाने हेतु प्रेरित किया गया ताकि वे भी इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। रैली में आंगनबाड़ी सेविकाएं, जेएसपीएल की सखी दीदी, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, एसबीआई आरएसईटीआई, जल सहिया, इंडियन रेट क्रॉस सोसाइटी, ईस्टर्न झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, अखिल



भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन, एसईआरयूएम, राजकीयकृत मध्य विद्यालय तालबन्ना, मध्य विद्यालय पुलिस लाइन उत्क्रमित उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोखरिया के बच्चों ने संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता रैली को सफल बनाने में भाग लिया। चाहे जो हो मजबूरी वोट देना बहुत जरूरी जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त ने अपने संबोधन में बताया की जिले में आगामी 1 जून दिन शनिवार को लोकसभा मतदान होगा। आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में इस वर्ष मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य है। जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम चल रहा है। ग्रामीण मतदाताओं को प्रेरित कर बूथ तक लाने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन इसके लिए कटिबद्ध है। आप सभी मतदाता वोट अवश्य करें लोकतंत्र को सशक्त बनाएं साथ ही युवा-युवतियां जिनका 18 वर्ष हो चुका है लेकिन अभी तक उनके द्वारा वोट नहीं डाला जा रहा था, उनको भी वोट का महत्व को समझाते हुए इस बार जरूर से वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया तथा उनको मतदान करने के लिए शपथ दिलाई जा रही। साथ ही वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि मतदान करना हर एक व्यस्क व्यक्ति का अधिकार है जिसका उन्हें लाभ जरूर लेना चाहिए। लेकिन बहुत से लोग इसके लिए जागरूक नहीं रहते घर के काम और जरूरी दिनचर्या निभाने में लोग मतदान को अहमियत नहीं देते। इसके लिए लोगों को जागरूक होना चाहिए और उन्हें यह समझना चाहिए कि उनका एक वोट उनका अगला पांच वर्ष निर्धारित करता है। अपने क्षेत्र में सही प्रतिनिधि का चुनाव के लिए उनका एक वोट बहुत मायने रखता है। इसलिए उन्हें वोट डालने जरूर जाना चाहिए। ऐसी सभी जानकारियां हर घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हमारी और आपकी है। वही स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी डॉ0 सुमन गुप्ता ने संबोधित करते हुए मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने की अपील किया गया साथ ही नारे एवं स्लोगन लगाए गए, छोड़ो अपने सारे काम चलो करें पहले मतदान, लोकतंत्र तभी हो महान जब हम करें मतदान,आन बान शान से लोकतंत्र सशक्त हो अपने मतदान से। वहीं रैली में जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की सम्मिलित रहे।

## एक नजर

### बरही वासियों को जाम से कब मिलेगी मुक्ति

**बरही :** बरही को राष्ट्रीय चौराहा कहा जाता है लेकिन यह राष्ट्रीय चौराहा ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहा है। यहां की ट्रैफिक व्यवस्था काफी स्लो है, जो लोगों के जी का जंजाल बनी हुई है। पुलिस प्रशासन की भी सारी नीतियां फेल हो चुकी हैं। आर्थिक राजधानी कही जाने वाला बरही की सड़कों पर वाहनों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण लोगों को ट्रैफिक का भी सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय चौराहा होने के कारण एम्बुलेंस, वीआईपी, वीवीआइपी लोगों का भी आवागमन इसी रास्ते से होता है बावजूद इसके जाम की स्थिति से निपटने के लिए कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है। जाम में घंटों तक फंसे लोग न केवल परेशान होते हैं, बल्कि उन्हें अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने में भी देरी होती है। जाम में फंसे लोगों के समय और वाहन के ईंधन दोनों की बबार्दी होती है। इसके अलावा बढ़ते वाहनों की संख्या के चलते प्रदूषण भी बढ़ रहा है। प्रचंड गर्मी में घण्टों घण्टा बरही चौक पर लग रहे जाम से यात्री परेशान नजर आ रहे है और कोई दूसरे रास्ता को तलाश रहे है।

### इंग्लिश क्रिकेट टीम ने 52 रन से जीत हासिल की

**उधवा:** जागो हक के लिए लड़ो संघर्ष समिति उधवा के ओर से उच्च विद्यालय उधवा खेल स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को इंग्लिश बनाम उधवा के बीच खेला गया। जिसमें इंग्लिश गांव के विजेता टीम ने प्रथम पाली में तीन विकेट खो कर 192 रन बनाया, जबकि दूसरा टीम उधवा के चार विकेट खोकर 140 रन ही बना पाए। 52 रन से उधवा प्रखंड के सरफराजगंज पंचायत के इंग्लिश टीम ने उधवा टीम को पराजित किया। जानकारी के अनुसार उधवा प्रखंड के उच्च विद्यालय उधवा खेल स्टेडियम में जागो हक के लिए लड़ो संघर्ष समिति उधवा की ओर से तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उक्त टूर्नामेंट में विभिन्न पंचायत से कुल 8 टीम ने हिस्सा लिया , रविवार को इंग्लिश बनाम उधवा के टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज इंग्लिश टीम के असफाक हुसैन को दिया गया जिन्होंने छह गेंद पर छह छक्का दागे। विजेता टीम को डबल डोर के रेफ्रिजरेटर (फ्रिज) व उप विजेता टीम को छोटा रेफ्रिजरेटर (फ्रिज) तथा सभी खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। समिति के तरफ से इंग्लिश टीम के कप्तान फीटू पठान एवं उधवा टीम के कप्तान अतीकुल इस्माल को बधाई दी गई। वहीं मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता नसीम अख्तर, जागो हक के लिए लड़ो संघर्ष समिति के अध्यक्ष मैदुल रहमान, सचिव रफीकुल आलम उर्फ टिंकू, अताउर रहमान, कवारिया के अलावा अन्य लोक उपस्थित थे।

# पुलिया निर्माण के कारण बाधित हुआ पानी, किसान बोल रहे त्राहिमाम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/ उधवा :** प्रखंड क्षेत्र के हजारों किसान पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। इन क्षेत्रों में खरीफ फसल के अतर्गत पटसन की खेती अधिक से अधिक भागों में किया जाता हैं। अभी खरीफ फसल की बुआई का समय चल रहा हैं, ऐसे में बुआई के लिए पानी की अधिक मात्रा में आवश्यकता होती है, ऊपर से मौसम भी बहुत शुष्क है। परन्तु आश्रित नहर पूर्ण रूप से सुख चुका है और जानकारी के अनुसार किसी प्रकार के बोरिंग की भी सुविधा नहीं है। दरअसल उधवा प्रखंड क्षेत्र के सहमुहम्मदपुर, बैकंठ पुर, सिराशिन, नरसिंघ पुर, बेगमगंज, चाँदशहर, बड़तल्ला आदि मौजा के अंतर्गत हजारों एकड़ उपजाऊ जमीन की सिंचाई एक नहर पर निर्भर करती है, यह नहर गंगा से जुड़ा हुआ है। आपको लग रहा होगा कि सम्बंधित नहर अपने आप में सूख गया है परन्तु ऐसा नहीं है। बरहरवा प्रखंड अंतर्गत बरारी एवं नीमशहर गाँव के बीच सम्बंधित नहर पर पुलिया निर्माण का कार्य बीते दो महीनों से हो रहा है। इस निर्माण कार्य के लिए नहर को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया था। बता दें कि बीते कुछ दिनों पहले स्थानीय किसानों के आग्रह पर बहुत कम मात्रा में पानी छोड़ा गया है। परन्तु प्रभावित क्षेत्रों तक अभी तक पानी नहीं पहुंच पाया है। उधर पुलिया निर्माण के ठेकादार बताते हैं कि जबतक पाया बाँधने का कार्य पूर्ण होने तक सम्पूर्ण पानी नहीं छोड़ा जा सकता हैं। वहीं योगेंद्र घोष, शिवशंकर मंडल, विजय मंडल, भीम मंडल, दीजेन मंडल, राजू मंडल, दिपेन्द्र मंडल, नयन मिश्रा, अनूप कुमार रामानी, प्रतुल मंडल,सहित सम्बंधित किसान बताते हैं कि यदि समय पर पानी नहीं मिला तो हजारों एकड़ जमीन बंजर पड़ जाएगी। इससे हमारे परिवार व समाज को बहुत हानि होगी।

# भीषण गर्मी में भी दिखा बरहरवा में कोहरे का नजारा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** भीषण गर्मी एवं दो दिनों से चल रहे लू के थपेड़ों के बीच रविवार को सुबह करीब 4:00 से लेकर 6:00 बजे तक बरहरवा प्रखंड के पूर्वी इलाके में बेतहाशा कोहरे का असर देखा गया। जहां अन्य दिनों की तुलना में रविवार की रात गर्मी तो थोड़ा कम थी पर जैसे ही रात ढलता गया आहिस्ता आहिस्ता बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के मिजार्पुर, सिरासीन, टिलहा, साहेब डगा, तथा फुटानी मोड़ के आसपास के गांव में कोहरे का असर देखा गया। इतना घना कोहरा था कि सड़कों पर गाड़ियां जगह-जगह पर खड़ी हो गई थी एवं राहगीरों को चलना दुश्वार हो गया था। जहां बुजुर्गों का कहना है कि इतनी भीषण गर्मी तथा लू के थपेड़ों के बीच इतना घने कोहरा उसने पहले कभी नहीं देखा था। कोहरे को देखकर सुबह शाम टहलने वाले लोगों ने भी इसका जमकर मजा उठाया। कुछ लोगों का



यह भी कहना है कि पिछले कई वर्षों के बाद अचानक इस तरह का मौसम में आई गड़बड़ी के वजह से हो सकती है। सुबह 4:00 से प्रारंभ हुई कोहरे की कहर तकरीबन 3 घंटे तक बना रहा जो लगभग सुबह 7:00 बजे समाप्त हुआ। फिर क्या था कोहरे के छटते ही अचानक भीषण गर्मी बढ़ गई और लोग जलने लगा जिस कारण से आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित होता दिख रहा है। भीषण गर्मी के कारण लोग शीतल पेय पदार्थ का सेवन करने लगे हैं तथा खेत खलियानों में काम करने वाले मजदूर अपने घरों में दुबक कर रह गए हैं। रविवार को भीषण गर्मी एवं बे मौसम आई कोहरे के कारण आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।

# ट्रक का टायर फटने से ट्रक ड्राइवर की मौत


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**उधवा :** प्रखंड क्षेत्र के राधानगर थाना क्षेत्र के उधवा पेट्रोल पंप के पास बीते शनिवार की देर रात एक ट्रक का टायर ब्लास्ट होने से उसकी चपेट में आने से ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। मृतक के पिता और चाचा से मिली जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल के मालदा जिला के मानिकचक थाना क्षेत्र के जलालपुर, भल्लू टोला निवासी मो. मुश्ताक अली के पुत्र मो. रिंकू शेख (30) ट्रक ड्राइवर है। रोजाना की तरह गाड़ी लेकर शनिवार की रात करीब 10:30 बजे बरहरवा की ओर से स्टोन चिप्स लोड कर राजमहल फेरी घाट आ रहा था। उसी दौरान बुढ़वा पेट्रोल पंप के पास अचानक गाड़ी में तकनीकी खराबी आ गयी। जिसके बाद सह चालक ताजमुल शेख गाड़ी में जैक लगाने लगा और चालक रिंकू शेख अंदर झांक कर मोबाइल का फ्लैश लाईट जलाकर उसे दिखा रहा था। उसी समय अचानक जोरदार आवाज के साथ गाड़ी का टायर ब्लास्ट कर गया। जिसमें चालक रिंकू बुरी तरह घायल हो गया व सह चालक को हल्की-फुलकी चोट लगी। जहां आनन-फानन में रिंकू को रात में ही इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर, एसआई बिट्टू कुमार साहा मौके पर पहुंच छानबीन किया। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में राजमहल ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज घोष एवं अन्य साथी ड्राइवर मौके पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। मृतक शादी शुदा था और अपने पीछे पत्नी सहित परिवार में माता - पिता और एक दो साल का बेटा छोड़ कर गया है, परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है।

# अवैध गांजा तस्करी में एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विधि व्यवस्था एवं असामाजिक तत्वों की धर पकड़ और मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम हेतु गुप्त सूचना के आधार पर 21 अप्रैल 2024 को पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव साहिबगंज को गुप्त सूचना मिली कि मुजीबुर रहमान पिता स्व; इमाम शेख, साकिन विशनपुर, थाना रांगा, जिला साहिबगंज के रहने वाले के घर में अवैध रूप से मादक पदार्थ की तस्करी बिक्री की जा रही है। उक्त सूचना पर वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए वरीय पदाधिकारी के सहयोग से मुजीबुर रहमान के घर विधिवत छापामारी कर अवैध मादक पदार्थ गांजा को बरामद कर विधिवत जप्त किया गया है एवं अभियुक्त मुजीबुर



रहमान को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। अन्य सहयोगी की भी गिरफ्तारी एवं सत्यापन का प्रयास किया जा रहा है। जहां अवैध गांजा भूरा रंग के प्लास्टिक टैप से पैक ऊपर में खुला एक बंडल गांजा जिसका वजन 900 ग्राम प्लास्टिक टैप सहित एवं सफेद पॉलिथीन में बंधा हुआ गांजा वजन 130 ग्राम पॉलिथीन सहित और कागज के पुड़िया में बंधा हुआ 74 पुड़िया गांजा जिसका वजन 230 ग्राम कागज सहित जप्त किया गया है। वही छापामारी दल में मंगल सिंह जमुदा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरहरवा, सुधीर पोद्दार पुनि बरहरवा प्रभाग, साहिबगंज, पुअनि अरुण कुमार सिंह थाना प्रभारी रांगा, पुअनि नेल्सन टॉपनों रांगा थाना, पुअनि महादेव होरो रांगा थाना, आ 347 उमेश राम रिजर्व गार्ड रांगा थाना, आङ्क 262 राजनाथ साव रिजर्व गार्ड रांगा थाना, आ 354 धर्मेंद्र कुमार बैठा रिजर्व गार्ड रांगा थाना, आ 181 सतीशचंद्र मुंडा रिजर्व गार्ड रांगा थाना, चाङ्क आङ्क मनोज पासवान रांगा थाना सामिल थे।

# बंगलिया गांव में आग लगने से 8 घर जलकर राख

**पीड़ित बोले लाखों की संपत्ति जली, प्रशासन से मांगी मदद**

**प्रखंड प्रशासन ने पीड़ित परिवार को उपलब्ध करायी राहत सामग्री**

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मंडरो:** प्रखंड मुख्यालय के आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित सिमड़ा पंचायत के बंगलिया गांव में रविवार दोपहर अचानक भीषण आग लगने से 8 घर जलकर राख हो गए। आग लगने के बाद अफरा-तफरी मचा रहा। दमकल वाहन आते-आते सभी घर जलकर नष्ट हो गए। घर के सारे सामान भी आग के भेंट चढ़ गए जिसमें अनुमानित 15 लाख से अधिक की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। सूचना के बाद मौके पर मंडरो बीडीओ मेघनाथ उरांव, सीओ पंकज कुमार भगत, पंचायत के मुखिया राजेश मरांडी पहुंचे। आग लगने के सही कारण



का पता नहीं चल पाया है। इधर ग्रामीण एवं प्रखंड प्रशासन की पहल पर मंडरो वन विभाग एवं बोआरीजोर मिजाचौकी सड़क निर्माण कार्य कर रहे संवेदक का पानी टंकर मंगवाते हुए अग्निशमन विभाग को टेलीफोन पर सूचना दी गई ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दमकल विभाग के पदाधिकारी को सूचना देने के बावजूद काफी देर से दमकल पहुंचने पर तब तक आग पर काबू पा लिया गया था। इधर आगलगी में पीड़ित परिवार का नाम सिरु मुर्मू पिता मुचिया मुर्मू, चुड़की हेंब्रम पिता मुचिया मुर्मू, बबलू मुर्मू पिता चेतन मुर्मू, तालाकुडी हेंब्रम पति राम मुर्मू, मरांगकुडी सोरेन पति सझला मुर्मू, गुलपी सोरेन पति सामू मुर्मू, सोनोत मुर्मू पिता सामू मुर्मू, विक्रम मुर्मू पिता कान्हू मुर्मू शामिल हैं। सभी सिमडा. पंचायत के बंगलिया गांव का रहने वाला है। वही मंडरो सीओ पंकज कुमार भगत ने मौजा के संबंधित राजस्व कर्मचारी एवं पंचायत सचिव को आपसी समन्वय स्थापित कर आग लगी परिवार का संक्षिप्त जांच रिपोर्ट मांगा है ताकि उसी के आधार पर सभी पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के तहत लाभ दिलाया जा सके। इधर बीडीओ मेघनाथ उरांव, सीओ पंकज कुमार भगत ने मीडिया को बताया कि सरकारी प्रावधान के तहत सभी पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने की बात कही है। इधर प्रखंड प्रशासन की ओर से सभी पीड़ित परिवार को तत्काल राहत सामग्री में 25 किलोग्राम चावल, 1 किलोग्राम सरसो तेल, 5 किलोग्राम आलू, 5 किलोग्राम चुडा, चीनी, नमक, माचिस, मोमबत्ती, तिरपाल, मसाला समेत अन्य सामग्री उपलब्ध कराया है।

### हाई टेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से मिनी हाइवा जलकर राख

**मंडरो:** प्रखंड के सीमावर्ती इशीपुर बाराहाट थाना क्षेत्र के नयानगर पेट्रोल पंप के समीप रविवार दोपहर हाई टेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से एक मिनी हाईवा जलकर राख हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस स्थान पर मिनी हाईवा वाहन विद्युत तार की चपेट में आई है इस स्थान पर वाहन चालक के द्वारा हाइड्रोलिक उठाया जा रहा था उसी दौरान अचानक हाई टेंशन विद्युत तार की चपेट में आ गया और मिनी हाईवा धू-धू कर जलने लगी और देखते ही देखते जलकर पूरी तरह राख हो गया। इधर घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को मिला जहां मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है और वाहन को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि उक्त घटना में किसी जान माल का नुकसान नहीं बताया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### गोड्डा लोकसभा प्रत्याशी को बदलने की मांग को लेकर हुआ प्रदर्शन



**देवघर :** रविवार को प्रखंड सारवां में गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडे सिंह चयन के विरोध में बलिडीह मोड में कार्यकताओं के द्वारा आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया गया एवं केंद्र नेतृत्व एवं राज्य के नेतृत्व से आग्रह किया गया है कि प्रत्याशी चयन में पूर्ण विचार किया जाए नहीं तो एक सप्ताह के अंदर हम सभी कार्यकर्ता अलग निर्णय लेने का काम करें। लेकिन आला कमान पर पूर्ण विश्वास है फिर से प्रत्याशी जरूर देने का काम करेंगे।मौके पर डहुआ पंचायत के मुखिया दिवाकर पासवान भंडारो पंचायत के मुखिया विमल यादव झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव विनोद वर्मा समाजसेवी रंजीत यादव शाहबाज हुसैन लालू यादव देवकांत राउत समीद अंसारी , मुर्तजा अंसारी, नियाजुद्दीन अंसारी, अफजल अंसारी उप मुखिया - डहुआ रंजीत यादव पिंकू यादव बबलू यादव दयानंद यादव सुनील यादव हरेंद्र यादव संजय यादव बहादुर यादव चंदन यादव कार्तिक यादव रंजीत यादव महावीर यादव श्रीकांत यादव बाबूराम दास दिवाकर दास ईन्दो मिर्धा तारणी मिर्धा गरीब यादव।

### तेज हवा के कारण सड़क में गिरा पेड़, यातायात हुआ बाधित



**साहेबगंज/उधवा:** जिले भर में बीते कई दिनों से लगातार तेज गति से चल रहे पछिया हवा का कहर जारी है। इसी बीच रविवार को प्रखंड क्षेत्र के बेगमगंज समीप उधवा-सिरासीन एनएच-80 मुख्य पथ में दोपहर को तेज हवा के कारण सड़क किनारे लगे पुराने आम के पेड़ का एक हिस्सा अचानक गिर पड़ा। जहां स्थानीय लोगों के अनुसार गिरता हुआ हिस्सा, विद्युत के दो खम्भे को अपने चपेट में ले लिया। जिससे खम्भा पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया। हालांकि दुर्घटना के समय राहगीर बाल बाल बचे। वहीं दुर्घटना से किसी प्रकार के जान माल की छति नहीं हुई। इस दुर्घटना से कई गांवो में विद्युत बाधित रहा जबकि कई घंटो तक बड़े वाहन की यातायात भी बाधित रही।

### दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ समापन



**साहिबगंज :** शहर के आजाद नगर रोड स्थित झूमावती अस्पताल में नेत्रोदय द आई सीटी हॉस्पिटल बाराणसी एवं झूमावती अस्पताल के सँयुक्त तत्वाधान में चल रहे दो दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर हुआ सम्पन्न। इस नि:शुल्क नेत्र जांच में बनारस से आये डॉ गोविंद बल्लभ खालको एवं डॉ तरुण सिंह के द्वारा 400 लोगो का नेत्र चश्मे, बीपी एवं शुगर का जांच किया गया। वही झुमावती अस्तपताल के प्रबंधक राजेश सिंह ने बताया कि यहां पर पहली बार नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर क्षेत्र के अलावे ग्रामीण क्षेत्र के भी लोग भी आये थे। वही उन्होंने बताया कि यहाँ पर रियायती दरों पर मोतियाबिंद का ऑपरेशन, चश्मे एवं दवाईयां भी लोगो को मिली है। जहां राजेश सिंह ने बताया कि इस तरह के नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर कार्यक्रम का आयोजन अब ग्रामीण एवं आदिवासी बाहुल क्षेत्र में भी किया जाएगा। वहीं शिविर कार्यक्रम में राज कुमार, आकाश के अलावे अस्तपाल कर्मी भी मौजूद थे।

### नाली नहीं, सड़क पर बह रहा गंदा पानी किसी जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं



**कोटालपोखर:** मयुरकोला पंचायत सचिवालय के बगल में बरहरवा पाकुड़ मुख्य सड़क किनारे गांव के गौरव राधे कृष्ण मंदिर की खूबसूरती और भव्यता के इठलाते इस बस्ती की सड़कों और नालियों का बुरा हाल है। यहां नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। दुखद यह है कि इस स्थिति को सामने देखते और झेलने के बावजूद भी लोग इनके निदान की नहीं सोच रहे हैं। फलत: घर से नहा धोकर राधे कृष्ण मंदिर या अन्य मंदिरों में जाने के लिए लोगों को उसी सड़क पर बहते नाली के गंदे पानी पर पैर रखकर ही जाना पड़ रहा है। विद्यालय आने-जाने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधि, राहगीरों, दुकानदारों के साथ-साथ इधर से गुजरने वाले लोगों को भारी दिक्कतें हो रही है। बीच-बीच में स्पीड में सड़क पास करते वाहनों के पहिए से पड़ने वाले छींटों के कारण लोगों के कपड़े भी गंदे हो रहे हैं। लोगों ने बताया कि इस ओर से जनप्रतिनिधियों से लेकर बड़े-बड़े पदाधिकारियों का काफिला भी गुजरता है लेकिन कोई इसकी शुध लेने को तैयार नहीं है। पंचायत प्रतिनिधियों को भी इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। ऐसे में गंदगी से लोगों को जीना मुहाल हो गया है।

### एसडीओ से स्थल जांच कर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग

**हुसैनाबाद (पलामू ):** हुसैनाबाद के पथरा गांव में अनुमंडल पदाधिकारी महोदय द्वारा लगाए गए कब्रिस्तान की भूमि पर धारा 144 एवं थाना प्रभारी महोदय द्वारा किए गए 107 के बावजूद उक्त भूमि पर अवैध रूप से पाइलिंग कर पिलर खड़ा करने एवं गाय-भैंस बांधने के संबंध में बसरुद्दीन अंसारी, पिता स्व. साकिर हुसैन, ग्राम पथरा, पोस्ट कुशा ने एसडीओ सह आईएएस पीयूष सिन्हा को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि मैं बसरुद्दीन अंसारी, पिता स्व. साकिर हुसैन, ग्राम पथरा, पोस्ट कुशा का मूल निवासी हूं। विदित हो कि हुसैनाबाद अंचल अमीन द्वारा मापी कर निकाले गए कब्रिस्तान की भूमि पर कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत चहारदीवारी निर्माण को विनोद पासवान, सनत पासवान एवं अन्य केस कताओं के द्वारा 144 लगवाया गया था। उक्त स्थल पर धारा 144 एवं थाना द्वारा 107 लगाए जाने के बाद भी कब्रिस्तान की भूमि पर केस कताओं के द्वारा जबरन गाय-भैंस बांधा जा रहा है तथा पाइलिंग कर पिलर भी खड़ा किया जा रहा है।

# उपाय खेती की लागत कम करने के

खेती को लाभदायक बनाने के लिए दो ही उपाय हैं- उत्पादन को बढ़ाएँ व लागत खर्च को कम करें। कृषि में लगने वाले मुख्य आदान हैं बीज, पौध पोषण के लिए उर्वरक व पौध संरक्षण, रसायन और सिंचाई। खेत की तैयारी, फसल काल में निंदाई-गुड़ाई, सिंचाई व फसल की कटाई-गहाई-उड़ावनी आदि कृषि कार्यों में लगने वाली ऊर्जा की इकाइयों का भी कृषि उत्पादन में महत्वपूर्ण स्थान है। इनका उपयोग किया जाना आवश्यक है, परंतु सही समय पर सही तरीके से किए जाने पर इन पर लगने वाली प्रति इकाई ऊर्जा की क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। इनका अपव्यय रोककर व पूर्ण या आंशिक रूप से इनके विकल्प ढूँढकर भी लागत को कम करना संभव है।

इस दिशा में किए गए कार्यों व प्रयासों के उत्साहजनक परिणाम प्राप्त हुए हैं। इनसे कृषकों को अधिक लाभ मिलने के साथ ही पर्यावरण को प्रदूषित होने से भी बचाया जा सकता है।

**पौध पोषण** - पौध पोषण के लिए बाजार से खरीदे गए नत्रजन, स्फुर और पोटाशयुक्त उर्वरक उपयोग में लाए जाते हैं। प्रयोगों में पाया गया है कि रासायनिक उर्वरक के रूप में दी गई नत्रजन (जो यूरिया, अमोनियम सल्फेट आदि के द्वारा दी जाती है) का सिर्फ 33-38 प्रतिशत भाग ही उस फसल को प्राप्त हो पाता है।



शेष सिंचाई जल के साथ नाइट्रेट्स के रूप में रिसकर या कम नमी की अवस्था में गैसीय रूप में वातावरण में चला जाता है। इसी तरह स्फुर यानी फास्फोरस का 20 प्रश एवं पोटाश का 40 से 50 प्रतिशत अंश ही उस फसल को मिल पाता है। स्फुर का 80 प्रतिशत अंश तक काली चिकनी मिट्टी के कणों के साथ बँधकर पौधों को उपलब्ध नहीं हो पाता है।

इन उर्वरकों की मात्रा को कम करने एवं उपयोग क्षमता को बढ़ाने में जीवांश खाद जैसे गोबर की खाद या कम्पोस्ट या केंचुआ खाद आदि का प्रयोग लाभदायक पाया गया है। ये जैविक खाद किसान अपने स्तर पर भी तैयार कर सकते हैं। इनके अलावा अखाद्य तेलों जैसे नीम, करंज आदि की खली का उपयोग किया जा सकता है। इन खलियों के चूरे की परत यूरिया के दाने पर चढ़ाकर यूरिया के नत्रजन को व्यर्थ नष्ट होने से बचाया जा सकता है।

नत्रजन वाले उर्वरकों की निर्भरता को कम करने के लिए जीवाणु कल्चर राइजोबियम या एजेक्टोबेक्टर का उपयोग, गेहूँ, जुवार, मक्का, कपास आदि फसलों के साथ अंतरवर्तीय फसल के रूप में चना, गेहूँ, उड़द, अरहर, चौला आदि का उपयोग लाभदायक पाया गया है। ये दलहनवर्गीय फसलें वातावरण की नत्रजन को लेकर न सिर्फ अपने उपयोग में लाती है, बल्कि अपनी जड़ों में स्थिर नत्रजन का लाभ साथ लगाई गई अंतरवर्ती को भी पहुँचाती हैं। स्फुर (फास्फोरस) की उपयोग क्षमता को बढ़ाने के लिए स्फुर घोलक बैक्टीरिया का उपयोग किया जाना चाहिए।

अपने यहाँ अभी भी गोबर का उपयोग उपले या कंडे बनाकर ईंधन के रूप में किया जाता है। यदि इसे गोबर गैस में परिवर्तित कर सकें तो ईंधन की समस्या हल होने के साथ ही बेहतर गुणवत्ता का खाद भी प्राप्त हो जाता है। गाँव में पशुओं की संख्या के आधार पर गोबर गैसों के निर्माण, रखरखाव की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंपी जा सकती है।

गेहूँ की फसल की कटाई के बाद खेतों को आग लगाकर साफ किया जाता है। इससे भारी मात्रा में जीवांश जलकर नष्ट हो जाता है। इसे जलाने के बाद फसल की कटाई के तत्काल बाद मिट्टी पलटने के हल से खेत को जोतकर ढेलेदार अवस्था में छोड़ दिया जाना चाहिए, जिससे कटे हुए पौधों के डंठल, ठूँठ आदि निचली सतह में जाकर मिट्टी से दब जाएँ और वर्षा आने पर स्वतः ही विघटित होकर जीवांश खाद बन जाते हैं।

फसलों में सिंचाई जल की उपयोग क्षमता बढ़ाने के लिए एक नाली छोड़कर एकांतर (अल्टरनेट) सिंचाई करना, स्प्रिंकलर (फुहार) सिंचाई, टपक सिंचाई आदि विधियों व साधनों का प्रयोग फसल की कतारों के बीच अवरोध परत (मलच) का उपयोग आदि तरीके काम में लाए जाने चाहिए।

**पौध संरक्षण** - रोगों और कीड़ों की बहुतायत आधुनिक और लगातार कृषि की देन है। हमारा लक्ष्य फसलों को इनके द्वारा की जाने वाली हानि से बचाना है न कि नष्ट करना। कीट व रोगनाशक रसायनों का असर सिर्फ नुकसान करने वाले कीड़ों व रोगों पर न होकर लाभ पहुँचाने वाले कीड़ों व रोगों पर भी होता है। इनके नियंत्रण के लिए स्वच्छ कृषि, परजीवी व शिकारी कीड़ों व कीड़ों को हानि पहुँचाने वाले कवकों (फफूँदों) व वायरस का प्रयोग असरकारक पाया गया है। इनके अलावा नीम, करंज, हींग, लहसुन, अल्कोहल आदि के उपयोग, अंतरवर्ती फसल, प्रपंची फसल फेरोमेन, ट्रेप, प्रकाश प्रपंच आदि साधनों के उपयोग से रसायनों के उपयोग पर खर्च होने वाली राशि में कमी की जा सकती है। कीटनाशी रसायन अंतिम विकल्प के रूप में काम में लाएँ।



**स्वयं तैयार करें बीज** - आजकल संकर बीजों का अधिक प्रचलन है। इन्हें हर साल बाजार से खरीदना पड़ता है। इनकी उत्पादन क्षमता सामान्य किस्मों की अपेक्षा अधिक होती है, परंतु अनेक फसलों और सब्जियों में पौध प्रजनकों द्वारा ऐसी किस्में भी तैयार कर ली गई हैं, जो संकर किस्मों के लगभग समान (करीब 8-10 प्रश कम) उत्पादन देती है।

इनका बीज एक बार खरीदकर पाँच-सात साल तक अगली फसल के लिए किसान स्वयं अपने खेत पर बीज तैयार कर सकते हैं। इस तरह इन पर खर्च होने वाली राशि में 40 से 60 प्रतिशत तक कमी की जा सकती है। अपने खेत पर उगाई जाने वाली बीज फसल को पर्याप्त खाद, सिंचाई व पौध संरक्षण देकर न सिर्फ अपनी जरूरत का बीज तैयार हो जाता है, बल्कि बीज फसल की अधिक उपज से कुछ आय बीज बेचने से भी मिल जाती है।

इन बीजों को छानबीन कर कचरा, कटे अविकसित बीज अलग करके इन्हें राइजोबियम या एजेटोबेक्टर कल्चर से उपचारित कर सही समय पर सही दूरी व गहराई पर बोकर प्रति इकाई पर्याप्त पौधे प्राप्त किए जा सकते हैं।

# कई आयुर्वेदिक गुण हैं कुंदरू में



कुंदरू को तिंदूरी भी कहा जाता है। यह ककड़ी वर्ग यानी कुकुरबिटेसी परिवार की सदस्य है। इसे ग्रीष्मकालीन (मार्च से जून) या बरसाती (जून-जुलाई से अक्टूबर-नवंबर) फसल के रूप में उगाया जा सकता है। इसे पुरानी लताओं की कटिंग से बोया जाता है। एक बार उगाए जाने पर सही देखरेख, पोषण एवं पौध संरक्षण के साथ पाँच-छः साल तक इससे फल प्राप्त किए जा सकते हैं।

इसी वर्ग के अन्य सदस्यों की अपेक्षा यह कम या अधिक पानी को सहन कर सकती है।

यह मूलतः भारत की वनस्पति है इसीलिए देश के अधिकांश प्रांतों में इसे सफलतापूर्वक उगाया जा सकता है। कुंदरू की फसल से अधिक उपज प्राप्त करने के लिए इसकी उन्नत किस्म, पर्याप्त पोषण एवं पौध संरक्षण के साथ ही उचित प्रबंधन जरूरी है जिसमें इसकी लताओं के फैलाव के लिए अंगूर के उद्यानों के समान टेलीफोन पद्धति से तारों को बाँधा जाता है।

इसकी लताओं को लगाने के लिए पेंसिल की मोटाई की लगभग एक फुट (30 सेमी) लंबी कलमें लगाई जाती हैं। इन्हें लगाने के लिए आधा मीटर गोलाई का आधा मीटर गहरा गड्ढा तैयार कर लिया जाता है। इन गड्ढों की आपसी दूरी मिट्टी व मौसम के अनुसार 2 से 3 मीटर रखी जाती है। इन गड्ढों में मिट्टी, गोबर, खाद, पत्तियों के चूरे की बराबर मात्रा के मिश्रण के साथ 1-1 किलोग्राम नीम या करंज खली भी मिला दी जाती है। गड्ढा भरने के बाद इसमें कलम रोपकर सिंचाई कर दी जाती है।

कुंदरू एक स्वादिष्ट सब्जी होने के साथ पौष्टिक भी है। आयुर्वेदिक दृष्टि से इसके मूल (जड़) वमनकारक, रेचक, शोधघ्न (सूजन को कम करने वाले) होते हैं। इसके फल गरिष्ठ, मधुर व शीतल होते हैं।

इनकी रोपाई फरवरी के दूसरे सप्ताह से लेकर मार्च के प्रथम सप्ताह तक कर दी जाना आवश्यक है। पौध पोषण के लिए प्रति एक गड्ढा दो डलिया पौध मिश्रण भरें। पौधे जम जाने व स्थापित हो जाने के बाद यानी रोपाई के लगभग 25-30 दिन बाद प्रति गड्ढा 500 ग्राम यूरिया, आधा किग्रा सुपर फॉस्फेट, 250 ग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश मिलाकर गड्ढे की मिट्टी के साथ मिलाकर सिंचाई करें। लताएँ बड़ी होने पर इन्हें टेलीफोन पद्धति से बनाए गए खुले मचान पर चढ़ाकर प्रत्येक शाखा को बाँधकर फैलाते जाएँ। इनमें समय-समय पर निंदाई, गुड़ाई व सिंचाई करते रहें।

मिट्टी व मौसम के अनुसार 5 से 10 दिन के अंतर पर सिंचाई करते रहें। फूल और फल आते समय क्यारी में लगातार नमी बनी रहनी चाहिए। अधिक गीलापन, लताओं की जड़ों के लिए हानिकारक होता है। लगातार गीलापन रहने से पौधों की जड़ों का श्वसन रुक जाता है और पौधों की बढ़वार रुक जाती है।

फूल और फलन के समय कीड़ों की रोकथाम के लिए 5 मिली नीम तेल प्रति 1 लीटर पानी व 2 ग्राम डिटर्जेंट मिलाकर छिड़कें। किसी भी तेज कीटनाशक रसायन के प्रयोग से फूलों के परागण पर और अंततः उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसमें फल 5 से 7 माह में लगना शुरू होकर लगातार 4-5 माह तक मिलते रहते हैं। फलों की तुड़ाई कच्चे व नरम रहते ही करते रहना आवश्यक है। सामान्यतः प्रति 3 से 5वें दिन फलों की तुड़ाई की जाती है।

विटामिनों की भरमार - यह एक स्वादिष्ट सब्जी होने के साथ पौष्टिक भी है। इसके प्रति 100 ग्राम खाद्य अंश में लगभग 4.6 प्रश कार्बोहाइड्रेट्स, 1.4 प्रश प्रोटीन एवं प्रति 100 ग्राम में 10 मिग्रा कैल्शियम, 30 मिग्रा फॉस्फोरस, 0.7 प्रश लौह तत्व, 84 अंतरराष्ट्रीय इकाई विटामिन ए के अलावा विटामिन बी-1, बी-2 विटामिन सी आदि पाए जाते हैं।

# पौधा लगाकर अहम भूमिका निभाएँ

**प्रकृति** को शुद्ध रखने में पेड़-पौधों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। बड़े से लेकर छोटे से पौधे तक में प्रकृति की वह क्षमता है जो आज की आधुनिकतम तकनीक से भी संभव नहीं है। यह शक्ति है सूर्य की किरणों की मौजूदगी में पेड़ की पत्तियों में मौजूद क्लोरोफिल (हरित पदार्थ) द्वारा कार्बन डायऑक्साइड को लेकर कार्बोहाइड्रेट्स (एक प्रकार की शकर या स्टार्च) में बदलने और वातावरण में शुद्ध ऑक्सीजन छोड़ने की।

पहले तो खेतों की मेढ़ के आसपास बबूल, खेजड़ी, साल, सागौन जैसे वृक्ष लगाए जाते थे। कुएँ या बावड़ी, नहर-नदी आदि के आसपास आम, जामुन, कटहल, जामफल, सीताफल जैसे फल वृक्षों को लगाया जाता था। पेड़ों पर रहने वाली चिड़ियों का फसल की कीड़ों से रक्षा करने में बहुत बड़ा योगदान रहता है।



प्रकृति प्रति वर्ष हमें अवसर देती है ताकि हम अपने आसपास उपलब्ध जगह में पेड़-पौधे लगाकर वातावरण को अपने अनुकूल बनाने में योगदान कर सकें। अपने मोहल्ले, गाँव, नगर को हराभरा बनाने के लिए जगह की कमी नहीं है। कमी है तो सोच की, निष्ठा की, ईमानदारीपूर्वक किए जाने वाले प्रयास की। हरियाली का सबसे अधिक लाभ मिलता है तो उस क्षेत्र विशेष में रहने वाले व्यक्ति और उसके परिवार के प्रत्येक सदस्य को। आपके आसपास के क्षेत्र में पेड़ों की कमी, कॉर्बन डाईऑक्साइड के बढ़ने, ऑक्सीजन के कम होने, वाहनों के कारण होने वाली ध्वनि प्रदूषण आदि का कारण बनता है। इनसे उत्पन्न होती है अनेक शारीरिक और मानसिक व्याधियाँ।

अगर प्रत्येक व्यक्ति या प्रत्येक परिवार यह निश्चय कर ले कि वह एक पेड़ लगाकर उसका पालन-पोषण करेगा, तो निश्चय ही कुछ वर्षों में आपका क्षेत्र हरिमामय हो जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में तो खेतों के आसपास, कुएँ के पास, नहर, तालाब आदि के आसपास, सड़क के किनारे, पंचायत भवन, स्कूल, सहकारी संस्था भवन, मंदिर, मस्जिद या धार्मिक स्थल चरागाह आदि क्षेत्रों में उपयुक्त स्थान आसानी से मिल सकता है। शहरी क्षेत्र में कॉलोनी की सड़क पर, हर कॉलोनी में पार्क के लिए छोड़ी गई जगह में, धार्मिक स्थलों पर, सरकारी भवन आदि जगह लगाए जा सकते हैं।

क्या आवश्यक है - पेड़ की प्रजाति का चयन उपलब्ध स्थान के अनुसार छोटे, मध्यम या बड़े पेड़ों से करें। पेड़ लगाने से पूर्व उस स्थान की भविष्य की योजना, मास्टर प्लान आदि की जानकारी होना आवश्यक है। शासकीय कार्यालयों, न्यायालयों, पंचायत भवन, विद्यालयों आदि के लिए छायादार बड़े व कुछ शोभाकारी वृक्षों का चयन किया जाना चाहिए। धार्मिक स्थलों के लिए धार्मिक महत्व वाले पीपल, बेलफल, कदंब, बरगद आदि उपयुक्त रहेंगे।

शहरों में रहवासी कॉलोनियों में चौड़ी सड़कों के लिए शोभाकारी फूलों वाले पेड़ गुलमोहर, अमलतास, नीला गुलमोहर, मोरसली, कदंब, सिल्वर ओक, आकाश नीम आदि लगाए जा सकते हैं। शहरों की नियोजित नई कॉलोनियों में उद्यान में कुछ पेड़ बड़े व छायादार जैसे नीम, पीपल, बरगद, बीच में या कोनों पर गोल चबूतरा सा बनाकर लगाए जा सकते हैं।

# भूमि तथा जल की सुरक्षा के लिए सस्य तकनीक कारगर



वर्षा जल के संचय के लिए अनेक प्रचलित यांत्रिक विधियाँ अपनाई जाती हैं। इन विधियों से जमीन पर तो भौतिक रूप से जल एकत्रित हो जाता है लेकिन इससे मिट्टी की दशा में कोई सुधार नहीं होता है।

मालवा क्षेत्र में औसत वार्षिक वर्षा 900-1200 मिमी, निमाड़ में 650-950 मिमी के बीच होती है। निमाड़ की घाटी की अपेक्षा मालवा पठारीय क्षेत्र होने से कुछ कम गर्म रहता है। इन क्षेत्रों की मिट्टी की जल धारण, जल शोषण व जल संग्रहण क्षमता अलग-अलग होती है

यदि इन विधियों के साथ ही सस्य वैज्ञानिक (जैविक) विधियाँ भी अपनाई जाएँ तो मिट्टी की जैविक संरचना में सुधार होता है। मिट्टी में जीवांश पदार्थ (आर्गेनिक मैटर) की वृद्धि होती है। जीवांश पदार्थ में पाया जाने वाला आर्गेनिक कार्बन ही मिट्टी की जान होता है। यह विभिन्न प्रकार के सूक्ष्म जीवों का भोजन होता है। इसकी मात्रा बढ़ने से भूमि में सूक्ष्म जीवों की संख्या ज्यामितिक गति (ज्योमैट्रिक प्रोग्रेसन) से बढ़ती है। इनकी संख्या में वृद्धि से भूमि की भौतिक, रासायनिक व जैव रासायनिक क्रियाएँ और गतिविधियाँ तेज हो जाती हैं। भूमि का तापमान, भूमि की जल शोषण, जल संचयन, जल धारण क्षमता में वृद्धि होती है। इससे पोषक तत्वों की उपलब्धता, वायु संचरण बेहतर हो जाता है।

मृदा एवं जल संरक्षण संबंधी अनेक प्रयोगों एवं परीक्षणों से (जो देश के विभिन्न भागों में किए गए) यह सिद्ध हो चुका है कि वनस्पति रहित भूमि की अपेक्षा वनस्पति से आच्छादित भूमि से मिट्टी का कटाव (क्षरण) बहुत कम होता है। मध्यम गहरी (45 सेमी गहराई वाली) और गहरी (45 सेमी से अधिक गहराई वाली) भूमियों में खरीफ के मौसम में एक मुख्य फसल के साथ एक सहायक फसल अंतरवर्ती फसल के रूप में सफलतापूर्वक ली जा सकती है। इसके लिए ऐसी फसलें या फसलों की ऐसी किस्में चुनें जो स्थान (पौधे के फैलाने की जगह), पोषक तत्व, नमीं, धूप आदि के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा न करती हो।

इस तरह की अंतरवर्ती फसलों में सोयाबीन की मुख्य फसल की 4 या 6 कतरों के बाद 2 कतारें जुवार, मक्का या मध्यकालीन अरहर की लगाई जा सकती हैं। इसी प्रकार कपास की दो कतारों के बीच अरहर, मूँग, उड़द, मूँगफली आदि की लगाई जा सकती हैं। इनके बीच का अंतर मिट्टी, फसल की किस्म के अनुसार थोड़ा कम या ज्यादा किया जा सकता है।

अंतरवर्ती फसल के मूल सिद्धांत के अनुसार मुख्य फसल की पौध संख्या शत-प्रतिशत रखी जाती है। सहायक फसल के पौधों की संख्या उस फसल के लिए उपलब्ध क्षेत्र के अनुसार रखी जाती है। पौध संख्या का निर्धारण मोटे रूप से उस फसल विशेष की बोवनी के लिए लगने वाली प्रति हैक्टेयर बीज दर के हिसाब से किया जाता है।

उदाहरण के लिए सोयाबीन-मक्का की अंतरवर्ती फसल में सोयाबीन का 100 किग्रा बीज प्रति हैक्टेयर रखा जाता है। मक्का की सहायक फसल यदि 6-2 के अनुपात में बोई गई है तो मक्का को एक-चौथाई क्षेत्र में बोया जाएगा। इसलिए इसके बीज की मात्रा सामान्य बीज दर से एक चौथाई यानी 4 से 5 किग्रा रखी जाती है।

दोनों फसलों की बोवनी ढलान के समकोण या 60 डिग्री या 45 डिग्री अंश के कोण पर (ढलान के अनुसार) की जाना उपयुक्त पाया गया है। अधिक चिकनी व अधिक गहरी मिट्टी या अधिक वर्षा वाली जगहों पर फसलों की 15-20 कतारों के बाद हल से एक गहरी कुंड जल निकास के लिए बनाएँ। इन कुंडों को एक मुख्य कुंड से मिलाते हुए अतिरिक्त जल को बिना गति बढ़ाए निकालने की व्यवस्था करें।

उपयुक्त फसलों का चुनाव भूमि के ढलान पर निर्भर करता है। आधे प्रतिशत प्रति एक सौ फुट पर आधा फुट यानी छः इंच तक ढलान पर सभी फसलें ली जा सकती हैं। आधे से एक प्रतिशत तक ढलान वाले खेतों में जुवार, बाजरा, मक्का के साथ दलहन फसलें ली जानी चाहिए। इनकी कतार अनुपात या क्षेत्र वितरण 50-50 से लेकर 70-30 तक हो सकता है। एक से तीन प्रतिशत ढलान वाले खेतों में या भूमि पर सिर्फ दलहन फसलें ही बोई जानी चाहिए।

तीन से छः प्रतिशत तक ढलान वाली भूमियों में सीताफल, नीबू, बेर, पपीता आदि फल वृक्ष लगाकर इनके बीच खाली जगह में अल्पकाल में आने वाली दलहन फसलों की किस्में लगाई जाना उपयुक्त होगा। पानी के बहाव व निकास हो सही दिशा देने के लिए इनमें समोच्च बाँध (कंटूर बँध) बनाना समर्थित है। इससे अधिक ढलान वाली भूमि घास, चारा व ऊर्जा वृक्ष उत्पादन के लिए ही काम में लाई जाती है। मिट्टी व जल के संरक्षण के साथ वैज्ञानिक उपायों का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग द्वारा उनका सक्षम, संतुलित लाभ लेना है। इससे भूमि क्रमशः उत्तरोतर सुधरती व उर्वरक होती जाती है।

# बीते सप्ताह सरसों, सोयाबीन तेल तिलहन की कीमतों में गिरावट रही

**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह विदेशों में कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और सोयाबीन डीगम तेल कीमतों में आई गिरावट के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों एवं सोयाबीन तेल तिलहन, सीपीओ और पामोलीन तेल के दाम नरमी के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 105 रुपये की गिरावट के साथ 5,235-5,275 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 75 रुपये घटकर 10,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 15-15 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 1,705-1,805 रुपये और 1,705-1,820 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमशः 110-110 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,800-4,820 रुपये प्रति क्विंटल और 4,600-4,640 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल का भाव क्रमश- 250 रुपये, 250 रुपये और 150 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 10,150 रुपये और 9,800 रुपये और 8,550 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल तिलहन में सुधार आया। मूंगफली तिलहन का दाम 65 रुपये की तेजी के साथ 6,170-6,445 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल के भाव भी क्रमशः 75 रुपये और 15 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 14,825 रुपये क्विंटल और 2,255-2,520 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चा पाम तेल (सीपीओ) 500 रुपये की गिरावट के साथ 8,925 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 375 रुपये की गिरावट के साथ 10,250 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 375 रुपये की गिरावट के साथ 9,275 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

गिरावट के आम रुख के विपरीत बिनौला तेल 50 रुपये मजबूत होकर 9,775 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# दो बड़े मसाला ब्रांडों के चार उत्पादों के खिलाफ चेतावनी जारी

### - एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों के उपयोग से हो सकता है कैंसर

**नई दिल्ली ।**

खाद्य नियामकों ने हांगकांग और सिंगापुर में लोगों को दो बड़े मसाला ब्रांडों के चार उत्पादों के खिलाफ चेतावनी जारी की है। इसमें इथिलीन ऑक्साइड की मात्रा अधिक है, जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारी होने की संभावना है।

एक इंटरनेशनल रिसर्च एजेंसी ने एथिलीन ऑक्साइड को समूह 1 कार्सिनोजेन के रूप में क्लासीफाई किया है। अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में हांगकांग के खाद्य नियामक प्राधिकरण सेंटर फॉर फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने कहा कि एमडीएच के तीन मसाला प्रोडक्ट मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला और करी पाउडर मिश्रित मसाला पाउडर के अलावा एवरेस्ट के फिश करी मसाला में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड है। एमडीएच और एवरेस्ट फूड्स दोनों ने अभी तक खाद्य नियामकों के दावों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

अपने नियमित जांच के तहत सीएफएस ने हांगकांग में तीन खुदरा दुकानों से उत्पाद लिए। सीएफएस प्रवक्ता ने कहा कि परीक्षण के नतीजों से पता चला कि नमूनों में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड था। नियामक ने विक्रेताओं को बिक्री रोकने और उत्पादों को हटाने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया है कि उत्पादों को वापस मंगाना शुरू कर दिया गया है। सीएफएस प्रवक्ता ने कहा कि मानव उपभोग के लिए कीटनाशक युक्त भोजन केवल तभी बेचा जा सकता है जब भोजन की खपत स्वास्थ्य के लिए खतरनाक या प्रतिकूल न हो। इसके लिए अधिकतम 50,000 डॉलर का जुर्माना और दोषी पाए जाने पर छह महीने की कैद हो सकती है।

# कर्मचारी दफ्तर में आने के बाद काम करें, किसी बात पर बहस नहीं: पिचाई

### - कंपनी की अपनी कुछ पॉलिसी है जिसका पालन सभी को करना है



**वाशिंगटन ।** बीते दिनों इजराइल के साथ काम करने के विरोध में गूगल कर्मचारियों के गिरफ्तारी के बाद कंपनी ने 28 लोगों को नौकरी से निकाल दिया। जिसके बाद गूगल सीईओ सुंदर पिचाई ने इस पूरे घटनाक्रम के लेकर अपने कर्मचारियों के लिए एक ब्लॉग पोस्ट लिखा है। इस ब्लॉग पोस्ट के माध्यम से कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा गया कि वो दफ्तर में आने के बाद काम करें, ना कि राजनीति के चक्कर में उलझें। बीते कुछ दिनों से गूगल कंपनी में चल रहे उथल-पुथल को लेकर सुंदर पिचाई ने कर्मचारियों के नाम एक संदेश लिखा है। उन्होंने अपने ब्लॉग पोस्ट में गूगल का कल्चर शुरू से खुली बातचीत को बढ़ावा देने वाला रहा है। यही एक वजह हमें बेहतरीन प्रोडक्ट बनाने और अच्छे आइडियाज पर एक्शन लेने के काबिल बनाता हैं। कंपनी की अपनी कुछ पॉलिसी है जिसका पालन सभी को करना है। उन्होंने लिखा कि यहां पर बिजनेस से संबंधित काम किए जाते है इसलिए यहां पर ना तो व्यवधान पहुंचाने वाले मुद्दों को लेकर आपस में लड़ें ना ही राजनीति पर कोई चर्चा करें। बता दें कि सुंदर पिचाई के इस संदेश से पहले ऐसी ही हिदायत गूगल के हेड ऑफ सिक्योरिटी क्रिस रैको ने भी दी थी। उन्होंने भी कर्मचारियों से कहा था कि उन्हें तार्किक रहना चाहिए क्योंकि उनका हमारा लक्ष्य दुनिया की इंफॉर्मेशन को ऑर्गनाइज करना और भरोसेमंद जानकारी उपलब्ध कराने वाला बने रहना है। दरअसल गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट इंक और अमेजन डॉट कॉम ने इजराइल को एआई और क्लाउड सर्विस देने के लिए एक जॉइंट कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तखत किया था। इसी प्रोजक्ट का नाम निम्बस है जिसको लेकर कुछ कर्मचारियों ने विरोध किया, जिसके बाद उन्हें कंपनी से निकाल दिया गया। ऐसे में गूगल के कर्मचारी वहां के वर्क कल्चर को लेकर सवाल कर रहे है जिसके बाद सुंदर पिचाई ने ब्लॉग पोस्ट लिखा।

# एपीएसईजेड ने 42 करोड़ टन कार्गो हैंडल किया

### कंपनी के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ

**मुंबई ।** देश के सबसे बड़े निजी पोर्ट ऑपरेटर अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन(एपीएसईजेड) ने इस माह की शुरुआत में घोषणा की थी कि उसने (अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाहों सहित) वित्त वर्ष 2023-24 में 42 करोड़ टन कार्गो हैंडल किया जो कंपनी की यात्रा में एक नया मील का पत्थर है। साल दर साल के आधार पर यह 24 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि है, जिसमें घरेलू बंदरगाहों ने 40.8 करोड़ टन से ज्यादा का योगदान दिया। कंपनी को पहली बार 10 करोड़ टन वार्षिक कार्गो थ्रूपुट हासिल करने में 14 साल का समय लगा। वहीं, 20 करोड़ टन का आंकड़ा हासिल करने में अगले पांच साल और 30 करोड़ टन तक पहुंचने में तीन साल और लगे। विशेष रूप से, नवीनतम 10 करोड़ टन का आंकड़ा दो साल से भी कम समय में हासिल किया गया है।

एपीएसईजेड पिछले कुछ सालों में एकीकृत बंदरगाह इंफ्रास्ट्रक्चर सेवाओं के प्रदाता के रूप में उभरा है, इसमें गुजरात का मुंद्रा एसईजेड एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। आठ हजार हेक्टेयर से अधिक में फैला मुंद्रा इकोनॉमिक हब सबसे बड़े बहु-उत्पाद एसईजेड, मुक्त व्यापार एवं वेयरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड) और घरेलू औद्योगिक क्षेत्र के रूप में निवेश के विकल्प प्रदान करता है। एपीएसईजेड के पहले बंदरगाह मुंद्रा पर 1998 में पहला जहाज आया था। तब से, कंपनी ने देश के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर 15 बंदरगाहों और टर्मिनलों का एक नेटवर्क बनाया है। एपीएसईजेड वर्तमान में देश में सबसे बड़ा वाणिज्यिक पोर्ट ऑपरेटर है, जो देश की कार्गो आवाजाही में लगभग एक-चौथाई की हिस्सेदारी रखता है। देश के भीतरी हिस्सों में व्यापक कनेक्टिविटी के साथ गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और ओडिशा के सात समुद्र तटीय राज्यों में घरेलू बंदरगाहों पर इसकी उपस्थिति काफी विस्तृत है।

बंदरगाहों पर सुविधाएं नवीनतम कार्गो-हैंडलिंग इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस हैं जो न केवल श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ है बल्कि भारतीय तटों पर आने वाले सबसे बड़े जहाजों को हैंडल करने में भी सक्षम है।

एपीएसईजेड के प्रबंध निदेशक करण अदाणी के अनुसार, नवीनतम 10 करोड़ टन का आंकड़ा दो साल से भी कम समय में हासिल किया गया है। ओडिशा के भद्रक जिले में धामरा बंदरगाह इस क्षेत्र में ड्राई कार्गो शिपमेंट के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है।

# कंपनी परिणाम, वैश्विक रुझान तय करेंगे शेयर बाजार का रुख: विश्लेषक

### - कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर भी रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई ।** इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव और ब्याज दरों में कटौती शुरू होने की उम्मीद कमजोर पड़ने से विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई जोरदार बिकवाली से बीते सप्ताह डेढ़ फीसदी से अधिक लुढ़के शेयर बाजार की चाल इस सप्ताह ईरान-इजराइल संघर्ष, कंपनियों के तिमाही पे रिणाम और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से शेयर बाजारों का रुख प्रभावित होगा। विश्लेषकों ने यह राय देते हुए साथ ही जोड़ा कि कच्चे तेल और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल से भी बाजार प्रभावित होगा। बाजार के विश्लेषकों का कहना है कि ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष को लेकर चल रही चिंताओं के बीच यह सप्ताह बाजार के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि अगर तनाव काफी बढ़ जाता है, तो वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहट में बिक्री और अस्थिरता बढ़ने का जोखिम है। इसके अलावा बाजार कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर कड़ी नजर रखेगा, क्योंकि भू-राजनीतिक घटनाएं अक्सर उन्हें प्रभावित करती हैं। मध्य-पश्चिम में स्थिति नाजुक बनी रहने के कारण वैश्विक स्तर पर निवेशक सावधानी बरत रहे हैं। इसके अलावा अमेरिका में महंगाई में अपेक्षा से अधिक बढ़ोतरी होने, खुदरा बिक्री बढ़ने और तेल की ऊंची कीमतों के कारण फेड रिजर्व के दर में कटौती में संभावित देरी ने निवेश धारणा को कमजोर किया है। इस सप्ताह टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, नेस्ले, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और मारुति के तिमाही नतीजों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि निवेशक अमेरिकी विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों, अमेरिका की पहली तिमाही के जीडीपी और जापान की मौद्रिक नीति पर भी नजर रखेंगे।

## इस सप्ताह बाजार में 4 नए आईपीओ आएंगे

**नई दिल्ली ।** इस सप्ताह बाजार में चार नए आईपीओ आने वाले हैं। जेनए इंडिया का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 23 अप्रैल को खुलेगा। इसमें बोली लगाने के लिए 25 अप्रैल तक का मौका है। इस पब्लिक इश्यू के लिए प्राइस बैंड 395-415 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। कंपनी इससे 649.47 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। शिवम केमिकल्स का आईपीओ 23 अप्रैल को खुल रहा है। इसके बंद होने की तारीख 25 है। 20.18 करोड़ रुपये के इस पब्लिक इश्यू के लिए प्राइस बैंड 44 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। पहले से खुले पब्लिक इश्यू की बात करें तो मेनबोर्ड सेगमेंट में वोडाफोन आईडिया लिमिटेड एफपीओ और एसएमई सेगमेंट में फालकान कंसेप्ट आईपीओ है, जो अगले सप्ताह बंद होंगे।




UltraTech
CEMENT
The Engineer's Choice

## अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट से ग्राइंडिंग यूनिट खरीदी

**नई दिल्ली ।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट से 315 करोड़ रुपये में एक ग्राइंडिंग यूनिट का खरीदने की घोषणा की है। कंपनी ने साथ ही कहा कि वह दो इकाइयों की क्षमता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त 504 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। अल्ट्राटेक सीमेंट ने शेयर बाजार को बताया कि उसके बोर्ड ने 315 करोड़ रुपये में इंडिया सीमेंट लिमिटेड से महाराष्ट्र के परली में एक कैप्टिव रेलवे साइडिंग के अलावा 11 लाख टन प्रति वर्ष की स्थापित क्षमता वाली एक ग्राइंडिंग इकाई के अधिग्रहण को मंजूरी दी है। कंपनी ने कहा कि उसने विक्रेता के साथ एक परिसंपत्ति खरीद समझौता किया है। इस खरीद से कंपनी को तेजी से बढ़ते महाराष्ट्र के बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी।

## अदालत ने महाराष्ट्र के परिवहन आयुक्त का परिपत्र खारिज किया

**मुंबई ।** बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के परिवहन आयुक्त द्वारा जारी परिपत्र को खारिज कर दिया है, जिसमें बीएच श्रृंखला के तहत वाहनों के पंजीकरण के लिए आवेदनों पर निर्णय लेते समय कुछ शर्तें लगाई गई थीं। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने 12 अप्रैल को अपने फैसले में कहा कि परिपत्र बिना किसी अधिकार के जारी किया गया था और इसलिए गलत और अवैध है। अदालत एक दीवानी न्यायाधीश की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें परिपत्र को चुनौती दी गई थी। परिवहन विभाग ने बीएच श्रृंखला के तहत वाहन पंजीकरण की मांग करने वाले उनके आवेदन को अस्वीकार कर दिया गया था। भारत सरकार ने 2021 में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वाहनों के सुविधाजनक हस्तांतरण के लिए बीएच श्रृंखला की शुरुआत की थी। परिवहन आयुक्त ने एक परिपत्र के तहत यह शर्त लगाई थी कि कोई भी सरकारी कर्मचारी जो बीएच श्रृंखला का पंजीकरण चाहता है, उसे आधिकारिक पहचान पत्र के अलावा, एक प्रमाण पत्र और देना होगा, जिसमें दिखाया गया हो कि उनके विभाग के अन्य राज्यों में कार्यालय हैं, और सेवा अवधि के दौरान उन्हें इन राज्यों की यात्रा करनी पड़ी है।




## फार्मा कंपनी ल्यूपिन ने अमरेका में नई दवा लांच की


**नई दिल्ली ।** फार्मा सेक्टर की कंपनी ल्यूपिन ने अमरेका में नई दवा पेश की है। ये नई दवा मिराबेग्रान ईआर टेबलैट 25 एमजी है। कंपनी के अनुसार दवा को अमेरिका के एफडीए से मंजूरी मिल गई है जिसके बाद कंपनी ने इसे बाजार में उतारा है। इस जानकारी के बाद कंपनी के शेयर पर इसका असर अगले कारोबारी दिन यानी सोमवार को मिलेगा। बता दें कि पिछले कारोबारी सत्र में ल्यूपिन के स्टॉक में गिरावट देखने को मिली थी। कंपनी का स्टॉक करीब 3 फीसदी गिरकर बंद हुआ था। कंपनी के अनुसार, कंपनी ने मिराब्रग्रान ईआर लॉन्च की है जो कि एस्टेलस फार्मा ग्लोबल डेवलपमेंट की दवा मायबे ट्रिक ईआर 25 एमजी की जेनेरिक इक्विवलेंट है। बता दें कि ईआर यानी कि एक्सटेन्डेड रीलीज दवाएं कुछ अलग प्रकार से बनाई जाती है, ये दवाएं शरीर में ज्यादा समय तक रहने में सक्षम हैं ताकि इनका असर अधिक समय तक शरीर पर रहे, ऐसा करने से मरीज के लिए दवाओं का कोर्स पूरा करना आसान और बेहतर हो जाता है। ल्यूपिन सिर्फ अमेरिक ही नहीं बल्कि दुनिया के 100 से ज्यादा बाजारों में अपनी दवाएं बेचती है। आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को स्टॉक करीब 3 फीसदी की गिरावट के साथ 1547 के स्तर पर बंद हुआ है। बीते एक साल के प्रदर्शन पर नजर डालें तो स्टॉक ने 125 फीसदी तक का रिटर्न दिया है।

# सेंसेक्स की छह प्रमुख कंपनियों का मार्केट कैप 1.40 लाख करोड़ घटा

### - प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी रही

**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में छह के संयुक्त बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1,40,478.38 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इस दौरान आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंफोसिस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। दूसरी ओर टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 62,538.64 करोड़ रुपये घटकर 13,84,804.91 करोड़ रुपये रह गया। इंफोसिस को अपने पूंजीकरण में 30,488.12 करोड़ रुपये की गिरावट का सामना करना पड़ा। कंपनी का पूंजीकरण 5,85,936.45 करोड़ रुपये था। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 26,423.74 करोड़ रुपये घटकर 7,49,023.89 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,234.76 करोड़ रुपये घटकर 6,70,059.86 करोड़ रुपये रह गया। आईटीसी का मूल्यांकन 6,616.9 करोड़ रुपये घटकर 5,30,350.97 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 176.22 करोड़ रुपये घटकर 5,24,487.51 करोड़ रुपये रह गया। दूसरी ओर भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 37,797.09 करोड़ रुपये बढ़कर 7,30,658.36 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 9,420.17 करोड़ रुपये बढ़कर 11,63,314.93 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 4,397.82 करोड़ रुपये बढ़कर 19,90,195.52 करोड़ रुपये और एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 1,201.75 करोड़ रुपये बढ़कर 6,15,453.90 करोड़ रुपये हो गया। प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी, इंफोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।




# प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 में बढ़कर 19.58 लाख करोड़ पहुंचा

### - कर संग्रह बजट अनुमानों से 1.35 लाख और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ अधिक रहा


**नई दिल्ली।**

भारत का प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है। आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा। इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दिखाते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान एसटीटी (अनंतिम) सहित शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह 10.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8.33 लाख करोड़ रुपये से 25.23 प्रतिशत अधिक है। बयान में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 3.79 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जारी किए गए 3.09 लाख करोड़ रुपये के रिफंड से 22.74 प्रतिशत अधिक है।

## वोडाफोन आईडिया के एफपीओ में बोली लगाने के लिए बचा बस एक दिन

**नई दिल्ली ।** वोडाफोन आईडिया का 18,000 करोड़ रुपये का फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) गुरुवार को शुरू हुआ था। अगर ये इश्यू कामयाब हुआ तो देश का अब तक का सबसे बड़े एफपीओ होगा। 18 अप्रैल से शुरू हुए इस एफपीओ में बोली लगाने के लिए रिटेल निवेशकों के लिए अब सिर्फ एक दिन का समय बचा है। सोमवार 22 अप्रैल को इस एफपीओ की बंद होने की तारीख है, यानि की अगर इस एफपीओ में पैसे लगाने हैं तो निवेशकों के पास अब केवल एक दिन है। 2 दिन की बोलियों के दौरान इस एफपीओ को 0.49 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। रिटेल कैटगरी में यह एफपीओ 0.13 गुना सब्सक्राइब किया गया था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स कैटगरी में एफपीओ को 0.93 गुना सब्सक्राइब किया जा चुका था। बता दें अगर आप भी वोडाफोन एफपीओ पर दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आपके पास अभी अच्छा मौका है। आधा एफपीओ अभी सब्सक्राइब किया जाना बाकि है। वोडाफोन आइडिया ने 5,400 करोड़ रुपये जुटाने के लिए एंकर निवेशकों को 11 रुपये प्रति शेयर पर 4.9 बिलियन शेयर अलॉट किए हैं। एंकर कैटेगरी में कुल 74 अलग-अलग स्कीम्स में शेयर अलॉट किए गए। अमेरिका की जीओजी पार्टनर्स ने 1,347 करोड़ रुपये मूल्य का सब्सक्रिप्शन लिया जो कि एंकर कैटेगरी का करीब एक चौथाई हिस्सा है।

## ईपीएफओ में फरवरी में 15.48 लाख सदस्य जुड़े




**नई दिल्ली ।** सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ ने फरवरी, 2024 में 15.48 लाख सदस्य जोड़े। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि फरवरी, 2024 में लगभग 7.78 लाख सदस्यों ने पहली बार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में नामांकन किया। ईपीएफओ के पेरोल आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा संख्या 18-25 आयु वर्ग की है। फरवरी 2024 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों में इस वर्ग की हिस्सेदारी 56.36 प्रतिशत है। आंकड़े बताते हैं कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा, मुख्य रूप से पहली बार नौकरी चाहने वाले हैं। पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि लगभग 11.78 लाख सदस्य बाहर निकल गए और बाद में ईपीएफओ में फिर से शामिल हो गए। इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए। इन सदस्यों ने अंतिम निपटान के लिए आवेदन करने के बजाय अपनी राशि को स्थानांतरित करने का विकल्प चुना, जिससे दीर्घकालिक वित्तीय कल्याण की रक्षा हुई और उनकी सामाजिक सुरक्षा का विस्तार हुआ। पेरोल आंकड़ों के लिंग-वार विश्लेषण से पता चलता है कि 7.78 लाख नए सदस्यों में से लगभग 2.05 लाख महिला सदस्य हैं। इसके अलावा महीने के दौरान महिला सदस्यों की शुद्ध संख्या लगभग 3.08 लाख रही। महिला सदस्यों का जुड़ना अधिक समावेशी और विविध कार्यबल की ओर व्यापक बदलाव का संकेत है।



**माना जाता है कि घर के आंगन में तुलसी का पौधा हो तो घर का कलह और अशांति दूर होती है। घर-परिवार पर मां लक्ष्मी जी की विशेष कृपा बनी रहती है। इतना ही नहीं प्रतिदिन दही के साथ चीनी और तुलसी के पत्तों का सेवन करना बहुत शुभ माना जाता है।**

## आपका सौभाग्य जगाएगी
# पवित्र तुलसी



### तुलसी का तांत्रिक उपाय....

- सबसे पहले तुलसी के 7 पत्ते (तुलसीदल) और 7 काली मिर्च अपनी मुट्ठी में लें।
- इसके बाद जिसकी नजर उतारना है उसे लेटा कर उस बंद मुट्ठी से उक्त व्यक्ति के सिर से पैर तक मंत्र बोलकर 21 बार उतार लें।
- तत्पश्चात काली मिर्च पीड़ित व्यक्ति को चबाने के लिए दें और तुलसी के पत्तों को हाथ से मसलकर निगलने को दें।
- फिर पीड़ित व्यक्ति को लेटा कर उसके पांव के तलवों को किसी कपड़े से सात या ग्यारह बार झाड़ देने से नजर का प्रभाव दूर होता है।



तुलसी के बारे में हिंदू मान्यताओं में बताया गया है कि हर घर के बाहर तुलसी का पौधा होना अनिवार्य है। इतना ही नहीं, बल्कि जो व्यक्ति प्रतिदिन तुलसी का सेवन करता है, उसका शरीर अनेक चंद्रायण व्रतों को फल के समान पवित्रता प्राप्त कर लेता है।

जल में तुलसीदल (पत्ते) डालकर स्नान करना तीर्थों में स्नान कर पवित्र होने जैसा है और जो व्यक्ति ऐसा करता है वह सभी यज्ञों में बैठने का अधिकारी होता है। इतना ही नहीं यह वास्तु दोष भी दूर करने में सक्षम है।

प्रतिदिन तुलसी का पूजन करना और पौधे में जल अर्पित करना हमारी प्राचीन परंपरा है। जिस घर में प्रतिदिन तुलसी की पूजा होती है, वहां सुख-समृद्धि, सौभाग्य बना रहता है। धन की कभी कोई कमी महसूस नहीं होती। अतः हमें विशेष तौर पर प्रतिदिन तुलसी का पूजन अवश्य करना चाहिए। माना जाता है कि घर के आंगन में तुलसी का पौधा हो तो घर का कलह और अशांति दूर होती है। घर-परिवार पर मां लक्ष्मी जी की विशेष कृपा बनी रहती है। इतना ही नहीं प्रतिदिन दही के साथ चीनी और तुलसी के पत्तों का सेवन करना बहुत शुभ माना जाता है।

पौराणिक शास्त्रों के अनुसार तुलसी के पत्तों के सेवन से भी देवी-देवताओं की विशेष कृपा प्राप्त होती है। दही के साथ तुलसी का सेवन करने से कई प्रकार के आयुर्वेदिक लाभ भी प्राप्त होते हैं। जैसे-दिनभर कार्य में मन लगा रहता है, मानसिक तनाव नहीं रहता, शरीर हमेशा ऊर्जावान बना रहता है।

यदि किसी को अचानक नजर लग जाए तो तुलसी का निम्न तांत्रिक उपाय करने पर लाभ प्राप्त होता है।

# असल में कितने देवी-देवता हैं और क्यों?



ऐसी मान्यता है कि हिंदू देवी-देवताओं की संख्या 33 या 36 करोड़ है, लेकिन ये सच नहीं है। वेदों में देवताओं की संख्या 33 कोटी बताई गई है। कोटी का अर्थ प्रकार होता है जिसे लोगों ने या बताने वाले पंडित ने 33 करोड़ कर दिया। यह भ्रम आज तक जारी है। देवी और देवताओं को परमेश्वर ने प्रकाश से बनाया है और ये प्रमुख रूप से कुल 33 हैं। ये सभी ईश्वर के लिए संपूर्ण ब्रह्मांड में कार्य करते हैं। देवताओं को इस्लाम में फरिश्ते और ईसाई धर्म में एंजेल कहते हैं। देवताओं की शक्ति और सामर्थ के बारे में वेद और पुराणों में उल्लेख मिलता है। हालांकि प्रमुख 33 देवताओं के अलावा भी अन्य कई देवदूत हैं जिनके अलग-अलग कार्य हैं और जो मानव जीवन को किसी न किसी रूप में प्रभावित करते हैं। इनमें से कई ऐसे देवता हैं? जो आधे पशु और आधे मानव रूप में हैं। आधे सर्प और आधे मानव रूप में हैं।

पहले ये सभी देवी और देवता धरती पर निवास करते थे और अपनी शक्ति से कहीं भी आया-जाया करते थे। मानवों ने इन्हें प्रत्यक्ष रूप से देखा है और इन्हें देखकर ही इनके बारे में लिखा है। महाभारत काल तक ये देवता धरती पर रहते थे, लेकिन महाभारत काल के बाद सभी अंतरिक्ष में चले गए और कुछ सूक्ष्म रूप में धरती पर रहकर उन्हें जो कार्य सौंप रखा है वह करते हैं।

## तीन स्थान और 33 देवता

### त्रिलोक्य के देवताओं के तीन स्थान नियुक्त है

- 1. पृथ्वी 2. वायु और 3. आकाश।

### प्रमुख 33 देवता ये हैं

12 आदित्य, 8 वसु, 11 रुद्र और इंद्र व प्रजापति को मिलाकर कुल तैंतीस देवी और देवता होते हैं। प्रजापति ही ब्रह्मा है, 12 आदित्यों में से एक विष्णु है और 11 रुद्रों में से एक शिव है। कुछ विद्वान इंद्र और प्रजापति की जगह 2 अश्विन कुमारों को रखते हैं। उक्त सभी देवताओं को परमेश्वर ने अलग-अलग कार्य सौंप रखे हैं।

### 8 वसु

आप,ध्रुव, सोम, धर, अनिल, अनल, प्रत्यूष और प्रभाष।

### 12 आदित्य


अंशुमान, अर्यमन, इंद्र, त्वष्टा, धातु, पर्जन्य, पूषा, भग, मित्र, वरुण, वैवस्वत और विष्णु।

### 11 रुद्र

मनु, मन्यु, शिव, महत, ऋतुध्वज, महिनस, उम्रतेरस, काल, वामदेव, भव और धृत-ध्वज ये 11 रुद्र देव हैं। इनके पुराणों में अलग-अलग नाम मिलते हैं।


### 2 अश्विनी कुमार

अश्विनीकुमार त्वष्टा की पुत्री प्रभा नाम की स्त्री से उत्पन्न सूर्य के दो पुत्र हैं। ये आयुर्वेद के आदि आचार्य माने जाते हैं।



### गायत्री के 24 अक्षरों में विद्यमान 24 देवताओं के नाम

1. अग्नि
2. प्रजापति
3. चन्द्रमा
4. ईशान
5. सविता
6. आदित्य
7. बृहस्पति
8. मित्रावरुण
9. भग
10. अर्यमा
11. गणेश
12. त्वष्टा
13. पूषा
14. इन्द्राग्नि
15. वायु
16. वामदेव
17. मैत्रावरूण
18. विश्वेदेवा
19. मातृक
20. विष्णु
21. वसुगण
22. रूद्रगण
23. कुबेर
24. अश्विनीकुमार।




### 1.आकाश के देवता अर्थात स्वः (स्वर्ग)

सूर्य, वरुण, मित्र, पूषन, विष्णु, उषा, अपांनपात, सविता, त्रिप, विंवस्वत, आदिंत्यगण, अश्विनद्वय आदि।

**2. अंतरिक्ष के देवता अर्थात भूवः (अंतरिक्ष)**
पर्जन्य, वायु, इंद्र, मरुत, रुद्र, मातरिश्व, त्रिप्रआप्त्य, अज एकपाद, आप, अहितर्बुध्न्य।

### 3. पृथ्वी के देवता अर्थात भूः (धरती)

पृथ्वी, उषा, अग्नि, सोम, बृहस्पति, नदयां आदि। अज एकपाद और अहितर्बुध्न्य दोनों आधे पशु और आधे मानवरूप हैं। मरुतों की माता की चितकबरी गाय है। एक इन्द्र की वृषभ (बैल) के समान था। राजा बली भी इंद्र बन चुके हैं और रावण पुत्र मेघनाद ने भी इंद्रपद हासिल कर लिया था। इसके अलावा विश्वदेव, आर्यमन, तथा ऋतु नाम के भी देवता हैं। अर्यमनन पित्रों के देवता हैं, तो ऋतु नैतिक व्यवस्था को कायम रखने वाले देवता।

### प्राकृतिक शक्तियां

अग्नि, वायु, इंद्र, वरुण, मित्र, मरुत, त्वष्टा, सोम, ऋभुः, द्यौः, पृथ्वी, सूर्य (आदित्य), बृहस्पति, वाक, काल, अन्न, वनस्पति, पर्वत, पर्जन्य, धेनु, पूषा, आपः, सविता, उषा, औषधि, अरण्य, ऋतु, त्वष्टा, श्रद्धा आदि। गायत्री मंत्र के 24 अक्षरों को 24 देवताओं संबंधित माना गया है। इस महामंत्र को 24 देवताओं का एवं संघ, समुच्चय या संयुक्त परिवार कह सकते हैं। इस मंत्र के जाप से 24 देवता जाग्रत हो उठते हैं।

### गायत्री ब्रह्मकल्प में देवताओं के नामों का उल्लेख

1-अग्नि, 2-वायु, 3-सूर्य, 4-कुबेर, 5-यम, 6-वरुण, 7-बृहस्पति, 8-पर्जन्य, 9-इन्द्र, 10-गन्धर्व, 11-प्रोष्ठ, 12-मित्रावरूण, 13-त्वष्टा, 14-वासव, 15-मरूत, 16-सोम, 17-अंगिरा, 18-विश्वेदेवा, 19-अश्विनीकुमार, 20-पूषा, 21-रूद्र, 22-विद्युत, 23-ब्रह्म, 24-अदिति। 33 देवी और देवताओं के कुल के अन्य बहुत से देवी-देवता हैं- सभी की संख्या मिलाकर भी 33 करोड़ नहीं होती,लाख भी नहीं होती और हजार भी नहीं। वर्तमान में इनकी पूजा होती है।

### शिव-सती

सती ही पार्वती है और वही दुर्गा है। उसी के नौ रूप हैं। वही दस महाविद्या है। शिव ही रुद्र हैं और हनुमानजी जैसे उनके कई अंशावतार भी हैं।

### विष्णु-लक्ष्मी

विष्णु के 24 अवतार हैं। वही राम है और वही कृष्ण भी। बुद्ध भी वही है और नर-नारायण भी वही है। विष्णु जिस शेषनाग पर सोते हैं वही नाग देवता भिन्न-भिन्न रूपों में अवतार लेते हैं। लक्ष्मण और बलराम उन्हीं के अवतार हैं।

### ब्रह्मा-सरस्वती

ब्रह्मा को प्रजापति कहा जाता है। उनके मानसपुत्रों के पुत्रों में कश्यप ऋषि हुए जिनकी कई पत्नियां थी। उन्हीं से इस धरती पर पशु, पक्षी और नर-वानर आदि प्रजातियों का जन्म हुआ। चूंकि वह हमारे जन्मदाता हैं इसलिए ब्रह्मा को प्रजापिता भी कहा जाता है।

### निष्कर्ष

आपने देखा की 12 आदित्यों में से ही एक विष्णु और 11 रुद्रों में से ही एक शिव और ब्रह्मा को ही प्रजापति कहा गया है। 8 वसु भी दक्षकन्या वसु के पुत्र थे जिनके पिता कष्यप ऋषि थे और 11 रुद्रों के पिता भी कश्यप ऋषि थे। रुद्रों की माता का नाम सुरभि था।

# क्या आप भी देखते हैं धन के सपने...

**जीवन में कई बार हमें विचित्र किस्म के सपने आते हैं जिनका वर्तमान से तालमेल बैठाना मुश्किल होता है। अगर हम एकाग्र होकर, गहराई से उनका विश्लेषण करें तो उनके इशारे और परिणाम को जानने में सफलता मिल सकती है।**



* यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में स्वयं को प्याज खाता हुआ देखता है तो उसको खोई हुई प्रतिष्ठा मिल जाती है अथवा कोई गड़ा पड़ा धन मिल जाता है।
* स्वप्न में व्यक्ति सफेद कबूतर देखता है तो उसे विदेश में सम्मान मिलता है।
* यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में यह देखे कि उसके पास भेड़ बकरियां अथवा गाएं हैं तो उसके धन एवं समृद्धि में आशातीत वृद्धि होती है।
* यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में अपनी नाक को बहुत बड़ी देखे तो उसे आदर-सम्मान प्राप्त होता है।
* यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में देखे कि वह भिखारी हो गया है तो उसकी समृद्धि दिनोंदिन बढ़ती है।
* यदि कोई औरत स्वप्न में बुलबुल या किसी अन्य चहचहाने वाले पक्षी को देखे तो उसे संतान की प्राप्ति होती है

# आईपीएल में आज होगा राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस में मुकाबला

**जयपुर (एजेंसी)।** कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स की टीम आईपीएल में सोमवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। इस मैच में नंबर एक स्थान पर चल रही राजस्थान का पलड़ा भारी है क्योंकि उसे अपने घरेलू मैदान का भी लाभ होगा। टीम ने अब तक 7 मैचों में 6 मैच जीते हैं और वह अंक तालिका में नंबर एक स्थान पर है। टीम का प्लेऑफ में पहुंचना तय है। वहीं दूसरी ओर हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन अब तक उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है। मुम्बई की टीम ने अब तक 3 मुकाबले ही जीते हैं। 3 जीत हासिल की है।

यह इस सत्र का आखिरी मुकाबला होगा। अभी तक यहां की पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी रही है। इसमें किसी भी मैच में 200 का स्कोर नहीं बना। यहां 197 का लक्ष्य भी हासिल हो चुका है। ऐसे में पिच एक बार फिर बल्लेबाजी के लिए आसान होने वाली है। यही वजह है कि 200 रन बनने पर किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। पहले गेंदबाजी यहां लाभदायक होगी।

जयपुर में तेज गरमी से खिलाड़ियों के लिए खेलना आसान नहीं रहेगा। इस मैच में राजस्थान की बल्लेबाजी सैमसन के अलावा पराग , जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल पर आधारित रहेंगी। टीम के पास ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल जैसे गेंदबाज हैं।

मुंबई की बल्लेबाजी पंड्या के अलावा रोहित शर्मा और सूर्यकुमार पर आधारित रहेगी जबकि गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह के पास रहेगी।




**टीम**

राजस्थान रॉयल्सः- संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान , रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज।

मुंबई इंडियंसः- हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

# 30 की उम्र में मुगुरुजा ने टेनिस को अलविदा कहा



**मैड्रिड (एजेंसी)।** स्पेन की महिला टेनिस स्टार गार्बाइन मुगुरुजा ने खेल को अलविदा कह दिया है। 30 साल की मुगुरुजा पिछले काफी समय से खेल से दूर थीं। इसी कारण उन्होंने अचानक ही ये कदम उठाया है। वह दो बार मेजर चैम्पियनशिप जीती हैं। 2015 विम्बलडन के अलावा वह 2020 ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रही थीं।वह जनवरी 2023 के बाद से खेल से बाहर हैं इसी कारण इस खिलाड़ी की लय भी पहले वाली नहीं रही। इस पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने कहा कि मुझे लगता है कि अब संन्यास लेने और नई राह पकड़ने का समय आ गया है।

मुगुरुजा ने साल 2016 फ्रेंच ओपन फाइनल में सेरेना विलियम्स और साल 2017 विम्बलडन फाइनल में वीनस विलियम्स को हराया था। वह एकमात्र खिलाड़ी हैं जो दोनों विलियम्स बहनों को हराने में सफल हुई हैं। उन्होंने अपनी करियर में 10 खिताब रहे हैं। मुगुरुजा महिला टेनिस स्पेन की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रही हैं। उन्हें साथ खिलाड़ियों ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम की घोषणा शीघ्र करेगा बीसीसीआई

**-27 या 28 अप्रैल को कप्तान रोहित शर्मा के साथ बैठक करेंगे चयनकर्ता**

**मुम्बई (एजेंसी) ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) 2 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए शीघ्र ही टीम की घोषणा करेगा। बीसीसीआई को टी20 विश्वकप के लिए आईसीसी को खिलाड़ियों की सूची एक मई तक देनी है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार इसके लिए चयनकर्ता 27 या 28 अप्रैल को दिल्ली में कप्तान रोहित शर्मा के साथ बैठक कर सकते हैं.

बीसीसीआई प्रमुख अजीत अगरकर भी विदेश से लौट गये हैं। टीम चयन को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इस रिपोर्ट के अनुसार टीम में 10 खिलाड़ियों का चयन पक्का है, वहीं कुछ खिलाड़ियों पर फैसला उनकी फिटनेस पर आधारित रहेगा। टीम में शामिल दस खिलाड़ियों में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या शामिल नहीं हैं। पंड्या को गेंदबाजी किये जाने की स्थिति में ही शामिल किया जाएगा। आईपीएल सत्र में अब तक पंड्या अधिक गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं। टीम इस प्रकार होने की संभावना है।

रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव आदि, वहीं पंड्या की टी20 विश्व कप में जगह आईपीएल में उनके प्रदर्शन पर आधारित रहेगी। चयनकर्ता हार्दिक के प्रदर्शन पर नजरें रखें हुए हैं। आईपीएल के इस सत्र में अभी तक वह विफल रहे हैं। भारतीय टीम टी20 विश्व कप 2024 में अपने अभियान की शुरुआत 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगी।

# बेंगलुरु की लगातार छठी हार, रोमांचक मुकाबले में कोलकाता ने एक रन से हराया

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आईपीएल 2024 के 36वें मैच में एक रन से जीत दर्ज की है। इसी के साथ ही अब आरसीबी की प्लेऑफ की उम्मीदें भी खत्म होती आ रही हैं क्योंकि यह उनकी छठी हार थी। फिल सॉल्ट की आक्रामक शुरुआत के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ छह विकेट पर 222 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में शानदार बल्लेबाजी के बावजूद विल जैक्स (55) और रजत पाटीदार (52) के अर्धशतकों के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा।

पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सॉल्ट और सुनील नारायण (10) ने एक बार फिर टीम को तूफानी शुरुआत दिलाते हुए चार ओवर में 55 रन जोड़ दिये। इस दौरान सॉल्ट ज्यादा आक्रामक दिखे। उन्होंने पहले ओवर में सिराज का छक्के से स्वागत करने के बाद चौथे ओवर में फर्ग्यूसन के खिलाफ दो छक्के और चार चौके की मदद से 28 रन बटोरे। सिराज ने पांचवें ओवर में हालांकि उनकी आतिशी पारी को खत्म कर टीम को बड़ी सफलता दिलाई। अगले ओवर में नारायण दयाल की गेंद को हवा में लहराकर विराट कोहली को कैच दे बैठे।

वेंकटेश अय्यर ने क्रीज पर आते ही दो चौके जड़े लेकिन दयाल ने अंगकृष रघुवंशी को आउट कर ओवर में दूसरी सफलता दर्ज की। पावर प्ले के बाद केकेआर का स्कोर तीन विकेट पर 75 रन था। कप्तान श्रेयस अय्यर ने फर्ग्यूसन और कर्ण शर्मा पर चौके के साथ हाथ खोला तो वहीं नौवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये ग्रीन की शॉट गेंद को वेंकटेश लांग लेग की दिशा में खड़े महिपाल लोमरोर के हाथों में खेल गये। इसी ओवर में रिंकू सिंह के चौके से केकेआर ने रनों का शतक पूरा किया। श्रेयस के साथ कुछ ओवरों तक संभल कर बल्लेबाजी करने के बाद रिंकू ने कर्ण की गेंद को दर्शकों के पास भेजा लेकिन वह दयाल की धीमी गेंद से सामंजस्य नहीं बिठा सके और 16 गेंद में 24 रन बनाकर आउट हो गए।




श्रेयस ने इसी बीच कर्ण के खिलाफ स्विच हिट पर शानदार चौका जड़ने के बाद 17वें ओवर में दयाल के खिलाफ छक्का और चौका लगाकर 35 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में ग्रीन की गेंद पर डुप्लेसी को कैच थमा बैठे। रसेल ने ओवर का समापन चौके से किया तो वहीं रमनदीप ने 19वें ओवर में सिराज के खिलाफ लगातार दो छक्के और चौका लगाकर केकेआर के स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया।

# नौकायन में बलराज को मिला पेरिस ओलंपिक टिकट

चुंगजू । भारत के बलराज पंवार ने एशियाई और ओसनियाई रोइंग ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल्स (एम1एक्स) स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। इस जीत के साथ ही बलराज ने ओलंपिक टिकट भी हासिल कर लिया है। वह नौकायन से ओलंपिक टिकट हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। बलराज ने दक्षिण कोरिया के चुंगजू में आयोजित स्पर्धा में हीट में 7-17.87 और सेमीफाइनल में 7-16.29 का समय निकालकर फाइनल में जगह बनायी। बलराज इस स्पर्धा में 7-01.27 का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं कजाकिस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव ने 6-59.46 का समय निकालकर स्वर्ण जबकि इंडोनेशिया के मेमो ने 6-59.74 का समय निकालकर रजत पदक अपने नाम किया। इसके अलावा अरविंद सिंह और उज्जवल कुमार ने भी पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स (एलएम2एक्स) में कांस्य पदक हासिल किया। इस स्पर्धा में केवल शीर्ष दो खिलाड़ियों को ही पेरिस ओलंपिक के लिए टिकट मिला। अरविंद और अर्जुन लाल ने फाइनल रेस में 6-30.11 का समय निकलकर पहले रेपेचेज के जरिए फाइनल में स्थान बनाया।



# आईपीएल में 300 रन भी बनने हुए दिखें तो कोई हैरानी नहीं होनी चाहिये : कार्तिक



कोलकाता । अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा है कि जिस प्रकार से सनराइजर्स हैदराबाद के साथ ही कुछ अन्य टीमों के बल्लेबाज आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं। उससे आने वाले दिनों में 300 रन भी बनने हुए दिखें तो कोई हैरानी नही होनी चाहिये। कार्तिक के अनुसार अब बल्लेबाजों के मन में गेंदबाजों का डर नहीं रहा है। आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर सनराइजर्स हैदराबाद ने इस सत्र में 287 रनों का बनाया है। ये उसने रॉयल चैलेंजर्स बेगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर ही बना दिया था। वहीं टी20 में 300 रन केवल एक बार ही नेपाल ने पिछले साल हांग्झोउ एशियाई खेलों में मंगोलिया के खिलाफ तीन विकेट पर 314 रन बनाये थे। कार्तिक ने कहा, ''मुझे लगता है कि स्कोर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। यह बहुत ऊपर आता जा रहा है। वहीं दुनिया भर में इस प्रारूप में खेले जा रहे टूर्नामेंट के इतिहास में आईपीएल के पहले 32 मैच में सबसे ज्यादा 250 रन बने हैं। इससे पता चलता है कि बल्लेबाजा अब गेंदबाजों से डर नहीं रहे हैं। साथ ही कहा कि 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम के कारण भी टीम की बल्लेबाजी आक्रामक हुई है। इस नियम से बल्लेबाजी में लाभ हो रहा है लेकिन गेंदबाजों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। युवा खिलाड़ी शॉट खेलने के लिए सीमाएं लांघ रहें और वे कुछ शानदार शॉट्स खेल रहे हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से ही ये सबसे बड़ा बदलाव आया है।

# विनेश, रीतिका और अंशु ने भारत के लिए हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

**रावलपिंडी (एजेंसी) ।** बिश्केक (किर्गिस्तान) - भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत वापसी करते हुए भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में दमदार प्रदर्शन के बूते महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया।

अंशु मलिक (57 किग्रा) और अंडर-23 विश्व चैम्पियन रीतिका (76 किग्रा) ने भी मजबूत प्रदर्शन से फाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया। भारत ने अब पेरिस ओलंपिक के लिए चार कोटे हासिल कर लिए हैं। सबसे पहले अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर 53 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल किया था।

यह देखना दिलचस्प होगा कि डब्ल्यूएफआई कोटा विजेताओं को भारत का प्रतिनिधित्व करने देता है या राष्ट्रीय कुश्ती टीम चुनने के लिए अंतिम चयन ट्रायल आयोजित करता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत ने सात पहलवानों की एक मजबूत टीम उतारी थी जिसमें चार महिलाएं सीमा बिस्ला (50 किग्रा), विनेश (53 किग्रा), अंशु (57 किग्रा) और सोनम मलिक (62 किग्रा) शामिल थीं। अभी तक किसी भी पुरुष पहलवान ने पेरिस कोटा हासिल नहीं किया है। पेरिस ओलंपिक का आखिरी विश्व क्वालीफायर तुर्की में नौ मई से खेला जाएगा।



यह 29 साल की विनेश का लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा है। उन्होंने इससे पहले रियो ओलंपिक(2016) और तोक्यो ओलंपिक (2020) में भी हिस्सा लिया था। विनेश ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात दी। उन्होंने पहले कोरियाई प्रतिद्वंद्वी मिरान चियोन को एक मिनट 39 सेकंड तक चले मुकाबले में हराया। उनकी मजबूत पकड़ का विरोधी के पास कोई जवाब नहीं था। अगले मुकाबले में उन्होंने 67 सेकंड में कंबोडिया की एसमानांग डिट को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में कजाखस्तान की 19 साल की पहलवान लौरा गानिकिजी ने उनके सामने थोड़ी चुनौती पेश की लेकिन इस भारतीय पहलवान ने अपने अनुभव का इस्तेमाल कर युवा प्रतिद्वंद्वी को मात दी। विनेश पहले पीरियड में 4-0 से आगे थी और इस टूर्नामेंट में वह पहली बार दूसरे पीरियड तक पहुंची। एक बार दबदबा बनाने के बाद विनेश को उसे हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। चयन ट्रायल जीतने के बाद विनेश 50 किलोवर्ग में खेल रही है। फाइनल में पहुंचने वाले पहलवानों को अपने देश के लिए कोटा मिलेगा।

विश्व चैम्पियनशिप 2021 रजत पदक विजेता अंशु को क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश मिला जिसमें उसने किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिम्बेकोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अंशु ने सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान की लेलोखोव सोबोईरोवा पर तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। अंडर 23 विश्व चैम्पियन रीतिका (76 किलो) ने युंजू हवांग को हराया। पहला दौर उन्होंने तकनीकी श्रेष्ठता पर जीता। इसके बाद मंगोलिया की दावानासान एंख एमार को भी इसी तरह से मात दी।

चीन की जुआंग वांग के खिलाफ आखिरी ग्रुप मुकाबले में उन्होंने 8.2 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में रीतिका ने चीनी ताइपे की हुई सिज चांग पर आसानी से 7-0 से जीत हासिल की। मानसी अहलावत (62 किलो) भी अंतिम चार में पहुंच गई जिसके लिए उन्हें महज एक मुकाबला जीतने की जरूरत थी। उन्होंने कजाखस्तान की इरिना कुजनेत्सोवा को 6.4 से हराया। सिर्फ एक भारतीय पहलवान निशा दहिया (68 किलो) सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। उन्होंने पहले दौर में उत्तर कोरिया की सोल गुम पाक को 8.3 से हराया। इसके बाद किर्गिस्तान की मीरिम जुमानाजारोवा से हार गई। तीसरे दौर में किर्गिस्तान की येलेना शालिगिना ने उन्हें हरा दिया।

# पाक ने न्यूजीलैंड को दूसरे टी20 में हराया, सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की

लाहौर । बाबर आजम की कप्तानी में उतरी पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को दूसरे टी20 मैच में हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पाक टीम ने सीरीज के दूसरे टी20 मैच में मेहमान टीम न्यूजीलैंड को 90 रनों पर ही आउट कर आसानी से जीत हासिल की। पाकिस्तान ने कीवी टीम को 90 पर आउट करने के बाद जीत का लक्ष्य 12.1 ओवर में 3 विकेट पह ही हासिल कर लिया। सीरीज का पहला टी20 मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। दूसरे टी20 मैच में तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और मोहम्मद आमिर के बाद शादाब खान और अबरार अहमद ने जबरदस्त गेंदबाजी की। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। युवा सलामी बल्लेबाज सैम अयूब 4 रन बनाकर ही आउट हो गये। इसके बाद कप्तान बाबर आजम भी विफल रहे। बाबर 14 रन ही बना पाये। इसके बाद मोहम्मद रिजवान और युवा इरफान खान ने अच्छी साझेदार कर अपनी टीम को जीत दिलायी। रिजवान ने 34 गेंदों पर नाबाद 45 रन बनाए जबकि इरफान खान 18 रन नाबाद रहे। वही कीवी टीम की ओर से बेन लिस्टर, माइकल ब्रेसवेल और ईश सोढ़ी ने एक एक खिलाड़ी को आउट किया। इस मैच में पाक ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। मेहमान टीम 18.1 ओवर में ही 90 रनों पर ही आउट हो गयी। मार्क चैपमैन ने सबसे ज्यादा 19 रन बनाये जबकि कोले मैककोंची ने 13 रन बनाए। न्यूजीलैंड की शुरआत अच्छी नही रही। सलामी बल्लेबाज ओपनर टिम सेइफर्ट शुरआत में ही पेवेलियन लौट गये। इसके बाद उसके विकेट एक के बाद एक गिरते चले गये।

# शमी ने वीडियो जारी कर कहा, उन्हें जल्द टीम में वापसी की उम्मीद

नई दिल्ली । अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टखने की सर्जरी के बाद अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया का वीडियो साझा कर जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद जाहिर की। शमी ने दर्द के बावजूद पिछले साल वनडे विश्व कप में भाग लिया था। वह 24 विकेट चटकाकर टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल मैच के बाद से चोट के कारण शमी खेल से दूर है। उन्हें इस साल फरवरी में सर्जरी करानी पड़ी। शमी ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, '' चोट आपको परिभाषित नहीं करती, आपकी वापसी आपको परिभाषित करती है। मैं अपनी टीम के साथ जुड़ने का इंतजार कर रहा हूं।'' विश्व कप के बाद से शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला, दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद घरेलू सरजमी पर अफगानिस्तान (टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला) और इंग्लैंड (टेस्ट श्रृंखला) के खिलाफ खेलने से चूक गए। टखने की सर्जरी के कारण वह आईपीएल के मौजूदा सत्र से बाहर है। शमी ने गुजरात टाइटंस के लिए पिछले दो सत्र (2022 और 2023) में 33 मैचों में 48 विकेट लिये हैं।



# अगले चार महीनों में वजन प्रबंधन करना चुनौती होगी: विनेश फोगाट

**कोलकाता (एजेंसी)।** बिश्केक - ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाये रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाये अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया।

विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही। इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया। विनेश लंबे समय से इसी भार वर्ग में चुनौती पेश करते रही है। देश की सबसे सफल महिला पहलवान के पास ओलंपिक कोटा सुनिश्चित करने के लिए वजन वर्ग बदलने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में कोटा सुनिश्चित करने के बाद कहा, 'मुझे अपने वजन को बेहतर तरीके से प्रबंधित करना होगा। मैंने इतने लंबे समय के बाद अपने वजन को कम कर 50 किलो तक किया है इसलिए मैं इसे जितना संभव हो उतना बनाए रखने की कोशिश करूंगी।' इस 29 साल की पहलवान ने कहा, 'मेरी मांसपेशियां मजबूत हैं, इससे मेरा वजन जल्दी बढ़ जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं कितनी फिट हूं, फिर भी मेरा वजन बढ़ता है। मैं सिर्फ अपना वजन नियंत्रित करना चाहती हूं। मेरे पास चार महीने बचे हैं और हर दिन बहुत महत्वपूर्ण है।' विनेश ने कहा, 'मैंने वजन में बदलाव इसलिए किया क्योंकि मेरे पास कोई विकल्प नहीं था। मैंने अपनी खुशी से ऐसा नहीं किया। मैंने 50 किग्रा वर्ग में अपने देश के लिए कोटा जीता। मुझे खुशी है कि मैं ओलंपिक में जा सकती हूं। मैं 50 किग्रा वर्ग में जाऊंगा या 53 किग्रा वर्ग में, यह ट्रायल में तय होगा, लेकिन जो भी हो, मैंने अपने देश के लिए कोटा जीता है।' विनेश को इससे पहले रियो और तोक्यो ओलंपिक में निराशा का सामना करना पड़ा है। लेकिन वह अब हर हाल में ओलंपिक पदक के सपने को पूरा करना चाहती है। उन्होंने कहा, 'मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना चाहती हूं। मुझे कुश्ती करते हुए 20 साल हो गए हैं। मुझे बस ओलंपिक पदक चाहिए। हर कोई इसके लिए काम कर रहा है।' विनेश ने दावा किया था कि वह अवसाद से जूझ रही थीं और यहां तक कि वह कोविड-19 की चपेट में भी आ गई थीं और तत्कालीन डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ लंबे समय तक विरोध और कानूनी लड़ाई के कारण मानसिक दबाव काफी बढ़ गया था। इन सब के बावजूद वह बिश्केक में कोटा जीतने में सफल रही। उन्होंने कहा, 'यह कठिन था लेकिन जब आप जीतते हैं तो हर चीज सार्थक हो जाती है। मैं अगले चार पांच दिन शांति के साथ रह सकती हूं। मेरा मुख्य लक्ष्य ओलंपिक में पदक जीतना है। मैं वह करने की कोशिश करूंगी जो पिछले दो ओलंपिक में नहीं कर सकी। मैं इस ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन कर सकती हूं।'



# पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के बैट का वजन होता है कम, महिलाओं के बल्ले का वजन रहता है 1 किलो 100 ग्राम

नई दिल्ली । क्या आपको मालूम है कि महिला क्रिकेटरों के लिए तैयार होने वाले बल्ले का पुरुषों के मुकाबले वजन कम होता है। पुरुष के लिए तैयार होने वाले बल्ले का वजन जहां 1 किलो 200 ग्राम रहता है। वहीं महिलाओं के लिए जो बल्ले तैयार किए जाते हैं। उनका वजन 1 किलो 100 ग्राम रहता है। वहीं एक स्पोर्ट्स व्यापारी के अनुसार महिलाओं के लिए तैयार होने वाले बल्ले में वजन के साथ-साथ उसकी हाइट भी कम रहती है। उन्होंने बताया की इन बल्ले की बात की जाए तो यह 33 इंच लम्बाई वाला होता है। वहीं पुरुषों के बल्ले की लंबाई 38 इंच रहती है। एक्सपर्ट के अनुसार भले ही पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के लिए तैयार होने वाले बल्ले का वजन 100 ग्राम कम रहता हो।

## पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली को पुलिस ने ढेर कर दिया है। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ अलग-अलग मुठभेड़ों में इस साल अब तक 80 नक्सली मारे जा चुके हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशकुतुल गांव के पास एक जंगल में कई नक्सलियों के होने की सूचना मिली। सुबह करीब साढ़े पांच बजे गोलीबारी शुरु होगी। जब डीआरजी की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने कहा कि रायपुर से लगभग 400 किलोमीटर दूर स्थित केशकुतुल-केशमुंडी जंगलों में नक्सलियों के डिवीजन सप्लाई टीम कमांडर कवासी पंडारू और 15-20 अन्य कैडरों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया था। दोनों और से गोलीबारी शुरु हुई जिसमें एक नक्सली को मार गिराया। अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी रुकने के बाद घटनास्थल से एक नक्सली का शव, एक हथियार और विस्फोटक बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है। इस मुठभेड़ से पहले सुकमा में दो इनामी समेत तीन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर किया था। आत्मसमर्पण करने वालों में एक महिला नक्सली भी है जो पूर्व में एसजेडसीएम बारसे देवा की गार्ड रही है। समर्पण करने वालों में एक लाख का इनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष कवासी हुंगा, नुप्पो भीमा मिलिशिया डिप्टी कमांडर शामिल है।

## शराब घोटाला मामले में ईडी ने छग के पूर्व आईएएस अधिकारी को किया गिरफ्तार

रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी देते बताया कि ईडी ने 2003 बैच के अधिकारी को शनिवार को रायपुर में आर्थिक अपराध शाखा और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय से हिरासत में ले लिया जहां अधिकारी अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा उसी मामले में अपना बयान दर्ज करने गए थे। सूत्रों ने कहा कि अनिल टुटेजा को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावि ?धानों के तहत हिरासत में लिया गया है और उनकी रिमांड की मांग करते हुए कोर्ट के सामने पेश किए जाने की संभावना है। अनिल टुटेजा पिछले साल ही अपने पद से रिटायर्ड हुए थे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में आयकर विभाग की शिकायत पर आधारित अपनी पिछली एफआईआर को रद्द करने के बाद ईडी ने कथित शराब घोटाला मामले में एक नया मनी लॉन्ड्रिंग मामला दर्ज किया था। ईडी ने आरोप लगाया था कि छत्तीसगढ़ में बेची गई शराब की हर बोतल से अवैध रूप से धन जमा किया गया है और रायपुर मेयर के बड़े भाई के नेतृत्व में शराब सिंडिकेट द्वारा 2,000 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार और धनशोधन के सबूत मिले हैं। इसी के तहत ईडी ने यह कार्रवाई की है।

## मणिपुर में 22 अप्रैल को दोबारा होगी वोटिंग

### – 11 मतदान केंद्रों पर पड़ेगे वोट

इम्फाल । मणिपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने घोषणा की है कि मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर दोबारा वोटिंग की जाएगी। 22 अप्रैल को दोबारा वोटिंग कराई जाएगी। बता दें ?कि निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को इन मतदान केंद्रों पर हुई वोटिंग को अमान्य घोषित करने और दोबारा से मतदान कराने को कहा था, इसके बाद ही ये फैसला आया है मणिपुर निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यहां के खुरई निर्वाचन क्षेत्र के मोइरंगकम्पु साजेब और थोंगम लीकाई, क्षेत्रीगाओ के 4, इंफाल पूर्वी जिले के थोंगजू में 1, उरीपोक में 3 और इंफाल पश्चिम जिले के कोंथौजम में 1 मतदान केंद्रों पर दोबारा से वोट डाले जाएंगे। 19 अप्रैल को हुई वोटिंग के दौरान जातीय संघर्ष के चलते तनाव ग्रसित चल रहे मणिपुर के इन केंद्रों से गोलीबारी, धमकी देने और कुछ बूथों पर ईवीएम में तोड़-फोड़ करने जैसे मामले दर्ज हुए थे। मणिपुर की दो लोकसभा सीट इनर मणिपुर और आउटर मणिपुर के लिए शुक्रवार 19 अप्रैल को लोकसभा के पहले चरण में मतदान हुआ था, इस दौरान 72 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। मणिपुर में वोटिंग के दौरान हुई घटनाओं के मद्देनजर कांग्रेस ने मणिपुर के 47 मतदान केंद्रों पर फिर से वोटिंग कराए जाने की मांग की थी।

## भाजपा अकेले ही जीतेगी 350 सीटें, जाने माने अर्थशास्त्री ने लोकसभा चुनाव को लेकर की भविष्यवाणी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो चुका है। कम मतदान ने राजनीतिक दलों और आयोग को चिंता में डाल दिया है लेकिन, दूसरे चरण में सभी राजनीतिक दल और उनके नेता बंपर वोटिंग की उम्मीद लगाए हुए हैं। इस बीच जाने माने अर्थशास्त्री ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा की बड़ी जीत की भविष्यवाणी की है। उन्होंने दावा किया कि इस बार भाजपा को 330 से 350 सीटें मिल सकती है। इतना ही नहीं भाजपा तमिलनाडु जैसे राज्य में 5 सीट हासिल कर सकती है। अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला ने अपनी नई किताब हाउ वी वोट का विमोचन किया, ने एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा कि भाजपा को इस आम चुनाव में 330 से 350 सीटें मिल सकती हैं। उन्होंने दावा किया भाजपा अपने दम पर 330 से 350 सीटें जीत सकती है। यहां उन्होंने सिर्फ भाजपा की बात की एनडीए की नहीं। सुरजीत की भविष्यवाणी के मुताबिक 2024 के चुनाव में भाजपा को 5 से 7 फीसदी ज्यादा सीटें मिल सकती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को 44 सीटें मिल सकती हैं। भल्ला ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के साथ समस्या नेतृत्व की है। यह सच है कि अर्थव्यवस्था सबसे ज्यादा मायने रखती है, लेकिन नेतृत्व भी दूसरे नंबर पर आता है और इन दोनों पक्षों में भाजपा की स्थिति मजबूत है। अगर विपक्ष एक ऐसे नेता का चयन कर लेता जो पीएम मोदी तुलना में आधी भी अपील करता तो हो सकता था कि इस बार का चुनाव रोचक और कड़ा हो सकता था।

## भारत में महिलाओं की लाइफ लाइन हुई बेहतर.....68 से 71 हुई उम्र

नई दिल्ली । भारत की आबादी लगातार बढ़ रही है। कुछ समय पहले भारत ने चीन को भी मामले में पछाड़ दिया है। रिपोर्ट्स की मानें हर साल देश की आबादी 1 प्रतिशत बढ़ रही है। अब यूएनएफपीए ने रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बताया गया है कि भारत की अब डेढ़ अरब पहुंच गई है। वहीं महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। इसमें बताया गया है कि महिलाओं की जीवन प्रत्याशा में लगभग साढ़े तीन साल की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 साल और महिलाओं की 74 साल है। साल 2020 तक पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 67.8 और महिलाओं की 70.4 साल थी। भारत की आबादी 144.17 करोड़ तक पहुंच गई है। जनसंख्या का आंकड़ा अगले 77 सालों में बढ़कर दोगुना होगा। साल 2050 तक भारत में दुनिया के 17 फीसदी बुजुर्ग होंगे। अभी देश में 65 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग 7 प्रतिशत से कम हैं। दुनिया में अनुमानित आबादी के साथ भारत सबसे आगे है, जबकि चीन 142.5 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर है। 2011 में पिछली जनगणना में देश की आबादी 121 करोड़ थी। इतना ही नहीं भारत में यौन संबंधों को लेकर भी जागरूकता आई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में अब 30 सालों में प्रजनन स्वास्थ्य बेहतर हुआ है। मातृ मृत्यु (प्रेग्नेंसी के समय मौत) में कमी आई है। दुनिया में ऐसी मौतों में भारत का हिस्सा 8 प्रतिशत है। इसका सारा श्रेय सस्ता, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को दिया जा रहा है। 2006-2023 में भारत में 23 प्रतिशत बाल विवाह भी हुए हैं। वहीं रिपोर्ट में कहा गया है कि 25 प्रतिशत महिलाएं यौन संबंध बनाने से मना नहीं कर पाती है, जबकि 10 में से एक महिला गर्भनिरोधक उपायों के बारे में खुद निर्णय लेने में असमर्थ हैं।

## महावीर जयंती पर खड़गे, राहुल और प्रियंका ने देशवासियों को दीं शुभकामनाएं

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने महावीर जयंती पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए इस पवित्र पर्व पर सबकी खुशहाली की कामना की है। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने शुभकामनाएं देते हुए कहा, कि भगवान महावीर का जीवन और शिक्षाएँ हमें दयालु और सरल बनने के लिए प्रेरित करती हैं। उनकी शिक्षाएँ हमें खुशी, संतुष्टि और निःस्वार्थता के जीवन का मार्ग दिखाती हैं।

# पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने कहा था- भ्रष्टाचार समाज के लिए एक कैंसर है

### – सिसोदिया की जमानत पर सीबीआई के वकील ने कोर्ट को बताया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एक कोर्ट में चल रहे दिल्ली शराब घोटाला में सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला 30 अप्रैल तक के लिए सुरक्षित रख लिया।

सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि आप नेता मनीष सिसोदिया ने जमानत के लिए ट्रिपल टेस्ट को पूरा नहीं किया है। सीबीआई ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि वह एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं। वे जारी जांच में बाधा डाल सकते हैं। सीबीआई की ओर से पेश वकील पंकज गुप्ता ने कहा कि मनीष सिसोदिया ट्रिपल टेस्ट को पूरा नहीं कर रहे हैं। वह आप में बहुत शक्तिशाली पद पर हैं और दिल्ली सरकार के उपमुख्यमंत्री थे, सीबीआई ने कोर्ट को बताया जिस दिन उन पर केस दर्ज हुआ उसी दिन उन्होंने अपना मोबाइल फोन नष्ट कर दिया था। वह दस्तावेजों को गायब करने में भी शामिल हैं, क्योंकि पुराने कैबिनेट नोट वाली फाइल में से एक अब भी गायब है।

सीबीआई के वकील ने कहा कि सिसोदिया समानता के आधार पर जमानत के लिए योग्य नहीं हैं क्योंकि वह मुख्य आरोपी हैं। वकील ने उन्हें साजिश का मास्टरमाइंड बताते हुए कहा कि यह मनीष सिसोदिया निर्देश पर आधारित था कि अपराध किया गया था। पूरा समुदाय आर्थिक अपराधों का खामियाजा भुगत रहा है। इस दौरान सीबीआई के वकील ने कांग्रेस सरकार के पूर्व पीएम का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था, भ्रष्टाचार समाज के लिए एक कैंसर है। सीबीआई और ईडी का आरोप है कि दिल्ली शराब घोटाले को संशोधित करते समय अनियमितताएं बरती गईं, शराब के लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया और सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना लाइसेंस दिए गए। कोर्ट 30 अप्रैल को जमानत पर फैसला सुनाएगी।

## कैफे ब्लास्ट मामले में कई खुलासे-पाकिस्तान कनेक्शन भी आ रहा सामने

बेंगलुरु । रामेश्वरम कैफे में हुए ब्लास्ट के मामले में अभी पूरी तरह पर्दाफास नहीं हुआ है। लेकिन जांच एजेंसियों को नए नए आउटपुट मिल रहे हैं। एजेंसियां अब आरोपियों के ऑनलाइन हैंडलर की पहचान करने की कोशिश कर रही हैं, जिसका कोडनेम कर्नल है। अब्दुल मथीन ताहा को इस अटैक का मेन प्लानर और मुसाविर हुसैन शाजिब को हमलावर बताया जा रहा है। अधिकारियों को संदेह है कि कर्नल इन दोनों से संपर्क में था जो 2019-20 में आईएस अल-हिंद मॉड्यूल से जुड़े थे। माना जाता है कि कर्नल दक्षिण भारत में कई युवाओं के संपर्क में था। उसने क्रिप्टो-वॉलेट के जरिए धन भेजा। साथ ही धार्मिक संरचनाओं, हिंदू नेताओं और प्रमुख स्थानों पर हमले के लिए प्रेरित करने का काम किया। सीनियर अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, नवंबर 2022 में मंगलुरु ऑटोरिक्शा विस्फोट के बाद कर्नल नाम के हैंडलर के बारे में जानकारी मिली। वह मध्य-पूर्व में कहीं से काम करता है। ऐसा हो सकता है कि वह अबू धाबी में हो। जांच एजेंसियां आईएस समूह के छोटे मॉड्यूल बनाकर आतंकी गतिविधियों में पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी आईएसआई के साथ कर्नल की मिलीभगत से इनकार नहीं कर रही हैं। मालूम हो कि आईएसआई ने पहले भी भारत में आतंकी मॉड्यूल को आईएस के गुर्गों से बढ़ावा देने का काम किया है, जैसे कि अक्टूबर में राजधानी दिल्ली में तीन आईएसआई-स्पॉन्सर्ड आईएस मॉड्यूल सदस्यों की गिरफ्तारी हुई थी। आतंकवाद-रोधी एजेंसी ने 1 मार्च के विस्फोट का मामला अपने हाथ में लिया था। बम विस्फोट के इस मामले में लगभग 10 लोग बम से घायल हुए थे। दोनों संदिग्धों की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मथीन ताहा के रूप में की गई है। शिवमोग्गा जिले के तीर्थहल्ली का रहने वाला मुसाविर हुसैन शाजिब इस हमले का मास्टरमाइंड है और उसी ने इस धमाके को अंजाम दिया था।

# स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए तो भाजपा आसानी से केंद्र की सत्ता में वापस नहीं आने वाली : मायावती

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को इलेक?ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर संदेह जाहिर करते हुए दावा किया कि अगर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए तो इस बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। बसपा प्रमुख ने रविवार को अमरोहा में पार्टी उम्मीदवार मुजाहिद हुसैन और गाजियाबाद में नंदकिशोर पुंडीर के समर्थन में अलग-अलग जनसभाओं को संबोधित किया। बसपा प्रमुख ने अमरोहा में भाजपा पर मुसलमानों के उत्पीड़न और गाजियाबाद में पश्चिमी उप्र में क्षत्रियों को टिकट न देकर उनकी उपेक्षा का आरोप लगाया।

मायावती ने कांग्रेस, भाजपा और इनके अन्य सभी सहयोगी दलों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ''आजादी के बाद केंद्र और राज्यों में सत्ता ज्यादातर कांग्रेस के हाथों में रहीं, लेकिन अधिकांश मामलों में गलत नीतियों के कारण उसे केंद्र तथा राज्यों की सत्ता से बाहर होना पड़ा।'' भाजपा पर कांग्रेस की राह पर चलने का आरोप लगाते हुए बसपा प्रमुख ने कहा, '' पिछले कई वर्षों से भाजपा और उनके सहयोगी दल केंद्र तथा राज्यों की सत्ता में काबिज हैं लेकिन इनकी जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण, सांप्रदायिक, द्वेष पूर्ण नीतियों, कार्यप्रणाली और इनकी कथनी तथा करनी में अंतर होने के कारण लगता है कि इस बार भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली।''




उन्होंने कहा, '' बशर्ते अगर चुनाव इस बार स्वतंत्र और निष्पक्ष हुए और ईवीएम में गड़बड़ी नहीं की गई।'' मायावती ने कहा, '' वैसे भी इस बार चुनाव में इनकी (भाजपा) पुरानी और नयी नाटकबाजी, जुमलेबाजी, गारंटी आदि काम नहीं आने वाले क्योंकि अब देश की जनता इन्हें समझ चुकी है।'' उन्होंने आरोप लगाया, '' इनकी (भाजपा) पार्टी ने देश के गरीब, कमजोर तबकों व अन्?य मेहनतकश लोग जिनसे उन्होंने अच्छे दिन दिखाने के वादे किये, उसका एक चौथाई कार्य नहीं किया।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, '' इनका (भाजपा) ज्यादातर समय और ताकत बड़े पूंजीपतियों, धन्नासेठों को धनवान बनाने और उन्हें छूट देने तथा बचाने में लगा।''

मायावती ने दावा किया कि अब ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी की तरह भाजपा ने केंद्र की अधिकांश जांच एजेंसियों का ''राजनीतिकरण'' कर दिया है। गाजियाबाद में बसपा उम्मीदवार नंदकिशोर पुंडीर के समर्थन में आयोजित जनसभा में मायावती ने भाजपा पर पश्चिमी उप्र में क्षत्रिय समाज की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिमी उप्र में उच?च जाति के लोग काफी तादाद में रहते हैं लेकिन दुख की बात यह है कि भाजपा व अन्य पार्टियां, जो अपने को क्षत्रिय समाज की हिमायती समझती हैं, उन्होंने इस चुनाव में क्षत्रिय समाज की उपेक्षा की है। मायावती ने कहा कि बसपा ने पश्चिमी उप्र में अन?य समाज के साथ ही क्षत्रिय समाज को पूरा पूरा आदर सम्मान दिया है और टिकट बंटवारे में उनको उचित भागीदारी दी है।

गाजियाबाद के मौजूदा सांसद व केंद्रीय मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह को टिकट न देकर भाजपा ने उप्र सरकार के पूर्व मंत्री अतुल गर्ग को टिकट दिया है। सिंह, क्षत्रिय समाज से आते हैं। मायावती ने अमरोहा से कांग्रेस के प्रत्याशी एवं 2019 में बसपा के टिकट पर जीते दानिश अली का नाम लिए बिना कहा, ''2019 में बसपा ने अमरोहा सीट से जिसे टिकट दिया, आप लोगों ने उसे जिताकर भेजा। उस व्यक्ति ने सांसद बनने के बाद न ही पार्टी और न ही क्षेत्र की जनता का मान-सम्मान का ध्यान रखा। उन्होंने जनता और पार्टी के साथ विश्वासघात किया।'' बसपा के टिकट पर अमरोहा से जीतने वाले दानिश अली को इस साल जनवरी में पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। अली बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए और कांग्रेस पार्टी के टिकट पर अमरोहा से चुनाव लड़ रहे हैं।

## एक सीट के लालच में हमें छोड़ दिया

### -उमर अब्दुल्ला डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा पर बरसे



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला इंडिया गठबंधन की सहयोगी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनकी पार्टी अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र में ऐसे मित्र के खिलाफ चुनाव लड़ रही है जो एक सीट के लिए लालची बन गया है। अब्दुल्ला ने पीडीपी के दक्षिण कश्मीर की सीट से चुनाव लड़ने पर यह बात कही।

उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर सीट पर लड़ाई भाजपा से नहीं है। दुर्भाग्य से, वहां नेशनल कॉन्फ्रेंस का मुकाबला हमारे एक मित्र से है जो कुछ दिन पहले तक हमारे साथ था। अब एक सीट के लालच में हमें छोड़ दिया। अब्दुल्ला ने श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा एनसी और पीडीपी विपक्षी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। वे पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकार डिक्लेरेशन का भी हिस्सा था जिसका गठन अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद किया गया था। एनसी की ओर से पीडीपी के लिए एक भी सीट छोड़े बिना कश्मीर घाटी में सभी 3 निर्वाचन क्षेत्रों से उम्मीदवार उतारने की घोषणा किए जाने के बाद यह गठबंधन टूट गया। पीडीपी ने तीनों सीट पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि भाजपा घाटी में संसदीय चुनाव सीधे तौर पर नहीं लड़ रही है, बल्कि वह अपनी पार्टी और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस जैसे दलों का समर्थन कर रही है। हम अच्छी तरह से जानते हैं कि भाजपा यहां किसका समर्थन करती है, लेकिन उनके जीतने की कोई संभावना नहीं है। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भगवान ने चाहा तो नेशनल कॉन्फ्रेंस सभी तीन सीट जीतेगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने एनडीए के 400 पार वाले भाजपा के दावे पर कहा कि नतीजों के बाद सब कुछ साफ हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि लद्दाख सीट उनके हाथ से फिसल रही है। उन्होंने कहा कि कल हुए मतदान के बाद ऐसा लगता है कि वे उधमपुर सीट नहीं बचा पाएंगे। देखते हैं कि जम्मू सीट पर भी क्या होगा।

## प्रधानमंत्री को अपशब्द कहने वाले झामुमो नेता ने मांगी माफी

### – एसडीओ कोर्ट ने नजरूल इस्लाम को जारी किया था नोटिस

**साहिबगंज (एजेंसी)।** पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एसडीओ की कोर्ट में पेश होकर लिखित माफीनामा पेश कर माफी मांगी है। पीएम नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता नजरूल इस्लाम ने कोर्ट में माफी मांग ली है। उन्होंने सदर एसडीओ की कोर्ट में पेश होकर लिखित माफीनामा पेश किया। नजरूल इस्लाम की पीएम पर की गई टिप्पणी के बाद बीडीओ सुबोध कुमार ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने सहित अन्य मामलों में साहिबगंज नगर थाने में केस दर्ज कराया था। इसके बाद एसडीओ कोर्ट ने उन्हें नोटिस जारी किया था। नजरूल इस्लाम शनिवार को अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचे और बयान दर्ज कराया। इसके बाद एसडीओ कोर्ट में पेश होकर लिखित में अपना पक्ष रखा। नजरूल इस्लाम झामुमो की केंद्रीय कमेटी का सदस्य हैं। बता दें 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर एक कार्यक्रम में नजरुल इस्लाम के भाषण का वीडियो वायरल हो गया था इसके बाद विवाद खड़ा हो गया था। वायरल वीडियो में वह पीएम मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे का जिक्र करते हुए नजरुल कहते हैं, मैं आप लोगों से कहना चाहता हूं कि 400 सीट नहीं, 400 फिट अंदर नरेंद्र मोदी को गाड़ दिया जाएगा। नजरूल के इस वीडियो की भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। विवाद बढ़ने पर नजरूल इस्लाम ने एक वीडियो जारी कर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था, मैं एक प्रोफेसर हूं, मुझे अच्छे-बुरे की परख है। यदि मेरे बातों से किसी को ठेस पहुंची है, तो माफी मांगता हूं। मेरा कहने का तात्पर्य था कि हम पीएम मोदी की गारंटी की 400 के अंदर गांठ बांध देंगे।

# भाजपा की सुविधा के लिए 1 जून तक कराया जा रहा मतदान: सीएम ममता बनर्जी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को लपेटे में लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय चुनाव आयोग ने पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी के लोगों को आराम देने के लिए मतदान की तारीख 1 जून तक रखी है ताकि बीजेपी के लोगों देश के संसाधनों का जमकर उपयोग कर सकें और उन्हें चुनावी प्रचार का पूरा वक्त मिले। मालदा जिले के गाजोल में टीएमसी उम्मीदवार और पूर्व आईपीएस अधिकारी प्रसून बनर्जी के समर्थन में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि 19 अप्रैल से 1 जून तक चुनाव निर्धारित किए गए हैं ताकि मोदी और उनके कैबिनेट सहयोगी विशेष विमानों से यात्रा कर सकें और जमकर प्रचार कर सकें। देश में हर चरण से पहले उन्हें विपक्ष पर हावी होना है।



पश्चिम बंगाल के भाजपा और कांग्रेस सांसदों पर हमला करते हुए, बनर्जी ने आरोप लगाया कि 2019 में राज्य से चुने जाने के बावजूद, उनमें से किसी ने भी मनरेगा धन जारी करने के संबंध में राज्य का मामला नहीं उठाया। उन्होंने कहा , हमारे (टीएमसी) सांसद जब पिछले साल नवंबर में मनरेगा की धनराशि जारी करने की मांग को लेकर दिल्ली गए थे तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन कांग्रेस और भाजपा सांसदों ने गरीबों के लिए क्या किया है? कुछ भी नहीं। लेकिन, बंगाल भीख नहीं मांगेगा। मैं आपकी रॉयल बंगाल टाइगर हूं। हमें जितने अधिक सांसद मिलेंगे, उतना अधिक काम होगा। बनर्जी ने सीपीआई (एम) और कांग्रेस पर भाजपा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और लोगों से किसी भी गैर-टीएमसी उम्मीदवार को वोट नहीं देने का आग्रह किया। मैंने ही इंडिया ब्लॉक का नाम दिया था। लेकिन बंगाल में इंडिया गुट नहीं है। हमारे लिए, यह राज्य के बाहर है, अंदर नहीं। ममता बनर्जी ने आगे कहा, ÷पहले चुनाव मई तक समाप्त हो जाते थे, लेकिन इस साल, इसे 1 जून तक बढ़ा दिया गया है ताकि पीएम मोदी सैन्य विमानों पर विभिन्न स्थानों का दौरा कर सकें। जबकि, दूसरी तरफ हमें हेलीकॉप्टर अपने स्वयं की व्यवस्था से जुटाने करने के लिए कहा जा रहा है। इन हेलीकॉप्टरों को भी भाजपा नेता बुक करा रहे हैं ताकि हमें वो भी न मिल सकें। उन्होंने कहा, लोगों को चिलचिलाती गर्मी से काफी असुविधा हो रही है, लेकिन मोदी इससे बेपरवाह हैं क्योंकि वे (भाजपा नेता) सभी सुविधाओं के साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं। बनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग मोदी और उनकी पार्टी के सहयोगियों द्वारा तय की गई लाइन पर चल रहा है। बता दें कि 2019 लोकसभा चुनाव में सात चरणों का मतदान 11 अप्रैल से 19 मई तक हुआ था।

# न कांग्रेस की रणनीति समझ पा रहीं और न ही राहुल को भुला पा रहीं स्मृति?

**अमेठी (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा की जुबां पर हमेशा रहते हैं। चुनावी सभा में कोई उन्हे राहुल बाबा कहता है तो कोई शहजादा बताकर उन्हे घेरता है। जब कांग्रेस की परंपरागत सीट रही अमेठी की बात हो तो केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी इस मौके को कैसे छोड़ सकतीं हैं। वे लगातार बार बार राहुल गांधी को घेरने की कोशिश करतीं नजर आ रहीं हैं। भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी की सक्रियता ने चाहे अनचाहे राहुल को फिर से चुनावी केंद्र में ला दिया है। असल में स्मृति ने अपनी हर सभा में राहुल को निशाने पर लेकर, आरोप मढ़कर, भगोड़ा बताकर और गांधी परिवार पर तोहमत मढ़कर आम जन को राहुल रूपी सवाल सौंप दिया है। उनके इस कदम ने कहीं न कहीं अमेठी में राहुल पर नई बहस शुरू कर दी है। यह बहस किस मोड़ पर जाती है, इसका अंदाजा अभी लगाना थोड़ी जल्दबाजी होगी। लेकिन चुनावी समर में जो मैदान कांग्रेस प्रत्याशी के बिन सूना था वह अब राहुल के नाम से रोमांचित जरूर करने लगा है।

इतना सब होने के बाद भी अमेठी को लेकर कांग्रेस ने अपने पत्ते अभी तक नहीं खोले। वहां से चुनाव कौन लड़ेगा इसकी चिंता कांग्रेस से ज्यादा भाजपा कर रही है। राजनीति के जानकार बताते हैं कि अमेठी में भाजपा की स्मृति एक मजबूत प्रत्याशी हैं तो उन्हे कांग्रेस के उम्मीदवार से क्या लेना देना। वहां कोई भी खड़ा हो जाए। उन्हे तो अपने आप पर भरोसा होना चाहिए। भाजपा न तो कांग्रेस की चुप्पी के मायने समझ रही है और न ही राहुल गांधी की रणनीति। असल में 2019 में राहुल गांधी अमेठी के साथ ही केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़े। अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी से करारी हार मिली, वहीं वायनाड से जीतकर वह संसद पहुंचे। इस बार भी अभी तक राहुल वायनाड से ही मैदान में हैं। उनके अमेठी से चुनाव लड़ने पर संशय बरकरार है। यहां से कभी प्रियंका गांधी तो कभी रॉबर्ट वाड्रा के नाम की चर्चा हो रही है। समीकरण साधने के लिए स्थानीय प्रत्याशी पर भी मंथन चल रहा है। इस सब के बीच कांग्रेस कुछ भी खुलकर बोलने को राजी नहीं है। पार्टी का मौन कार्यकर्ताओं की दुविधा बढ़ाने वाला है।

राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हारे। अभी नया राजनीतिक ठिकाना वायनाड है। इस बीच अमेठी से उनका जुड़ाव करीब कट सा गया। 20 फरवरी को यहां पहुंची उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी न उल्लास नजर आया था और न ही कांग्रेस नेताओं में उत्साह। संसदीय चुनाव की रंगत के बीच जब भाजपा ने स्मृति इरानी को मैदान में उतार मोर्चेबंदी शुरू कर दी है, तो वहीं कांग्रेस में प्रत्याशी पर ही मंथन चल रहा है। हालांकि अमेठी में पांचवें चरण में 26 अप्रैल से नामांकन की शुरुआत होने वाली है। तीन माई नामांकन की अंतिम तिथि है और 20 मई को मतदान। इस सब के बीच अमेठी से दूर रहते हुए भी बीते 15 दिनों से राहुल गांधी फिर चर्चा में हैं। यह कांग्रेस की पहल नहीं, बल्कि भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी की रणनीति का ही प्रतिफल है।





नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**